* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

15 जनवरी, 2023
माघ, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 88


मकर संक्रांति पर गंगासागर में उमड़ा जन सैलाब, लाखों लोगों ने लगायी अस्था की डुबकी











## नेतरहाट घूमने जा रहे छात्रों की कार दुर्घटनाग्रस्त

# 150 फीट खाई में गिरी दो की मौत, चार घायल

- मृतक छात्र धनबाद के रहने वाले थे
- रांची में रह कर कर रहे थे सभी पढ़ाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला / बिशुनपुर।** रांची से नेतरहाट घूमने जा रहे छात्रों की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। घटना शुक्रवार देर रात गुमला जिले के बिशुनपुर थाना क्षेत्र की है। कार नेतरहाट घाटी स्थित मिलिट्री मोड़ के पास 150 फीट गहरी खाई में गिर गयी। कार में छह छात्र सवार थे। इनमें से दो की मौत हो गयी, जबकि चार छात्र गंभीर रूप से घायल हैं। मृतक दोनों छात्र धनबाद के रहने वाले थे। अन्य छात्र दूसरी जगह के हैं। ये सभी रांची में रह कर पढ़ाई कर रहे थे।

**रात में रांची से हुए थे रवाना :** जानकारी के मुताबिक धनबाद निवासी आरजू बॉस, शिवराम सत्यम, करण मंडल, प्रीतम कुमार, राहुल शर्मा और कुडू निवासी एक अन्य युवक रांची में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। सभी दोस्तों ने नेतरहाट घूमने का कार्यक्रम बनाया। सभी एक कार में सवार हो कर शुक्रवार रात को नेतरहाट के लिए रवाना हुए। रात के लगभग 12 बजे जैसे ही छात्रों की कार नेतरहाट घाटी के मिलिट्री मोड़ से आगे बढ़ी, तो तीखा मोड़ होने के कारण कार अनियंत्रित हो गयी और सीधे लगभग 150 फीट नीचे खाई में जा गिरी।



दुर्घटना में घायल छात्र को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाते रेस्क्यू टीम के सदस्य।

### छात्र ने ही दुर्घटना की दी जानकारी

जानकारी के मुताबिक कार के खाई में गिरने के बाद दो युवक किसी प्रकार कार से निकले। खाई से ऊपर चढ़ कर सड़क तक पहुंचे। इनमें से एक छात्र जो कुडू का रहने वाला है, उसने अपने परिजनों को मोबाइल पर दुर्घटना के बारे में बताया। साथ ही घटना स्थल का लाइव लोकेशन भी शेयर किया। इसके बाद परिजनों ने गुरदरी पुलिस और 108 एंबुलेंस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पुलिस और एंबुलेंस ने पहुंच कर छात्रों को रेसक्यू किया।

छात्रों को रेस्क्यू करने के बाद एंबुलेंस से रात करीब 1:30 बजे बिशुनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने धनबाद निवासी आरजू बॉस (20 वर्ष) और शिवराम सत्यम (20 वर्ष) को मृत घोषित कर दिया। घायल छात्र प्रीतम कुमार, राहुल शर्मा, करण मंडल और एक अन्य को प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया गया। अहले सुबह तक छात्रों के परिजन भी गुमला पहुंच गये।

## इलाजरत घायल भाजपा नेता की हुई मौत

# आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम की, वाहनों के शीशे तोड़े




हिमांशु रंजन /आदित्य सिंह

**पालकोट।** भाजपा नेता सुमित केसरी की इलाज के क्रम में शनिवार को रांची स्थित मेडिका अस्पताल में मौत हो गयी। सुमित केसरी की मौत की खबर सुनने के बाद पालकोट के स्थानीय लोग आक्रोशित होकर स्वतः अपनी-अपनी दुकानों को बंद कर पालकोट के मुख्य सड़क को जाम कर दिया। आक्रोशित लोगों ने कुछ वाहनों के शीशे भी तोड़े। गौरतलब है कि बीते सोमवार को भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं व्यापारी सुमित केसरी को उनके ईंट भट्ठा से अगवा कर गोली मारकर और पत्थर कूचकर बुरी तरह घायल कर दिया गया था।। सुमित का इलाज मेडिका में चल रहा था और शनिवार को उनकी मृत्यु हो गयी।

**आक्रोशित लोगों ने पालकोट में सड़क जाम की :** सुमित केसरी के मृत्यु की खबर सुनते ही स्थानीय व्यापारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर दिया। समर्थकों ने पालकोट में संजय चौक, पालकोट बस्ती, बस स्टैंड, बसिया मोड़, बधिमा, नाथपुर एवं पोजेंगा में भी जाम कर दिया। स्थानीय लोगों ने हत्यारों के अब तक गिरफ्तार होने पर नाराजगी जाहिर की। लोग हाथों में स्लोगन लिखा तख्ती लेकर सड़कों पर उतरे। तख्तियों पर सुमित केसरी को इंसाफ दो, पुलिस प्रशासन हेलमेट चेक कर उगाही करे पालकोट की जनता कैसे सुरक्षित रहे, पुलिस प्रशासन हाय हाय. जैसे स्लोगन लिखे थे। प्रदर्शनकारियों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि सुमित केसरी को गोली मारने के दूसरे दिन पालकोट थाना प्रभारी अनिल लिंडा ने 24 घंटे के अंदर अपराधियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हो सका है। गुस्साये लोगों ने बस और ट्रक का शीशा भी फोड़ दिया।

### सुमित का पार्थिव शरीर पहुंचा पालकोट

**पालकोट।** भाजपा नेता सुमित केसरी का पार्थिव शरीर देर शाम पालकोट पहुंचा। उनका अंतिम संस्कार रविवार को बनियापोड़ा में किया जायेगा। इस बीच सुमति के बड़े भाई सुनील केसरी एवं प्रशासन के बीच वार्ता हुई। बसिया के एसडीओ संजय पीएम कुजुर ने सुनील केसरी समेत अन्य लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को सरकारी प्रावधान के तहत हरसंभव पूरा किया जायेगा। प्रशासन सुमित केसरी के परिजनों के साथ है।

### ग्रामीणों ने रखी पांच सूत्री मांग

एनएच जाम कर रहे लोगो एवं भाजपा नेताओं द्वारा प्रशासन से 5 सूत्री मांग, जिसमें पहला उग्रवादियों की गिरफ्तारी एवं उद्भेदन, मृतक के परिवार का सुरक्षा व्यवस्था, मृतक की पत्नी की सरकारी नौकरी, एक करोड़ मुआवजा और मृतक के बच्चो को सरकारी सहायता आदि मांग पत्र पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को सौंपा। मौके पर जिप सदस्य सुकांति देवी, शांति देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप केसरी, गुड्डू गुप्ता,बसंत गुप्ता, मिशिर कुजुर, गोपाल प्रसाद केसरी, वंशीधर गुप्ता, पिंटू सिंह, मुखिया शांति देवी, भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा मौजूद थे।

# गडकरी को आये धमकी भरे फोन

## नागपुर ऑफिस के लैंडलाइन पर एक घंटे में आये तीन कॉल

- केंद्रीय मंत्री की बढ़ायी गयी सुरक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नागपुर स्थित ऑफिस में तीन धमकी भरे कॉल आये हैं। ये कॉल सुबह 11.25 बजे, 11.32 बजे और 12.32 बजे बीएसएनएल नेटवर्क से किये गये थे। जानकारी के मुताबिक कॉल करने वाले ने फिरौती मांगी है। इस घटना के बाद केंद्रीय मंत्री की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। उनके हर कार्यक्रम में विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

गडकरी के कार्यालय से धमकी भरे फोन की जानकारी पुलिस को दी गयी है। इसके बाद नागपुर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। नागपुर के डीसीपी राहुल मदाने ने कहा कि केंद्रीय मंत्री के कार्यालय में आये सभी कॉल्स की डिटेल निकाली जा रही हैं। इस मामले में क्राइम ब्रांच ने पड़ताल शुरू कर दी है। मंत्री की सुरक्षा भी बढ़ा दी गयी है। इसके अलावा जिस जगह पर उनका प्रोग्राम होना है, वहां भी ज्यादा सुरक्षाबल तैनात कर दिया गया है।




# राहुल की भारत जोड़ो यात्रा में हार्ट अटैक से कांग्रेस सांसद का निधन

- चौधरी संतोख सिंह जालंधर से थे सांसद



आजाद सिपाही संवाददाता

**लुधियाना।** पंजाब में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शनिवार को जालंधर से कांग्रेस सांसद चौधरी संतोख सिंह का निधन हो गया। उन्हें हार्ट अटैक आया। इसके बाद उन्हें फौरन फगवाड़ा के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने कहा कि उनकी रास्ते में ही मौत हो चुकी है। सांसद संतोख का रविवार सुबह 11 बजे उनके पैतृक गांव धालीवाल में अंतिम संस्कार किया जायेगा। उधर, राहुल ने भारत जोड़ो यात्रा रविवार तक रोक दी है। अंतिम संस्कार के बाद फिर शुरू होगी। पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर राजा वड़िंग ने कहा कि सुबह चौधरी संतोख सिंह पूरी तरह से ठीक थे। स्टेज पर नारे लगा रहे थे। मैं हाथ पकड़कर उन्हें स्टेज से नीचे लाया। वे राहुल जी के साथ चले। तमिलनाडु से सांसद ज्योति यहां आयी थीं। उनसे बात कर रहे थे। चौधरी संतोख सिंह ने कहा कि 'ज्योति हाऊ आर यू' और ऐसा कहते-कहते वे गिर गये।

# श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर पहुंचे टीम इंडिया के खिलाड़ी

## विराट कोहली ने पत्नी अनुष्का के साथ त्रिवेंद्रम बीच पर किया ब्रेकफास्ट, तीसरा वन डे आज

एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम।** तिरुवनंतपुरम में श्रीलंका के खिलाफ तीसरे वनडे से पहले टीम इंडिया के खिलाड़ी शहर के प्रसिद्ध श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर पहुंचे। इनमें टॉप ऑर्डर बैटर श्रेयस अय्यर, सूर्य कुमार यादव, बॉलर युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, ऑलराउंडर अक्षर पटेल और वॉशिंगटन सुंदर शामिल थे। इनके साथ बॉलिंग कोच पारस म्हाबरे भी मंदिर पहुंचे। श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर में खड़े होकर फोटो खिंचवाते टीम इंडिया के खिलाड़ियों का फोटो वायरल हुआ। फोटो में मंदिर के पुजारियों समेत भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी नजर आ रहे हैं। वहीं, विराट कोहली ने अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ बीच पर ब्रेकफास्ट करने का एक फोटो शेयर किया है। श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के दो मुकाबले जीतकर भारत सीरीज में 2-0 से आगे है। तीसरा वनडे रविवार को दोपहर 1:30 बजे से खेला जायेगा।



### पुजारी के साथ दिखे सूर्या

टी-20 टीम के उप कप्तान सूर्य कुमार यादव अपनी का एक फोटो मंदिर के पुजारी और एक बेटी के साथ सामने आया है। उनके अलावा मंदिर में प्रसाद लेते कुलदीप और अक्षर का फोटो भी वायरल हो रहा है। एक फोटो में चहल और अय्यर भी नजर आये।

### कोहली दिखे त्रिवेंद्रम बीच पर

भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली इस दौरान अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ त्रिवेंद्रम बीच पर नजर आए। कोहली ने शनिवार सुबह अनुष्का के साथ सोशल मीडिया हैंडल पर फोटो शेयर की। इस फोटो में वे बीच पर ब्रेकफास्ट करते नजर आये।

**अय्यर ने कोहली के साथ फोटो की थी शेयर :** तिरुवनंतपुरम पहुंचते ही बैटर श्रेयस अय्यर ने विराट कोहली के साथ अपने ट्विटर पर अकाउंट पर फोटो शेयर की थी। अय्यर की पोस्ट में 2 फोटो में थे। एक में अय्यर एयरपोर्ट से बाहर जाते नजर आये। वहीं, दूसरी फोटो में वह कोहली के साथ थे, इस फोटो में मजाकिया रिएक्शन देते दिखे।

**बीसीसीआइ ने शेयर किया था वीडियो :** तीसरे वनडे की लोकेशन तिरुवनंतपुरम पहुंचते ही भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भी एक वीडियो शेयर किया था। वीडियो में टीम इंडिया के होटल पहुंचने का नजारा दिखा। होटल स्टाफ ने सभी खिलाड़ियों का ट्रेडिशनल स्टाइल में स्वागत किया।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers | VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+ | Watch Time (HR) 11 Lakh+ | YouTube Channel | Subscribe NOW | 1 Channel



## छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान समेत छह राज्यों में भाजपा के पास नहीं है कोई बड़ा आदिवासी चेहरा

# मिशन 2023 : आदिवासियों को साधना भाजपा की सबसे बड़ी चुनौती

आजाद सिपाही विशेष

**भारत के नौ राज्यों में इस साल विधानसभा चुनाव होंगे। इनमें मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तेलंगाना, नागालैंड, मेघालय, मिजोरम और त्रिपुरा शामिल हैं। इसके अलावा जम्मू कश्मीर में भी इसी साल विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। इन सभी राज्यों में से छह राज्य ऐसे हैं, जिनमें आदिवासी वोटरों और सीटों के पास ही सत्ता की चाबी है। ये राज्य मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और पूर्वोत्तर के तीन राज्य हैं। इनमें से छत्तीसगढ़ और राजस्थान को छोड़ कर हालांकि सभी राज्यों में भाजपा सत्ता में है, लेकिन 2023 में होनेवाले चुनाव को लेकर उसकी पेशानी पर अभी से बल दिखने लगे हैं। इसका कारण बहुत स्पष्ट है कि भाजपा ने न केवल इन राज्यों में, बल्कि झारखंड में भी आदिवासियों को खासा नाराज कर रखा है। हालांकि गुजरात में हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव में भाजपा की रिकॉर्डतोड़ जीत ने इस धारणा को बहुत अधिक तक गलत साबित किया है कि आदिवासी वोटर भाजपा की बजाय कांग्रेस के साथ है, फिर भी इन छह राज्यों को लेकर भाजपा बहुत आश्वस्त नहीं दिख रही है। पूर्वोत्तर के तीन राज्यों को छोड़ भी दें, तो तीन बड़े राज्यों के साथ झारखंड में आदिवासी वोटरों को साधना भाजपा की सबसे बड़ी चुनौती साबित होनेवाली है। द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाने से लेकर आदिवासियों के सबसे बड़े नेता भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने और मानगढ़ में आदिवासियों के शहादत स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करना ही पर्याप्त साबित नहीं हो रहा है। भाजपा के मिशन 2023 के रास्ते में उत्पन्न इस चुनौती का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह**



राकेश सिंह

अभी एक महीने पहले जब भाजपा ने गुजरात विधानसभा चुनाव में रिकॉर्डतोड़ जीत हासिल की थी, तब पार्टी का शीर्ष नेतृत्व इस बात को लेकर खासा उत्साह में था कि उसने आदिवासी वोटों को कांग्रेस के छीनने में सफलता हासिल कर ली है। लेकिन एक महीने बाद ही भाजपा का यह उत्साह ढीला पड़ता दिखने लगा है। अब पार्टी को इस साल सात राज्यों में होनेवाले विधानसभा चुनावों की चिंता सताने लगी है, जहां अदिवासी वोट ही सत्ता की चाबी है।

इस साल कुल नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके अलावा जम्मू कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव कराने की तैयारी है। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, उनमें मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तेलंगाना, मिजोरम, त्रिपुरा और मेघालय शामिल हैं। इनमें से कर्नाटक, तेलंगाना और जम्मू कश्मीर को छोड़ अन्य सभी राज्यों में आदिवासी वोट निर्णायक साबित होते हैं। इन सात राज्यों के अलावा झारखंड एक ऐसा राज्य है, जहां के आदिवासी वोट भाजपा का सिरदर्द बढ़ा रहे हैं। झारखंड में 2024 में चुनाव होगा।

> **मिशन 2024 : झारखंड का रण जीतना है, तो प्रदेश कमेटी में आदिवासियों को उचित जगह देनी ही पड़ेगी**

**क्या हुआ गुजरात में:** गुजरात विधानसभा चुनाव में आदिवासी वोट बैंक ने करवट ली। इसका परिणाम यह हुआ कि आदिवासियों के लिए आरक्षित सीटों का 90 प्रतिशत भाजपा के खाते में आ गया। 2017 में आदिवासियों ने कांग्रेस को वोट दिया था, तो भाजपा को जीत के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी थी। लेकिन इस बार स्थिति बदल गयी। इसका एक कारण तो पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा नेताओं का गुजरात की आदिवासी सीटों पर अधिक ध्यान देना रहा, जबकि दूसरा कारण परिदृश्य से कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की अनुपस्थिति रहा।

**एमपी, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में क्या हो सकता है :** चुनावी राजनीति और वोटिंग पैटर्न के जानकार कहते हैं कि आमतौर पर आदिवासी वोट बैंक का रुझान पूरे देश में एक जैसा ही रहता है।



इसलिए भाजपा को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के साथ पूर्वोत्तर के तीन राज्यों को लेकर अधिक चिंता नहीं करनी चाहिए। लेकिन भाजपा जानती है कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में 2018 में उसकी हार की बड़ी वजह आदिवासी सीटों पर मिली पराजय ही थी। हालांकि मध्यप्रदेश में बाद में भाजपा ने सरकार बना ली, लेकिन चुनावी मैदान में उसे उतनी सफलता नहीं मिल सकी थी। इसलिए इस बार वह कोई रिस्क नहीं लेना चाहती। जहां तक आदिवासी आबादी का सवाल है, तो मध्यप्रदेश में 21.10 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 30.62 प्रतिशत और राजस्थान में 13.48 प्रतिशत आदिवासी जनसंख्या है। भाजपा इन राज्यों में आदिवासी समुदायों को जोड़ रही है। लेकिन इसका अनुकूल परिणाम नहीं निकल रहा है। पूर्वोत्तर के तीन राज्यों को छोड़ दिया जाये, तो इन तीन बड़े राज्यों में भाजपा का संगठन अब भी आदिवासियों के अनुकूल काम नहीं कर रहा है। पार्टी संगठन में आदिवासी चेहरों की कमी की वजह से आम आदिवासी पार्टी से दूर-दूर नजर आ रहे हैं।

**भाजपा की राह में मुश्किल:** हालांकि पिछले साल पीएम मोदी ने आदिवासियों के सबसे बड़े नेता भगवान बिरसा मुंडा की जयंती, 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का एलान कर भाजपा को आदिवासियों के करीब लाने की जो कोशिश की थी, उसका कुछ सकारात्मक परिणाम जरूर निकला। इसी तरह जब भाजपा ने द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में उतारा, तभी से राजनीतिक गलियारों में इसको लेकर चर्चा होने लगी थी कि अन्य पिछड़े वर्ग में अपनी पैठ बनाने के बाद अब संगठन आदिवासियों को अपनी राजनीति के केंद्र में लाना चाहता है। इसके बाद पिछले एक नवंबर को पीएम मोदी ने मानगढ़ का दौरा कर खुद को आदिवासियों का सबसे बड़ा हितैषी साबित कर दिया है। इसके बावजूद अब भी आदिवासी समुदाय के साथ भाजपा की दूरी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है।

**झारखंड की स्थिति बहुत अलग नहीं है:** कभी भाजपा का गढ़ कहे जानेवाले झारखंड की स्थिति भी ठीक नहीं है। यहां के आदिवासी कभी भाजपा के साथ थे, लेकिन 2019 के विधानसभा चुनाव में वे भाजपा से बिदक गये। इसलिए यह गढ़ पूरी तरह ध्वस्त हो गया। इसका कारण यह रहा कि 2014 से 2019 के बीच भाजपा की सरकार ने आदिवासियों के लिए ऐसा कोई काम नहीं किया, जिसका प्रचार किया जा सकता था। इसका परिणाम यह हुआ कि राज्य विधानसभा में आदिवासियों के लिए आरक्षित 28 सीटों में से 26 पर भाजपा हार गयी। आज झारखंड भाजपा की हालत यह है कि इसके पास बाबूलाल मरांडी को छोड़ कर कोई ऐसा आदिवासी चेहरा नहीं है, जिसकी पहचान पूरे राज्य में है। यहां तक कि प्रदेश भाजपा के प्रमुख पदों में से आदिवासियों को केवल दो पद दिये गये हैं। प्रदेश कमिटी में नीलकंठ सिंह मुंडा और गंगोत्री कुजूर को उपाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि तीन महासचिव, सात सचिव और सात प्रवक्ता में से एक भी आदिवासी नहीं है। सत्ता से हटने के बाद पिछले तीन साल में झारखंड भाजपा ने आदिवासियों के लिए ऐसा क्या काम किया है, जो उसे दोबारा आदिवासियों के करीब ला सके, जैसे पीएम मोदी और अमित शाह ने 2018 के बाद गुजरात में किया था, जिसका परिणाम इस बार यह हुआ कि वहां की 27 में से 24 आरक्षित सीटें भाजपा की झोली में आ गयीं। इसलिए कहा जा रहा है कि यदि भाजपा अब भी नहीं चेती, तो उसके लिए झारखंड में लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मुश्किल हो सकती है।

**भाजपा ने बदली है रणनीति:** यह सही है कि भाजपा ने अपने काम करने के तरीकों में पिछले कुछ सालों के अंदर काफी बदलाव लाये हैं। पार्टी उस छवि से बाहर आ रही है, जिसमें उसे सिर्फ 'उच्च जाति' या 'बनियों की पार्टी' के रूप में देखा जाता था। पार्टी अब हर वर्ग में अपनी पैठ बनाने की कोशिश कर रही है। पहले वह सिर्फ बनियों या उच्च वर्ग की पार्टी कहलाती थी। इस पर उस वर्ग की पार्टी का तमगा लगा हुआ था, जिनको आदिवासियों का शोषण करने वालों की तरह देखा जाता रहा था। फिर संगठन ने अन्य पिछड़ा वर्ग के बीच पैठ बनायी और अब आदिवासियों के बीच जा रही है। लेकिन ऐसा लग रहा है कि यह पर्याप्त नहीं है। भाजपा को आदिवासियों को साधने के लिए अब युद्धस्तर पर काम करना होगा। पार्टी के दूसरे सबसे बड़े नेता अमित शाह ने पहले मणिपुर, फिर चाईबासा और उसके बाद छत्तीसगढ़ का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी आदिवासियों को एक बार फिर अपनी तरफ खींचने के लिए क्या रणनीति बनाती है।

---

## ट्वीट :

### हेमंत सोरेन :



जाने-माने सर्जन डॉ हीरालाल साहा जी के निधन की खबर से स्तब्ध हूं। उनका चले जाना मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉ हीरालाल जी ने आदरणीय बाबा पर भी एक पुस्तक लिखी थी। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

### बाबूलाल मरांडी :



हेमंत सोरेन जी अंततः अपराधियों की बर्बरता के शिकार भाजपा कार्यकर्ता, पालकोट के सुमित केशरी जिंदगी की जंग हार गये। अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण करने में विफल आपकी सरकार पर एक और बदनुमा दाग लग गया है। सुमित के परिजनों के साथ भारतीय जनता पार्टी पूरी मजबूती के साथ खड़ी है। एक निष्ठावान कार्यकर्ता का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। मुख्यमंत्री जी सुमित के हत्यारों को जल्द से जल्द पकड़कर फांसी की सजा दिलवाइये। नहीं तो अब मजबूरी में भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता को सड़क पर उतरना पड़ेगा।

### सरयू राय :



विकास कुमार के शरीर पर दिख रही चोट के निशान तुपुदाना, रांची के थाना प्रभारी पर आपराधिक मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त है। पर वर्तमान व्यवस्था में उनका कुछ बिगड़ेगा नहीं! वे 2015 से अब तक के उस समूह के क्रियाकलापों की राजदार हैं जो पुलिस तंत्र पर तब भी प्रभावी था, अब भी प्रभावी है।

---

# पश्चिम सिंहभूम : पुलिस ने नक्सलियों के पोस्टर किये जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम पुलिस ने कुख्यात नक्सलियों को पकड़ने के लिए अब आम लोगों का सहारा लेने का निर्णय लिया है। इसी को देखते हुए पश्चिमी सिंहभूम के चाइबासा नक्सल थाना क्षेत्र में भाकपा (माओ) के इनामी और वांछित नक्सलियों के नाम/फोटो सहित बैनर लगाया गया है। पुलिस ने इस पोस्टर में अपने कई नंबर जारी करते हुए आम लोगों को इनके बारे सूचना देने की अपील की है।

## सूचना देने पर मिलेगी पुरस्कार राशि

पुलिस की ओर से लगाये गये पोस्टर में बताया गया है कि नक्सलियों के संबंध में या अन्य कोई सूचना हो, तो बैनर में दिये हुए नंबरों पर सूचित करें। पश्चिमी सिंहभूम पुलिस ने यह भरोसा भी दिलाया है कि नक्सलियों की जानकारी या उनसे संबंधित किसी तरह की जानकारी देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जायेगी। साथ ही दी गयी जानकारी पर पुरस्कार राशि भी दी जायेगी।

> मिसिर बेसरा, अनल दा जैसे एक करोड़ के इनामी नक्सलियों की दें जानकारी, पुलिस नाम गुप्त रखते हुए देगी पुरस्कार राशि

## इनके नाम की लगी है पोस्टर

पश्चिमी सिंहभूम पुलिस की ओर से दो पोस्टर अलग-अलग जगहों पर लगाये गये हैं। इन पोस्टर में एक करोड़ के इनामी नक्सली प्रधान दा उर्फ मिसिर बेसरा, रमेश दा उर्फ अनल दा, मनोज दा उर्फ आकाश दा और पोलित ब्यूरो के प्रमोद मिश्रा की तस्वीर लगायी है। साथ ही 15 से 25 लाख के इनामी वीर सिंह उर्फ चमन दा, सुशील उर्फ अनमोल दा, बुधराम दा उर्फ अजय महतो, टेक विश्वनाथ उर्फ संतोष के भी पोस्टर लगाये हैं। वहीं 16 ऐसे नक्सलियों के पोस्टर लगाये हैं, जिन पर 10 लाख से 15 लाख तक का इनाम रखा गया है।

## पोस्टर में 11 महिला नक्सलियों की भी तस्वीरें

पुलिस की ओर से जारी पोस्टर में 11 महिला नक्सलियों की तस्वीरें भी हैं। ये वो महिला नक्सली हैं, जिन्हें पुलिस हार्डकोर नक्सली मानती हैं। इन महिला नक्सलियों में बाहामुनी उर्फ रिंकी, रीता, अनुशा, सुकरी, जोबा उर्फ पूनम दी, वर्षा उर्फ पुष्पा दी, बबिता, मालती, माला दी उर्फ अमिता, निर्मला, सालमी उर्फ पारूल के अलावा 21 पुरुष हार्डकोर नक्सली के नाम शामिल हैं। पश्चिमी सिंहभूम पुलिस ने कुख्यात नक्सलियों को पकड़ने के लिए अब आम लोगों का सहारा लेने का निर्णय लिया है। इसी को देखते हुए पश्चिमी सिंहभूम के चाइबासा नक्सल थाना क्षेत्र में भाकपा (माओ) के इनामी और वांछित नक्सलियों के नाम/फोटो सहित बैनर लगाया गया है। पुलिस ने इस पोस्टर में अपने कई नंबर जारी करते हुए आम लोगों को इनके बारे सूचना देने की अपील की है।

---

## राज्यपाल रमेश बैस बनेंगे निक्षय मित्र

# टीबी के 200 मरीजों को लेंगे गोद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2025 तक भारत से टीबी उन्मूलन का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान (पीएमटीबीएमबीए) के तहत सामुदायिक जुड़ाव पर विशेष जोर दिया जा रहा है। व्यक्तियों व संगठनों को पोषण और नैदानिक सहायता के लिए रोगियों को गोद लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों के अनुसार सभी देशों ने 2030 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य तय किया है, लेकिन भारत सरकार ने वर्ष 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा है और इस संकल्प को पूरा करने के लिए प्रत्येक स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं। इस अभियान की शुरुआत देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 9 सितंबर 2022 को किया था। वहीं झारखंड में 23 सितंबर 2022 को राज्यपाल रमेश बैस की मौजूदगी में अभियान की शुरुआत हुई थी।



लक्ष्य यही है कि झारखंड से भी टीबी का खात्मा जल्द से जल्द हो।

## राज्यपाल ने निक्षय मित्र बनने की जाहिर की थी इच्छा

कार्यक्रम के दौरान ही राज्यपाल रमेश बैस ने निक्षय मित्र बनने की इच्छा जाहिर की थी और अब यह धरातल पर उतरने वाला है। राज्यपाल रांची जिले के तीन प्रखंड सिल्ली, अनगड़ा और बुंडू के 200 टीबी मरीजों को गोद लेंगे। उन्हें राज्यपाल की ओर से 6 महीने तक पोषण युक्त फूड बास्केट मुहैया कराया जायेगा। वहीं टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरुआत होने के बाद रांची जिले के कुछ सामाजिक संस्था और चिकित्सकों ने भी निक्षय मित्र बनने में अपनी दिलचस्पी दिखायी है। परिणामस्वरूप जिले के 78 मरीजों को अब तक गोद लिया गया है। इनमें मुख्य रूप से उषा मार्टिन ने 15 मरीजों को गोद लिया है। जबकि इनर विह्ल क्लब ने 5 मरीज को गोद लिया है। वहीं स्टेट टीबी डायरेक्टरेट सेल के निदेशक डॉ. अमित्रा ने इटकी के तीन मरीजों को गोद लिया है। तो वहीं डॉ. मेघा प्रियदर्शिनी ने भी दो मरीजों को गोद लिया है। डॉ. रंजीत प्रसाद ने भी दो मरीजों को गोद लिया है। हालांकि उन्होंने 5 मरीजों को गोद लेने की इच्छा जाहिर की है।

> **पोषण की ये है व्यवस्था**
> दाल-1 किलो, मुंगफली-1 किलो, गुड़- 1 किलो, सरसो तेल- 1 लीटर, चना 1 किलो, मांशाहार लोग यदि चाहे तो उन्हें अंडा भी दिया जायेगा। इसके साथ ही टीबी के मरीज जब तक दवा का सेवन करते हैं, तब तक उन्हें डीबीटी के माध्यम से 500 रुपये प्रति माह दिया जाता है।

---

## परेशानी : ग्रामीण बोले, नेताओं ने सिर्फ वादे किये, शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

# चुआं से पानी पीने के लिए मजबूर लंगटा बाबा समाधि स्थल के पास रहने वाले लोग

सुधीर सिन्हा

**गिरिडीह।** जिले के जमुआ प्रखंड से महज छह किलोमीटर दूर स्थित लंगटा बाबा समाधी स्थल के इर्द-गिर्द रहने वाले लोग पेयजल के लिए खाली वर्तन लेकर रोजाना इधर-उधर भटकते हैं। जानकारी के मुताबिक उक्त स्थल पर विभाग की ओर से करोड़ों रुपये की लागत से पेयजल सप्लाई योजना चल रही है। इसके बावजूद गांव की 40 परिवार पीने के पानी के लिए भटक रहे हैं। वहां के ग्रामीण उसरी नदी में चुआ खोद कर पानी पीने को मजबूर हैं।



ग्रामीणों में आरती देवी, रुखशाना परवीन, जुबेदा खातून, अप्सना परवीन, रूबी खातून, रजिया खातून, मुनि देवी, राखी देवी, अब्दुल खान, मो सद्दाम, मो अहसान, नरिश रजक, सुनील रजक, मकबुल रायन सहित दर्जनों लोगों ने एक स्वर में कहा कि विभाग की लापरवाही के कारण कई महीनों से पानी आपूर्ति बाधित है कहा कि कुछ तकनीकी खराबी के कारण इन लोगों के मोहल्ले में पानी नहीं आ रहा है जिससे उन लोगों के बीच पानी को लेकर काफी समस्या झेलनी पड़ती है। पानी के लिए पानी के लिए सुबह से इधर-उधर भटकना पड़ता है कहा कि गांव से आधा किलोमीटर दूर पर आपूर्ति पानी का प्वॉइंट है, उन्होंने बताया कि आधे किलोमीटर दूर में उसरी नदी में चूआ से इन्हें पानी लाना पड़ता है तथा वही पानी से खाना बनाते हैं, वहीं पानी पीते हैं, जिस वजह से यह लोग काफी बीमार भी पड़ते हैं, क्योंकि स्वच्छ पानी नहीं पीने से इन्हें कई बीमारियां जकड़ रही हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, पेयजल को लेकर तमाम पदाधिकारियों से शिकायतें की गयी, जनप्रतिनिधियों से मांग भी की गयी मगर उनकी मांगें तो दूर गांव में कोई झांकने तक नहीं गया। इस गांव में पहले कभी चुनावी वादे के तहत एक हैंडपंप लगाया गया था और कुछ दिनों तक ग्रामीणों के हैंडपंप का पानी नसीब हुआ फिर उसके बाद से सभी स्वच्छ पेयजल के लिए तरसने लगे, ग्रामीणों का कहना है कि उनकी उसरी नदी में चूआ खोद कर दूषित पानी पीकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं।

---

# हथियार सप्लायर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

> माओवादियों को करना था सप्लाई, एटीएस ने की कार्रवाई

**कोडरमा।** डीजीपी के निर्देश पर आतंकवाद निरोधी दस्ते यानी एटीएस को शुक्रवार को बड़ी सफलता मिली है। एटीएस ने कोडरमा से हथियार सप्लायर रवि प्रजापति को 150 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार रवि प्रजापति हजारीबाग के बरही का रहने वाला बताया जा रहा है और पुलिस को दो कांडों में लंबे समय से उसकी तलाश थी। इस संबंध में एटीएस के एसपी ने बताया कि सूचना मिली थी कि रवि प्रजापति नामक व्यक्ति बिहार के नालंदा से हथियार एवं कारतूस लेकर संगठित आपराधिक गिरोह एनएसपीएम एवं प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) उग्रवादी संगठन को हथियार एवं कारतूस सप्लाई करने हेतु झारखंड आने वाला है। उक्त गुप्त सूचना के आधार पर एटीएस की टीम गठित की गयी एवं रात नौ बजे कोडरमा के बाघीटांड चेकपोस्ट के पास बस से उतरने के दौरान उसे गिरफ्तार किया गया। मौके पर उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 7.65 एमएम का 150 जिंदा कारतूस एवं एक मोबाइल बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में उसने बताया कि बरामद जिंदा कारतूस प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) संगठन को बिक्री किया जाना था। वह पूर्व में भी एफआइसीएन के केस में जेल जा चुका है।

आजाद सिपाही
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
1st Channel
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.6 °c | 12.7 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.23 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.33 बजे | |



## आम लोगों से जुड़ा है इस बार का बजट : डॉ रामेश्वर उरांव

# झारखंड सरकार का 3 मार्च को पेश होगा बजट

**हमीन कर बजट पोर्टल और मोबाइल एप पर मांगा गया है लोगों का सुझाव**






**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार नये वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट 3 मार्च को लाने जा रही है। इसके लिए अभी से ही तैयारी शुरू कर दी गयी है। इस बार का बजट आम लोगों के फायदे का हो सकता है। जिसमें राज्य सरकार गरीबी दूर करने और बेरोजगारी को कम करने के लिए कई कदम उठा सकती है। बता दें कि बजट को लेकर राज्य सरकार ने बजट पोर्टल और मोबाइल एप के माध्यम से आम लोगों से सुझाव मांगा है। मालूम हो की बीते दिनों मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में हमीन कर बजट पोर्टल और मोबाइल एप का उद्घाटन किया है। जिसके माध्यम से आम जनता भी आगामी राज्य बजट 2023-24 से संबंधित अपना महत्वपूर्ण सुझाव दे सकती है। 20 जनवरी तक ऑनलाइन राज्य सरकार को भेज सकेंगे। इसके साथ ही तीन सर्वश्रेष्ट सुझाव देने वाले व्यक्तियों को राज्य सरकार द्वारा सम्मानित भी किया जायेगा। वहीं, बजट को लेकर सभी विभागों से प्रस्ताव मांगा जा रहा है। राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि इस बार बजट आम लोगों से जुड़ा रहे रहेगा। जिसमें राज्य में बढ़ती बेरोजगारी, गरीबी और पिछड़ापन को कैसे कम किया जाये उस पर केंद्रीत होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में गरीबी, बेरोजगारी और पिछड़ापन बड़ी समस्या है इसे कम करने के लिए बजट में प्रावधान किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि रोजगार का सृजन होने से बेरोजगारी और गरीबी खत्म होगी। वहीं, उन्होंने कहा कि इस राज्य को पिछड़ेपन से दूर करने के लिए बुनियादी सुविधाओं को बढ़ाने की जरूरत है। मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि बजट में सरकार किसानों, गरीबों और पिछड़े वर्गों के लिए विशेष रूप से ध्यान देने जा रही है।

### वर्ष 2023-24 का बजट 10 से 12 अधिक प्रतिशत होने की संभावना

मालूम हो कि झारखंड सरकार का वर्ष 2022-23 का बजट 10101 लाख रुपये का था, जो 2021- 22 के वार्षिक बजट से 11 प्रतिशत अधिक था। इस लिहाज से देखा जाये तो आगामी वित्त वर्ष 2023-24 का बजट 10 से 12 प्रतिशत अधिक होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। वहीं, अब सभी विभागों के प्रस्ताव आने के बाद ही बजट का आकार तय हो पायेगा।

# राज्य में अपराधियों के निशाने पर हैं भाजपा कार्यकर्ता: दीपक प्रकाश

**जानबूझकर अपराधियों को नहीं पकड़ रही राज्य सरकार**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अपराधियों के हमले में गंभीर रूप से घायल भाजपा कार्यकर्ता सुमित केसरी की मौत के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने राज्य सरकार पर कड़ा हमला बोला है। कहा कि हेमंत सरकार के बनते ही अपराधियों के द्वारा लगातार भाजपा कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है। सुमित केसरी के अलावा काशीनाथ महतो, जयवर्द्धन सिंह, प्रकाश यादव, रघुनाथ राय, सतीश सिंह, जीतराम मुंडा, गणेश दास, सुमित श्रीवास्तव, सूरज सिंह, मुकेश सोनी, संजू प्रधान, देबू तुरी, कमलदेव गिरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं की हत्या हेमंत सरकार में हुई है। उन्होंने कहा कि सबसे दुर्भाग्यजनक स्थिति यह है कि हत्या के आरोपी अपराधी पकड़े नहीं जा रहे। अपराधी खुलेआम घूम रहे और पुलिस प्रशासन चुपचाप दर्शक बना हुआ है। इससे स्पष्ट है कि हेमंत सरकार में अपराधियों को संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा यह सरकार अपने खिलाफ उभरे जनाक्रोश को अपराधियों के सहारे दबाना चाहती है। उन्होंने कहा कि आदिवासी हित की बात करने वाली सरकार रोज आदिवासियों, दलितों की हत्या करवा रही है। दुष्कर्म और उत्पीड़न की शिकार भी सबसे ज्यादा आदिवासी बेटी-बहनें ही हो रही हैं। श्री प्रकाश ने कहा कि सरकार से आम आदमी का विश्वास उठ चुका है। इस राज्य में आम खास सभी असुरक्षित और भयभीत हैं।

ST. MICHAEL'S SCHOOL
CBSE Affiliated Senior Secondary School • Affiliation No. 3430248
WE ARE HIRING!
PRT • TGT • PGT
ENGLISH • HINDI • SANSKRIT • MATHS
SOCIAL SCIENCE • SCIENCE • COMPUTER / IT
ESSENTIAL QUALIFICATIONS
• Proficiency in spoken & written English is a prerequisite.
• Individuals should have good academic record and adequate knowledge of operating computers / creating e-content.
• For teaching position, the minimum educational qualification is:
a) • PRT / TGT - Graduate with B.Ed.
• PGT - Post-graduate with B.Ed.
b) M.C.A. / B.Tech for Computer / IT.
• CTET qualified individuals with working experience in a recognised school will be preferred.
The school also invites applications for Academic Coordinator / Incharge, Physical Education Teacher, Special Educator, Activity Teacher (Dance / Music / Arts & Craft), Health & Wellness Teacher, IT Staff and Office Staff.
• For more information, visit www.stmichaels.edu.in/careers/
Individuals interested must submit their detailed CV with relevant documents along with an application at our School Office by Hand / Speed Post / Registered Post or email us at career@stmichaelsranchi.com by 29th of January 2023.
Pay Scale: Salary no bar for deserving and competent individuals.
Only shortlisted individuals will be called for written test and class demonstration followed by an Interview.
Principal
School Address: St. Michael's School, Near Colambi More, Jajpur, Soparom, Itki Road, Ranchi – 835303, Jharkhand, Ph: 9905103322

# बाबूलाल ने तुपुदाना ओपी प्रभारी को बर्खास्त करने की मांग की

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखा पत्र, टुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह की कार्यशैली पर उठाये सवाल**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी ने रांची के टुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह की कार्यशैली पर सवाल उठाया है। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी पत्र लिखा है। पत्र में सभी बातों को विस्तार से जिक्र करते हुए थाना प्रभारी को बर्खास्त करने की मांग की है।

बाबूलाल ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि आपका ध्यान रांची जिला अंतर्गत टुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह की गलत कार्यशैली की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं। आपको अवगत कराना चाहता हूं कि पिछले कुछ दिन पहले टुपुदाना ओपी अंतर्गत मिलन चौक स्थित माया रेसिडेंसी में हुई चोरी के आरोप में दिनांक 10 जनवरी, 2023 को थाना प्रभारी मीरा सिंह अपार्टमेंट में गयीं। बिना कोई शक-संदेह के आधार पर अपार्टमेंट में सुपरवाइजर के तौर पर काम कर रहे विकास कुमार नामक युवक को थाना लाकर जबरन आरोप स्वीकारने के दबाव में इतनी पिटायी की गयी है, कि वह अब चल नहीं पा रहा है।

बाबूलाल ने पत्र में कहा है कि पुलिस की बर्बर पिटाई के शिकार भुक्तभोगी विकास कुमार ईटखोरी (चतरा) के रहनेवाले हैं। उन्होंने रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक को दिये आवेदन में लिखा है कि मंगलवार को माया रेसिडेंसी में रहनेवाले बैंक मैनेजर नम्रता सिंह के फ्लैट में चोरी हुई थी। टुपुदाना ओपी प्रभारी अपार्टमेंट आयीं और शक के आधार पर थाना ले गयीं। आरोप को स्वीकारने के दबाव में ओपी प्रभारी मीरा सिंह एवं अ.र.क सुनील सिंह ने बर्बरतापूर्वक पिटायी की है। उन्होंने जबरन सादा कागज पर लिखवाकर हस्ताक्षर करा लिया। युवक विकास कुमार अभी सदर अस्पताल में इलाज करा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री को लिखे अपने पत्र के साथ विकास कुमार द्वारा दिये गये आवेदन की छायाप्रति संलग्न किया है।

बाबूलला ने पत्र में यह भी लिखा है कि आपको यह भी बताना चाहूंगा कि उक्त थाना प्रभारी मीरा सिंह रिश्वतखोरी में पहले जेल भी जा चुकी हैं। इस घटना संबंधित समाचार सभी अखबारों में प्रकाशित हुआ था। मीरा सिंह के पदस्थापन काल से ही थाना क्षेत्र में अशांति, चोरी एवं अन्य घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। ऐसे पुलिस पदाधिकारी जहां भी रहेंगे, वही करेंगे। ऐसे स्वच्छंद मानसिकता वाले पुलिस को दंडित करने की जरूरत है। इसलिए आपसे अनुरोध है कि टुपूदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह की कार्यशैली को देखते हुए इन्हें तत्काल सेवा से बर्खास्त करने हेतु निर्णय लिया जाये।











# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले सरयू राय



आजाद सिपाही संवाददाता

**पर्यावरण मेला का उद्घाटन करने का दिया निमंत्रण**

**रांची।** विधायक सरयू राय ने नयी दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान सरयू राय ने राष्ट्रपति को 22 फरवरी से 3 मार्च तक रांची के मोरहाबादी मैदान में लगने वाले पर्यावरण मेला का उद्घाटन करने का निमंत्रण दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि फरवरी के कार्यक्रमों को देखने के बाद वे स्वीकृति देने की सूचना देंगी। राष्ट्रपति ने यह भी बताया कि उन्हें स्मरण है कि 2018 में जब पहली बार रांची में पर्यावरण मेला लगा था, तब उन्होंने ही मेले का उद्घाटन किया था। उस वक्त वे झारखंड की राज्यपाल थीं।

# ट्रेड लाइसेंस के लिए लगाने पड़ रहे हैं नगर निगम के चक्कर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम एक तरफ ट्रेड लाइसेंस नहीं लेने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। जुमार्ना वसूल रहा है। दूसरी तरफ हाल यह है लोगों को ट्रेड लाइसेंस लेने के लिए निगम का चक्कर लगाना पड़ रहा है। नगर आयुक्त ने ट्रेड लाइसेंस बनाने को लेकर संबंधित एजेंसियों और पदाधिकारियों को आदेश दिया है। लेकिन व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से जुड़े लोगों का कहना है कि ट्रेड लाइसेंस बनाने के लिए उन्हें निगम का चक्कर लगाना पड़ रहा है। निगम की टीम द्वारा रशीद काट कर दी जाती है। फिर भी ट्रेड लाइसेंस नहीं बन पा रहा है।

## निगम चला रहा जागरूकता अभियान

दूसरी ओर रांची नगर निगम ट्रेड लाइसेंस बनाने को लेकर जागरूकता अभियान चला रहा है। नगर आयुक्त ने एजेंसी को आदेश दिया है कि ट्रेड लाइसेंस को लेकर अधिक से अधिक लोगों में जागरूकता फैलायें। कहा है कि शहर के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य है। जो प्रतिष्ठान बिना ट्रेड लाइसेंस के निगम क्षेत्र में व्यवसाय कर रहे हैं, उन्हें चिह्नित करते हुए 5000 से लेकर 25000 तक जुर्माना लगाया जाये। मालूम हो कि कई प्रतिष्ठान ऐसे हैं, जो बिना ट्रेड लाइसेंस के अपने प्रतिष्ठान को संचालित कर रहे हैं। निगम में वर्ष 2022 में लगभग 7100 नये लाइसेंस के लिए आवेदन आये। लगभग 6000 ट्रेड लाइसेंस का रिन्यूअल भी किया गया। वहीं लगभग 4500 ट्रेड लाइसेंस एक्सपायर हो चुके हैं।

# 51 पुलिसकर्मी उच्चवर्गीय लिपिक में प्रोन्नति के लिए पाये गये योग्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 51 पुलिसकर्मी निम्नवर्गीय से उच्चवर्गीय लिपिक में प्रोन्नति के लिए योग्य पाये गये हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय में आयोजित केंद्रीय चयन पर्षद की बैठक में निम्नवर्गीय लिपिक से उच्चवर्गीय लिपिक की कोटि में प्रोन्नति हेतु योग्य घोषित किया गया है। निम्नांकित निम्नवर्गीय लिपिकों को (वेतनमान पीबी- 1 5200-20200 ग्रेड पे 1900 पे मैट्रिक्स लेवल-2) सम्यक विचारोपरांत लिये गये निर्णय के आलोक में उच्चवर्गीय लिपिक के पद पर (वेतनमान पीबी 1 5200-20200 ग्रेड पे-2400 पे मैट्रिक्स लेवल-4) नियमित प्रोन्नति प्रदान करते हुए जिला इकाई /वाहिनी में उच्चवर्गीय लिपिक के उपलब्ध रिक्ति के विरुद्ध सामंजित करने का आदेश दिया गया।

**इन्हें दी गयी प्रोन्नति**

प्रतिमा किड़ो, सुवास पासवान, समरजीत सिंह, सुरेंद्र मुंडा, संतोष कुमार, संजीव रंजन, राजीव रंजन, अजय रजक, प्रभात कुमार अग्रवाल, कमलेश कच्छप, सत्यनारायण मुंडा, अशोक जेम्स कच्छप, सुषमा आइंद, विकास केशरी, अभिनव भारती, विष्णु कुमार,अरविंद रेटे, संगीता तिर्की, उमाशंकर प्रसाद, विक्रम प्रसाद, विजय गाढ़ी, बाल कृष्ण हॉसदा, रवि खलखो, बंदना देवी, कौशल कुमार पांडेय, सुनीता कुमारी महतो, अभय कुमार पाठक,भाष्कर ज्योती नंदन,सरिता नायक, अमलेश सिंह, उर्वरा देवी, सतीश कुमार भास्कर, निर्मला प्रसाद, विकास कुल्लू, अनुराग कुमार सिंह, सुमित कुमार, अंजनी कुमार, सुनिता देवी, निरंजन कुमार, जयन्त कुमार,रेणु बाला देवी,तुषारकान्त सिकु, संजय कुल्लू, अजीत जयसवाल, सुनील कुमार, कृष्ण कुमार राम,सुमन उरांव, सविता कुमारी और पिंकी प्रिया मिंज शामिल हैं।

## कार्मिक विभाग ने सभी विभागों से मांगी जानकारी

# अनुबंध और संविदा कर्मियों को स्थायी करने की तैयारी में जुटी राज्य सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनुबंध और संविदा पर कार्यरत कर्मियों का ब्योरा 15 दिनों के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश**

**रांची।** झारखंड सरकार ने विभिन्न विभागों में अनुबंध और संविदा पर कार्यरत कर्मियों को स्थायी करने की तैयारी शुरू कर दी गयी है। सेवा शर्तों में सुधार के उद्देश्य से ऐसे कर्मचारियों का विस्तृत ब्योरा जुटाया जा रहा है। कार्मिक विभाग ने सभी विभागों को पत्र लिख कर उनके सभी कार्यालयों में अनुबंध और संविदा पर कार्यरत कर्मियों का ब्योरा 15 दिनों के अंदर उपलब्ध कराने को कहा है। संभावना जतायी जा रही है कि राजस्थान और ओड़िशा सरकार की तर्ज पर झारखंड सरकार भी संविदा कर्मियों को नियमित करने के उद्देश्य से संविदा भर्ती नियम-2023 लागू कर सकती है। विभिन्न विभागों द्वारा जारी रिपोर्ट की स्क्रीनिंग के जरिये ही सेवा शर्तों में एकरूपता लायी जायेगी। ताकि उन्हें स्थायी बनाने पर विचार किया जा सके। राज्य सरकार अनुबंध और संविदा पर कार्यरत कर्मियों को स्थायी करने के साथ ही उनके लिए विशेष वेतन सुरक्षा,




उम्र सीमा और सामाजिक सुरक्षा के अन्य विकल्पों पर भी विचार कर रही है। सीएम हेमंत सोरेन ने पिछले साल 24 जून 2022 को ही कांट्रैक्ट कर्मियों को नियमित करने की बात कही थी। झारखंड सरकार में लंबे समय से काम कर रहे संविदाकर्मियों के मामले में उन्होंने लातेहार में संविदाकर्मियों को स्थायी करने की घोषणा की थी। इसके लिए नियमों में बदलाव के संकेत दिये थे। उस वक्त अग्निपथ योजना के तहत देश भर में चल रहे बवाल के बाद उन्होंने कहा था कि सरकार अनुबंधकर्मियों के स्थायीकरण को लेकर चिंतित है। इसके लिए सरकार नियमावली बना रही है।

# कर्नल बीके सिंह ने थामा भाजपा का दामन

**सेना में सेवा दे चुके बीके सिंह का पार्टी में स्वागत है: दीपक प्रकाश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय सेना में तीन दशक से अधिक समय तक सेवा दे चुके कर्नल बीके सिंह ने शनिवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली।

पार्टी कार्यालय में उनका और उनके कई समर्थकों का पार्टी में स्वागत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि सेना में सेवा दे चुके बीके सिंह का पार्टी में स्वागत है। उनके आने से राज्य में केंद्र की योजनाओं के प्रचार प्रसार में भी मदद मिलेगी। 2023 आ गया है। अगले वर्ष लोकसभा के चुनाव होंगे। पार्टी को भरोसा है कि इस चुनाव में



यहां सभी 14 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल होगी। हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य में जो अराजकता की स्थिति पैदा कर रखी है, उसे भी जनता के सहयोग से उखाड़ फेंका जायेगा। इस दौरान पार्टी पदाधिकारी प्रदीप वर्मा, रांची महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता सहित अन्य भी उपस्थित थे। कर्नल बीके सिंह ने भाजपा परिवार का सदस्य बनने पर खुशी जतायी। कहा कि पहले भारतीय सेना के जरिये देश सेवा की। अब जन सेवा के लिए वे राजनीति में उतरे हैं। साथ ही नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से वे प्रभावित हैं। ऐसे मे अब उन्होंने अपने समर्थकों संग भाजपा का हिस्सा बनना पसंद किया है।

## रांची में कोहरे के चलते भीषण सड़क हादसा

# छड़ लदे ट्रेलर ने ट्रक को मारी टक्कर, एक की मौत

**चालक का शव केबिन में बुरी तरह से दब गया था**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में घने कोहरे के चलते शनिवार की अल सुबह एक भीषण सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि रिंग रोड पर पहले से खड़े एक ट्रक में छड़ लदे ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। इसमें ट्रेलर चालक की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक की पहचान बगोदर थाना क्षेत्र के खेतको गांव के खूबलाल महतो के 28 वर्षीय पुत्र दिनेश्वर महतो के तौर पर हुई है। दिनेश्वर टाटा से छड़ लेकर पतरातू की ओर आ रहा था। इसी दौरान रांची रिंग रोड में कुहासे के कारण ट्रेलर अनियंत्रित हो गया



और ब्रेक डाउन की वजह से पहले से खड़े ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। घटना शनिवार की अल सुबह तीन बजे की बतायी जा रही है। घटना के बाद ट्रेलर के केबिन के परखच्चे उड़ गये। चालक का शव केबिन में बुरी तरह से दब गया। कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। रांची पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ट्रेलर चालक की मौत की सूचना मिलते ही बगोदर में स्वजन के क्रंदन से खेतको गांव में मातम पसर गया है। उसके घर पर लोगों की भीड़ जुटी है। महतो के बुजुर्ग माता- पिता, पत्नी और दो बच्चों को रो-रोकर बुरा हाल है।

## नक्सली हमले में घायल दूसरे जवान को भी इलाज के लिए भेजा गया दिल्ली

**रांची।** नक्सली हमले में घायल जवान सौरभ कुमार को भी एयरलिफ्ट कर दिल्ली भेजा गया है। इससे पूर्व ग्रीन कॉरिडोर बना कर मेडिका अस्पताल से एयरपोर्ट पहुंचाया गया। घायल सौरभ की स्थिति बिगड़ती जा रही थी। जिस कारण उसे बेहतर इलाज के लिए दिल्ली भेजा गया है। वहीं बीते शुक्रवार को तीन जवानों को दिल्ली भेजा गया था। गौरतलब है कि बीते बुधवार को आइइडी विस्फोट में तीन जवान घायल हो गये हैं। यह सभी जवान कोबरा 209 बटालियन के 3 जवानों को बेहतर इलाज के लिए रांची से दिल्ली एम्स भेजा गया था। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार तीनों ही जवानों की स्थिति पहले से काफी बेहतर है, वो अब आउट आफ डेंजर हैं। लेकिन उनके परिवार वाले यह चाहते थे कि उनका इलाज और भी बेहतर तरीके से हो, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया।

# मुख्यमंत्री ने प्रकृति पर्व टुसू की दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को प्रकृति पर्व टुसू की सभी को अनेक-अनेक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति की उपासना और नारी शक्ति के स्वाभिमान का त्योहार टुसू परब आप सभी को सुख, समृद्धि और स्वस्थ जीवन प्रदान करे।

## मुख्यमंत्री ने मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को राज्यवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख- समृद्धि, खुशहाली, शांति, उन्नति और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है।

# नव वर्ष पर श्रद्धांजलि महोत्सव मनाया, पूर्वजों को किया याद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नगरा टोली में शुक्रवार को आदिवासी समाज नव वर्ष पर श्रद्धांजलि महोत्सव मना कर अपने पूर्वजों को याद किया। इसमें नगरा टोली, खिजूर टोली, नामकुम, कांके, लालखटंगा, पिठौरिया, लोहरदगा के सैकड़ों लोग शामिल थे। इस दौरान ससन दीरी, हड़गड़ी-मसना पूजा की गयी। भक्ति भाव से पूर्वजों को फूलमाला चढ़ा कर याद किया गया।

हलधर चंदन पाहन ने सबसे पहले पूजा की। सामूहिक परिक्रमा कर झंडा, जल, तेल, टीका, सिंदूर, पकवान, प्रसाद चढ़ाकर पूर्वजों को अर्पण किया गया। पाहन ने कहा कि आदिवासी समाज के लिए आज नव वर्ष का पहला दिन है। इसके बाद ही समाज अन्य सभी प्रकार के कार्यों को प्रारंभ करता है, ताकि पूर्वजों का आशीर्वाद प्राप्त हो। जीवन की सभी बाधाएं दूर हों। महिला समाज की निरंजना हेरेंज टोप्पो ने राज्य के 32 आदिवासी जनजातीय समाज से अपील की है कि आने वाले समय में श्रद्धांजलि महोत्सव को वृहद रूप से मनाया जाये। श्रद्धांजलि महोत्सव में गीता लकड़ा, सोनी लकड़ा, मुन्ना टोप्पो, डेंगो लकड़ा, रामप्यारी लिंडा, मणि लिंडा, जोरी खलखो,राहुल लकड़ा, दीपक मुंडा, राजेंद्र मुंडा, राजेंद्र उरांव, विरसा कच्छप, मुन्नी टूटी, लखीमणि कच्छप, टूटी कुजूर, उर्मिला भगत उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### शारदा ग्लोबल स्कूल में पतंगबाजी आयोजित



रांची (आजाद सिपाही)। मकर संक्रांति का पर्व हिंदू धर्म के लोगों के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दिन सूर्य उतरायण होते हैं और इसी दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं। विद्यालय के छात्रों ने इस अवसर को जीवंत बनाने के लिए भिन्न आकरा-प्रकार के पतंग उड़ाये, नृत्य किये और अनेक प्रकार के मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप ने छात्रों को मकर संक्रांति पर्व की विशेषता बताते हुए कहा कि इस दिन से सूर्य के उत्तरायण हो जाने से प्रकृति में बदलाव प्रारंभ हो जाते हैं, सारी प्रकृति धन-धान्य से भरपूर हो प्रसन्नता का वातावरण लोगों को प्रदान करती है। आज के दिन का दानपूण्य अधिक फलदायी होता है। इस संक्रांति के अवसर पर भगवान शिव और विष्णु ने साथ-साथ स्नान किया था। इस दिन लोग नदियों, तालाबों अथवा शुद्ध जल से स्नानकर सूर्य देवता को जल अर्पण करते हैं। वहीं विद्यालय की प्राचार्या जसमीत कौर ने सभी को मकर संक्रांति की बधाई दी।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मनी मकर संक्रांति



रांची (आजाद सिपाही)। सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने स्कूल परिसर में हर्षोल्लास के साथ मकर संक्रांति मनाया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने इस दिन का महत्व बताते हुए संक्षिप्त भाषण दिया और कविताएं सुनाईं। छात्रों ने कलात्मक और रचनात्मक विचारों से सुंदर और आकर्षक पतंगें बनायी। इस पर्व को मना कर विद्यालय ने छात्रों को भारतीय संस्कृति की जड़ों के साथ जोड़ने का अनूठा प्रयास किया। विद्यालय के कार्मिक और प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने इस गतिविधि में भाग लेने के लिए छात्रों की प्रशंसा की। वहीं प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों को भारतीय संस्कृति की विविधता और प्रासंगिकता की सराहना करने के लिए प्रेरित किया।

### विधायक लोबिन हेंब्रम माफी मांगें : अजय जैन

रांची (आजाद सिपाही)। कांग्रेस प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के महासचिव अजय जैन ने कहा कि अल्पसंख्यक जैन समाज के धर्मगुरुओं पर अपने अमर्यादित बयान के लिए विधायक लोबिन हेंब्रम जैन समाज से माफी मांगें। उन्होंने कहा पिछले दिनों बोरियो से निर्वाचित झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक लोबिन हेंब्रम ने अपने राजनीतिक फायदे के लिए भोले-भाले आदिवासियों एवं जैन समुदाय के लोगों को सम्मेद शिखर के मामले में अपने सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए अल्पसंख्यक जैन समाज के धर्मगुरुओं पर अमर्यादित टिप्पणी की है। एक जनप्रतिनिधि जो मां, माटी, मानुष की बात करता है वह क्या इस तरह से संस्कृति की रक्षा कर सकेगा? दोनों समुदायों में जो वर्षों से वहां रह रहे हैं उनको एक जनप्रतिनिधि का इस तरह उकसाना उनकी ओछी मानसिकता का परिचायक है। श्री जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से निवेदन है कि विधायक किसके इशारे पर दो संप्रदायों को लड़ाने का काम कर रहे हैं, इसकी जांच करवायी जाये। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने हमेशा सभी धर्मों को सम्मान किया है अपने धर्म गुरुओं पर विधायक द्वारा की गयी अमर्यादित टिप्पणी हम अल्पसंख्यक जैन समाज को पीड़ा पहुंचाती है।

## कार्यक्रम : कोलकाता के श्याम विनोद कुमार सुल्तानिया ने किया लोकार्पण

# भजन पुस्तिका श्री श्याम अर्चना का भव्य लोकार्पण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर, रांची के दरबार में श्याम भक्त सुरेश चंद्र पोद्दार द्वारा रचित 300 भजनों की भजन पुस्तिका श्री श्याम अर्चना का भव्य लोकार्पण कोलकाता के प्रसिद्ध श्याम विनोद कुमार सुल्तानिया के कर कमलों से किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु का भव्य एवं विराट श्रृंगार किया गया साथ ही पावन ज्योत प्रज्ज्वलित की गयी। इस अवसर पर नगर के प्रमुख धार्मिक



एवं सामाजिक 35 संस्थाओं द्वारा सुरेश चंद्र पोद्दार का श्री श्याम भक्ति के समर्पण के लिए उनका सम्मान किया गया साथ ही बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कोलकाता से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक आशीष सुल्तानिया द्वारा इस अवसर पर भजनों की अमृत वर्षा की गयी। मोहन आओ तो सही... श्याम बाबा से जिसका संबंध है... तेरे संग में रहेंगे ओ मोहाना... ये मेरी अर्जी है वैसी मैं जाऊं... मेरा आपकी कृपा से हर काम हो रहा है... तेरे बैगर सांवरिया जिया नहीं जाये... तेरी सखी मंगल सखी गाऊरी इत्यादि भजनों पर भक्तगण श्री श्याम प्रभु को रिझाते रहे, जिससे पूरा वातावरण श्याममय हो गया था। इस अवसर पर पूरे मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था।

रात्रि 8 बजे महाआरती एवम प्रसाद वितरण के साथ कायक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री श्याम मंडल के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बागला, मंत्री धीरज बंका, विवेक ढांढनियां, अरुण धनुका, नितेश केजरीवाल, प्रमोद बगड़िया, अशोक लाठ, मनोज सिंघानिया, सुदर्शन चितलांगिया, गौरव परसरामपुरिया ने अपना सहयोग दिया।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 15 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in



महत्वपूर्ण न्यूज

## हरमू मैदान में श्री राम कथा आज से




**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के हरमू मैदान में आगामी 15 जनवरी से 21 जनवरी 2023 तक सात दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन श्री राम कथा आयोजन समिति रांची के द्वारा किया जा रहा है। आयोजन समिति रांची के मुख्य संयोजक प्रकाश धेलिया व प्रवक्ता प्रमोद सारस्वत ने बताया कि 15 जनवरी को होने वाले श्री राम कथा की पूरी तैयारी हरमू मैदान में पूरी कर ली गगयी है। श्री राजन महाराज श्री राम कथा का व्यासपीठ से अपनी मधुर वाणी में उपस्थित श्रोताओं को सुनाएंगे। वहीं प्रवक्ता प्रमोद सारस्वत ने बताया कि कथा वाचक राजन जी महाराज के मुखारविंद से 7 दिनों तक राज्य के सभी धर्म प्रेमियों को श्री राम कथा का रसपान का अमृत पान प्राप्त होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीष साहू, प्रकाश धेलिया, श्रबण अग्रवाल, प्रेमचंद श्रीवास्तव, बसंत गौतम, मुकेश काबरा, प्रमोद सारस्वत, सज्जन पाड़िया, नेमीचंद अग्रवाल, आनंद मानिक, सुनील माथुर, रामचंद्र जयसवाल ,राजकुमार पोद्दार, दीपक पाठक, विनय पाठक, लड्डू अग्रवाल, शशांक भारद्वाज, राम बांगड़, पवन शर्मा, दीपक सरावगी, बनवारी काबरा, दीपक टाटिया, गोपाल सोनी, भरत बगड़िया, अमर प्रसाद, सोनू भारद्वाज और आशुतोश दिवेदी आदि लगे हुए हैं।

## बच्चे अपनी संस्कृति को जानें, इसलिए पतंग उत्सव मनाना जरूरी है : सांसद



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के मोरहाबादी मैदान में मकर संक्रांति के अवसर पर नमो पतंग उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया और पतंग उड़ाई। सांसद संजय सेठ ने बच्चों के बीच पतंग और लटाई का भी वितरण किया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि अपनी संस्कृति को बचाये रखने के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करना जरूरी है, ताकि आज के बच्चे अपनी संस्कृति को जानें। आज के इस आधुनिक युग में बच्चे अपने पर्व त्योहार और संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। इसलिए इस तरह के कार्यक्रम होना जरूरी है। इस कार्यक्रम में कई लोग मौजूद थे।

## एकता के सूत्र में बंधने से ही देश बनेगा परम वैभवशाली : दीपक पांडेय

**रांची (आजाद सिपाही)।** कांके स्थित नेताजी एकेडमी उच्च विद्यालय में शनिवार को मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रांची महानगर सहकार्यवाह दीपक पांडेय उपस्थित थे। दीपक पांडेय ने कहा कि एकता के सूत्र में बंधने से ही देश परम वैभवशाली बनेगा। भारतवर्ष उत्सवों का देश है। भारतीय संस्कृति में देश के प्रत्येक कोने में प्रतिदिन कोई न कोई व्रत-उत्सव होता है, जो हमें अपने प्राचीन गौरवशाली इतिहास और वैज्ञानिकता को बताती है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति समाज को समृद्ध बनाने का संदेश देने वाला पर्व है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ वीरेंद्र साहू, शिव प्रसाद साहू, उर्मिला केरकेट्टा, राकेश कुमार झा, बबलू कुमार साहू, राम किशोर साहू, अनु देवी, बालचंद उरांव, विजय उरांव, कुसुम टोप्पो, मीणा कुमारी, सुनीता मुंडा सहित विद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।

## डॉ हीरा लाल साहा का निधन झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति : राजेंद्र प्रसाद

**रांची (आजाद सिपाही)।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने डॉ हीरा लाल साहा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। प्रसाद ने कहा डॉक्टर साहा एक जाने-माने चिकित्सक थे। उन्होंने कहा कि डॉक्टर साहा, एक सामाजिक और मिलनसार व्यक्ति थे। प्रसाद ने कहा कि डॉक्टर साहा ऐसे व्यक्ति थे जो समाज के हित में हमेशा खड़ा रहते थे। डॉक्टर साहा मूलवासी सदान मोर्चा द्वारा आयोजित कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर सदानों की दुख दर्द को बांटने का हमेशा प्रयास किया था। कहा कि जब बड़े लोगों को अपने कामों के अलावे खासकर चिकित्सा से जुड़े ऐसे ख्याति डॉक्टर के पास कोई समय समाजिक कार्यों के लिए नहीं मिल पाता है ऐसे में भी डॉक्टर साहा के द्वारा सदानों की पीड़ा और दुख दर्द को बांटने की हमेशा प्रयास किया था। डॉक्टर साहा का निधन चिकित्सक जगत के साथ-साथ मूलवासी सदानों के लिए भी एक बड़ी अपूरणीय क्षति है।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया धनबाद का खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम




**रांची (आजाद सिपाही)।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय - धनबाद द्वारा खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया- क्षेत्रीय कार्यालय, धनबाद द्वारा शनिवार को खेलकुद व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन जीजीसीईटी सेंट जेवियर इंटरनेशनल स्कूल धनवाद के प्ले ग्राउंड में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्र प्रमुख - धनबाद अजीत कुमार लालवानी और उप क्षेत्रप्रमुख- धनबाद डब्ल्यूएच सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय धनबाद के अंतर्गत आनेवाली सभी शाखाओं के स्टाफ सदस्यों व परिवार के सदस्यों ने बैंक द्वारा आयोजित विभिन्न खेलकूद में भाग लिया। आयोजित सभी खेलकूद में भाग लेनेवाले विजेता स्टाफ सदस्यों को इस कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया-क्षेत्रीय कार्यालय, धनबाद के मुख्य प्रबंधक महेश कुमार, प्रियव्रत कुमार राय, अजय कुमार, उमेश कुमार, एमएलपी प्रमुख सैकत सिन्हा और धनबाद क्षेत्र के अंतर्गत आनेवाली विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रमुख अमित कुमार, दीपक कुमार, अनिल कुमार, अरविंद कुमार सिंह, चंद्रशेखर कुमार, कृष्ण कुमार, अजीत कुमार, अनिल कुमार पिंगुआ उपस्थित थे।

### सर्वोच्च न्यायालय ने जवाब देने को लेकर राज्य सरकार के आग्रह को किया स्वीकार

# निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू नहीं करने के मामले में मिला दो सप्ताह का समय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण नहीं देने के मामले में राज्य सरकार को सर्वोच्च न्यायालय में जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय मिल गया है। राज्य सरकार ने इसे लेकर अनुरोध किया था जिसे न्यायालय ने स्वीकार कर लिया। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय में शुक्रवार को सुनवाई हुई, जिसमें राज्य सरकार की ओर से इसे लेकर अनुरोध किया गया। सुनवाई में झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को इस मामले में कोर्ट के नोटिस पर जवाब देना था, लेकिन उनकी ओर से राज्य सरकार के अधिवक्ता ने समय देने का अनुरोध किया।

सर्वोच्च न्यायालय में यह सुनवाई गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी द्वारा दाखिल अवमाननावाद के मामले में हुई। सांसद ने सर्वोच्च न्यायालय में ओबीसी आरक्षण नहीं देने को लेकर झारखंड सरकार के विरुद्ध जनहित याचिका दायर की थी तब इसकी सुनवाई के दौरान झारखंड सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में अंडरटेकिंग दिया गया था कि होने वाले चुनाव में ट्रिपल टेस्ट एवं ओबीसी आरक्षण का अनुपालन सुनिश्चित की जायेगी बावजूद इसके नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण नहीं दी गयी है। इस पर पुनः सांसद चंद प्रकाश चौधरी ने सर्वोच्च न्यायालय में अवमाननावाद याचिका दर्ज कराया। इसकी सुनवाई में सर्वोच्च न्यायालय ने गत 28 नवंबर को झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को अवमाननावाद का नोटिस जारी किया है।

इस क्रम में उल्लेखनीय है कि सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने पंचायत चुनाव से पूर्व सर्वोच्च न्यायालय में ओबीसी आरक्षण लागू करने के संबंध में एक याचिका दायर की थी तब झारखंड सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय को बताया गया था कि ओबीसी आरक्षण से संबंधित ट्रिपल टेस्ट प्रक्रियाधीन है और झारखंड सरकार भविष्य में होने वाले चुनाव में ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया को पूरा कर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ओबीसी आरक्षण के संदर्भ में दिये गये निर्देश का अनुपालन करने हेतु कटिबद्ध है।

सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने अपनी अवमाननावाद याचिका में कहा है कि एक तरफ झारखंड सरकार सर्वोच्च न्यायालय में यह कहती है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ओबीसी आरक्षण के संदर्भ में दिये गये निर्णय का अनुपालन करेगी वहीं दूसरी ओर झारखंड सरकार ओबीसी को आरक्षण दिये बगैर नगर निकाय चुनाव कराने का फैसला लेती है। इससे यह प्रतीत होता है कि झारखंड सरकार की मंशा ओबीसी को आरक्षण देने के प्रति नहीं है। यह एक तरफ से न्यायालय की अवमानना भी है।

## श्री कृष्ण प्रणामी ने जरूरतमंद लोगों के बीच गर्म कपड़ों का किया वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट की रांची शाखा द्वारा जरूरतमंद लोगों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल ने बजरा मैदान में 200 वृद्ध बुजुर्ग महिला - पुरुष एवं बच्चों के बीच कंबल, मफलर एवं उनी मोजा का वितरण किया। इस मौके पर ओम प्रकाश सरावगी, बिष्णु सोनी, रमेंद्र कुमार पांडेय, आलोक सिंह, धीरज कुमार गुप्ता, किरण बंडो, शकुंतला देवी राजेश लोहरा उपस्थित थे। सेवा कार्य में संस्था के सह-संरक्षक बसंत कुमार गौतम, अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, बिष्णु सोनी, विशाल जालान, सुरेश अग्रवाल, ओम प्रकाश सरावगी, रमेंद्र पांडेय, धीरज गुप्ता एवं आलोक सिंह लगे थे। यह जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने दी।

## खोरठा को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान, प्रतिनिधित्व करेंगे सुजीत कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड खोरठा साहित्य संस्कृति परिषद के सचिव सुजीत कुमार 21 एवं 22 जनवरी को मलेशिया में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय साहित्य संगोष्ठी में भाग लेंगे। भारत- मलेशिया सांस्कृतिक संबंध विषय पर इस संगोष्ठी का आयोजन नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारतीय सांस्कृतिक केंद्र, भारतीय उच्च आयोग, कुआलालंपुर (मलेशिया) और साहित्य संचय शोध संवाद फाउंडेशन नयी दिल्ली (भारत) के संयुक्त तत्वाधान में हो रहा है। झारखंड के खोरठा साहित्य के लिए यह बड़ा सम्मान है।

सुजीत कुमार संगोष्ठी में आदि धर्म से अन्य भारतीय धर्मों का उदय विषय पर शोध प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि वह 17 जनवरी को मलेशिया रवाना होंगे। वहां 3 दिनों तक संगोष्ठी को लेकर अपनी तैयारी को अंतिम रूप देंगे। उल्लेखनीय है कि सुजीत कुमार ने खोरठा साहित्य संस्कृति के उत्थान में अहम अहम भूमिका निभायी है। वह पिछले तीन दशक से खोरठा साहित्य- संस्कृति से प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से जुड़े हैं। सुजीत कुमार ने कहा कि संगोष्ठी में आमंत्रण मिलना उनके गर्व एवं खुशी की बात है।

## आवश्यकता के अनुसार ही वनों से लाभ लेना चाहिए : जैलेंद्र कुमार



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वन रक्षा समिति वनलोटवा के 17वें स्थापना दिवस के मौके पर वनलोटवा जंगल में वन रक्षा बंधन सह वन बचाओ, पेड़ लगाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बतौर मुख्य अतिथि भाजपा ग्रामीण के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने कहा कि प्रकृति से हमारा गहरा संबंध है। हमें अपनी आवश्यकता के अनुसार ही वनों से लाभ लेना चाहिए।वेदों में भी पेड़-पौधों का महत्व बताया गया है। वन रक्षा समिति वनलोटवा का सजगता का ही परिणाम है कि आज यहां का वन लहलहा रहे है। हमें वनों को बचाने का संकल्प को पूरा करना होगा। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक राम कुमार पाहन ने कहा कि मनुष्य और पेड़-पौधे एक दूसरे के पूरक हैं। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ चौधरी ने कहा कि वन और वन्य जीव को बचाने का यह प्रयास प्रेरणा दायक है। संचालन समिति के अध्यक्ष शंकर महतो ने किया। इस मौके पर सरिता देवी, राजेश गुप्ता, नीलमोहन पाहन, विक्रांत तिवारी, संतोष कुशवाहा, नीरज नायक, मानकी राजेंद्र शाही उपस्थित थे। पारसनाथ महतो, कमल महतो, जगा भोगता, नागेशवर भोगता, विजय महतो, भुनेश्वर महतो, भीम भोगता, रंजीत महतो ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

## रांची के लाल रिषभ की अमिताभ बच्चन ने की तारीफ

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुंबई में हुए एक कार्यक्रम के दौरान रांची के ऋषभ आनंद को सड़क सुरक्षा पर उनके द्वारा किये जा रहे प्रयासों के लिए मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने सराहना की। ऋषभ पिछले सात सालों से सड़क सुरक्षा पर राइज अप संस्था के तहत झारखण्ड में काम करते आ रहे हैं। उनके मॉडल प्ले स्कूल कार्टून की सराहना केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी पहले भी कर चुके हैं। 'सड़क सुरक्षा अभियान' के तहत हुए एक टॉक शो में अमिताभ बच्चन के अलावा, नितिन गडकरी, ईशा फाउंडेशन के सद्गुरु, फिल्म लेखक प्रसून जोशी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। ऋषभ ने कुछ सालों पहले मॉडल प्ले स्कूल कार्टून की शुरूआत की थी, जो रोड सेफ्टी थीम पर है। कार्टून प्ले स्कूल में छोटे बच्चों को काफी कम उम्र से ही सड़क सुरक्षा के बारे में बताया जाता है।

## झारखंड में 11 माह के कॉन्ट्रैक्ट पर शिक्षकों को रखने की तैयारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के 95,897 पद खाली हैं। नियोजन नीति को हाईकोर्ट रद्द कर चुका है। इससे शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पर विराम लग गया है। इसी बीच शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने 50 हजार पारा शिक्षकों की नियुक्ति करने की घोषणा की है। जबकि नई शिक्षा नीति में पारा शिक्षकों की नियुक्ति का कोई प्रावधान ही नहीं है। फिर पारा शिक्षकों की नियुक्ति कैसे होगी, भास्कर ने जब इसकी पड़ताल की तो पता चला कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने पारा शिक्षकों की नियुक्ति का कोई प्रस्ताव ही तैयार नहीं किया है। इस संबंध में जब भास्कर ने शिक्षा मंत्री से पूछा तो उन्होंने कहा-जब तक नियुक्ति नियमावली नहीं बन जाती, तब तक शिक्षकों की नियुक्ति का कोई और रास्ता तलाश रहे हैं। केंद्रीय विद्यालयों की तरह 11 महीने के कॉन्ट्रैक्ट पर शिक्षकों को रखने की योजना बना रहे हैं। हालांकि ऐसी नियुक्ति में भी आरक्षण रोस्टर का पालन किया जाएगा। ऐसे में राज्य के युवाओं को सरकारी स्कूलों में नियमित नियुक्ति के लिए अभी और इंतजार करना होगा।नई शिक्षा नीति के मुताबिक हर 30 बच्चे पर एक शिक्षक जरूरी है। वहीं सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की अधिकता वाले क्षेत्रों में 25 बच्चों पर एक शिक्षक रखने को कहा गया है। साथ ही हर स्कूल में छात्र-शिक्षक अनुपात को ठीक करने की जरूरत बताई गई है। केंद्र ने झारखंड सरकार से कहा है कि वह समयबद्ध योजना बनाए कि कैसे और कब तक शिक्षकों की नियुक्ति करनी है।यूनाइटेड नेशंस एजुकेशनल, साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन (यूनेस्को) ने पिछले साल 5 अक्टूबर को स्टेट ऑफ द एजुकेशन रिपोर्ट फॉर इंडिया : नो टीचर, नो क्लास रिपोर्ट जारी की थी। इसके मुताबिक झारखंड के 6200 स्कूलों में सिर्फ एक शिक्षक बच्चों को पढ़ा रहे हैं। यह कुल 45,908 स्कूलों का करीब 14 प्रतिशत है। यही नहीं, प्री-प्राइमरी सेक्शन में 12.03 प्रतियात, प्राइमरी में 9.20 प्रतिशत, अपर प्राइमरी में 7.67प्रतिशत, सेकेंडरी में 0.56प्रतिशत और हायर सेकेंडरी में 0.33 प्रतिशत शिक्षक अंडर क्वालीफाइड हैं।

महत्वपूर्ण न्यूज

## माहेश्वरी महिला समिति ने मकर संक्रांति मनायी



**रांची (आजाद सिपाही)।** मकर संक्रांति, पोंगल, तिल सक्रांति, बिहू, लोहड़ी आदि नाम अनेक पर पर्व एक यही हमारे भारतीय संस्कृति की विशेषता है। सूर्य देव से जुड़े प्रमुख त्योहारों में से एक है मकर सक्रांति। कुछ ऐसी ही सोच के साथ माहेश्वरी महिला समिति ने शनिवार को मकर सक्रांति पर एक आयोजन अपर बाजार स्थित माहेश्वरी भवन में महिला एवं बच्चों के लिए किया। महिला एवं बच्चों के लिए खेल, कम्पटीशन, थाम्बोला की तैयारी ढेर सारे सरप्राइज गिफ्ट्स के साथ निधि बिहानी, भावना काबरा, विनीता चितलांगिया, रितिका सारदा ने की खास उत्साह पतंग डेकोरेशन कम्पटीशन, मकर सक्रांति स्पेशल थाली डेकोरेशन के साथ सेल्फी कम्पटीशन में भी सभी ने हिस्सा लिया। इन सब के विजेताओं को अध्यक्ष भारती चितलांगिया, सचिव बिमला फलोर, उपाध्यक्ष अनीता साबू, वंदना मारू ने पुरस्कृत किया। सक्रांति स्पेशल खाना घेवर, फिन्नी, बादाम चिक्की, मुरी लड्डू के साथ टिकी चाट, पुचका, आदि लजीज वंजन निवर्त्तमान अध्यक्ष विजयश्री साबू के देख रेख में हुआ। मुख्य अतिथि माहेश्वरी सभा अध्यक्ष शिव शंकर साबू, सचिव महेंद्र लखोटिया, किशन साबू, युवा संगठन से सौरव साबू,अंकुर डागा, हेमंत महेश्वरी रेनू फलोर, सह सचिव कविता मंत्री, कोषाध्यक्ष सरला चितलांगिया, सह कोषाध्यक्ष रश्मि मालपानी, संगठन मंत्री सरिता चितलांगिया, सुमन बाहेती, पारुल फलोर, अनीता साबू, कुमुद लखोटिया, सीमा मालपानी, शशि डागा,अनीता बिहानी, लक्ष्मी चितलांगिया, नेहा साबू, रंजू मालपानी, रमा साबू, पूनम राठी, रेखा माहेश्वरी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रश्मि मालपानी ने दी।

## मकर संक्रांति पर जरूरतमंदों के बीच किया चूड़ा, दही और गुड़ का वितरण




**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के स्थापना दिवस पर सप्ताह व्यापी कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। इस मौके पर मारवाड़ी युवा मंच रांची ने स्थापना सप्ताह के पहले दिन मकर संक्रांति के अवसर पर पंडरा बाजार में काम करने वाले मजदूरों के बीच चुड़ा, गुड़, दही, तिलकुट का वितरण किया गया। मंच के अध्यक्ष विकास अग्रवाल, सचिव विकास अग्रवाल ने बताया कि मंच के स्थापना दिवस के अवसर पर सप्ताहिक सेवा कार्यक्रम किया जायेगा। मंच का लक्ष्य जरुरतमंदों की सेवा करना है। सभी सक्षम लोगों से गरीबों की सेवा करने की अपील की। बताया कि 15 जनवरी को आंचल शिशु आश्रम के बच्चों के साथ पिकनिक मनाया जायेगा। 16 जनवरी को शहर की विभिन्न चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की जायेगी। 17 जनवरी को मंच के सदस्यों के द्वारा गरीबों को सामूहिक भोजन कराया जायेगा। 18 जनवरी को गौ सेवा किया जायेगा। 19 जनवरी को वृक्षारोपण किया जायेगा। 20 जनवरी को रक्तदान शिविर लगाया जायेगा। इस कार्यक्रम के संयोजक मुकेश शर्मा, अंकित पोद्दार और मनीष बगड़िया थे। साप्ताहिक कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के सदस्य अपना पूरा योगदान दे रहे हैं। उपरोक्त जानकारी मंच के उपाध्यक्ष अमित शर्मा ने दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण जैन छाबडा, अर्जुन सिंघानिया, विशाल पड़िया, उपाध्यक्ष अमित शर्मा, नीरज अग्रवाल, अमित सेठी, कोषाध्यक्ष सिद्धांत तोडी, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, समीर जोशी, योगेश अग्रवाल, प्रवीण शर्मा एवं अन्य सदस्य मौजूद थे।

## श्री चैती दुर्गा मंदिर में भोग का वितरण




**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री चैती दुर्गा मंदिर भुतहा तलाब के मंदिर परिसर मे प्रत्येक शनिवार की भांति इस शनिवार को भी श्री चैती दुर्गा मंदिर में खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया। चैती दुर्गा मंदिर की और से सभी देशवासियों को मकर सक्रांति की हार्दिक बधाई की गयी। इसमें खिचड़ी, तिलकुट दही चुरा गुड, अचार, चीफ एवं आलू चोखा का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित राजेश गुप्ता, दिलचंद्र मंडल एवं संस्था के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य संजय सिंह (लल्लू सिंह ), राहुल सिंह, शुभम वर्मा, नंद किशोर सिंह चंदेल, नमन भारतीय, करण सिंह, मोहित रजक, आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक, प्रियांशु वर्मा, सौरव रजक, शेखर रजक, आयुष वर्मा और यश वर्मा आदी उपस्थित थे।

## मकर संक्रांति पर कंबल का वितरण



**रांची (आजाद सिपाही)।** मकर संक्रांति के अवसर शनिवार को अनिल कुमार एवं देवाशीष चट्टोराज द्वारा बजरा चौक रांची में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रिया दुबे, संजय सेठ, डॉ अजय कुमार चट्टोराज, ब्रजमोहन राम, संजीव विजयवर्गीय, केके गुप्ता, बलराम सिंह, शुभ्रा चट्टोराज, डॉ तान्या, देवाशीष चट्टोराज, डॉ अभिषेक, राकेश कुमार राम सहित ग्रामीण क्षेत्र की जनता मौजूद थी।

# सर्वोच्च तो संविधान है

देश के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के साथ लोकसभा के स्पीकर ओम बिड़ला ने जयपुर में जिस तरह से विधायिका के कार्यक्षेत्र में न्यायिक अतिक्रमण का सवाल उठाया, वह सामान्य नहीं है। दोनों ने पीठासीन अधिकारियों के दो दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही कि जिस तरह से विधायिका न्यायिक फैसले नहीं दे सकती, उसी तरह न्यायपालिका को भी कानून बनाने का अधिकार हड़पने की कोशिशों से बचना चाहिए। ध्यान रहे, राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ खुद एक अच्छे वकील रहे हैं और सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस भी कर चुके हैं। ऐसे में उनका यह कहना मायने रखता है कि संविधान की बुनियादी संरचना की अक्षुण्ता से जुड़े बहुचर्चित केशवानंद भारती मामले में दिया गया सुप्रीम कोर्ट का फैसला गलत परंपरा स्थापित करता है। उनकी दलील है कि लोकतंत्र में संसद सर्वोच्च है। ऐसे में संसद में पारित किये गये कानून को कोई दूसरी संस्था अमान्य करार दे तो फिर संसदीय सर्वोच्चता रह कहां जाती है। विधायिका के दो सर्वोच्च पदाधिकारियों की ओर से कही जा रही इन बातों का तात्कालिक संदर्भ जजों की नियुक्ति को लेकर चल रही बहस का है। इससे जुड़े नेशनल जुडिशल अपॉइंटमेंट कमिशन (एनजेएसी) एक्ट को असंवैधानिक बताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 2015 में खारिज कर दिया था। उपराष्ट्रपति धनखड़ पहले भी उस फैसले की आलोचना कर चुके हैं, लेकिन दिक्कत यह है कि विधायिका के अधिकारों की रक्षा का हवाला देते हुए संसदीय सर्वोच्चता की जो व्याख्या की जा रही है, वह जाने-अनजाने न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण करती जान पड़ रही है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने जिस केशवानंद भारती मामले का जिक्र किया, वह फैसला 1973 में आया था। उसके बाद से न केवल विभिन्न अदालतों की सुनवाइयों के दौरान बल्कि तमाम सरकारों के निर्णयों में भी उस फैसले के शब्दों और भावनाओं का ख्याल रखा जाता रहा है। आधी सदी बाद अब उस फैसले के औचित्य पर सवाल खड़ा करना कितना तर्कपूर्ण माना जायेगा? इससे ऐसा संदेश निकल सकता है कि विधायिका अपने और न्यायपालिका के कार्यक्षेत्रों की नयी सीमाएं खींचने की कोशिश कर रही है। दूसरी बात यह है कि चाहे संसदीय सर्वोच्चता का सिद्धांत हो या न्यायपालिका की स्वतंत्रता का, भारतीय शासन व्यवस्था के संदर्भ में, इन सबका मूल स्त्रोत देश का संविधान ही है। शासन के सभी महत्वपूर्ण अंग संविधान से ही शक्ति लेते हैं। इसलिए संविधान की सर्वोच्चता असंदिग्ध और निर्विवाद है। न्यायपालिका इसी संविधान की संरक्षक है। संविधान की व्याख्या करने की जिम्मेदारी उसी के कंधों पर डाली गयी है। जाहिर है, सरकार के किसी फैसले या संसद द्वारा बनाये गये किसी कानून को संविधान की कसौटी पर कसना न्यायपालिका का अधिकार ही नहीं, उसकी जिम्मेदारी है। किसी भी दलील से उसे इस जिम्मेदारी से रोकने की कोशिश उचित नहीं कही जायेगी।

**सरकार के किसी फैसले या संसद द्वारा बनाये गये किसी कानून को संविधान की कसौटी पर कसना न्यायपालिका का अधिकार ही नहीं, उसकी जिम्मेदारी है। किसी भी दलील से उसे इस जिम्मेदारी से रोकने की कोशिश उचित नहीं कही जायेगी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**न्यायमूर्ति एसके कौल ने कहा, हमें जो परेशान कर रहा है, वह यह है कि आप उस स्थिति से कैसे निपटते हैं, जहां लोगों ने जमीन को नीलामी में खरीदा और 1947 के बाद उस पर कब्जा कर लिया। आप जमीन का अधिग्रहण कर सकते हैं, लेकिन अब क्या करें? लोग 60 से 70 वर्षों तक जीवित रहे। उनके लिए कुछ पुनर्वास करना होगा। इस मुद्दे की पराकाष्ठा होनी चाहिए और जो हो रहा है, हम उसे प्रोत्साहित नहीं करते हैं।**

# आबादी का जबरन विस्थापन मानव विकास के प्रतिकूल

हरि जयसिंह

भारत में सम्पत्ति के अधिकार कम से कम कहने के लिए जटिल हैं। उत्तराखंड, उच्च न्यायालय का मामला ही ले लें, जिसने भारतीय रेलवे और स्थानीय अधिकारियों को दिसंबर 2022 में हल्द्वानी में रेलवे भूमि पर अतिक्रमण को हटाने का आदेश दिया था। इसका मतलब हल्द्वानी में रेलवे स्टेशन के पास 29 एकड़ में फैलीं 4500 इमारतों को गिराना था। आदेश के अनुसार भूमि भारतीय रेलवे की है और निवासी मुख्य रूप से गरीब मुसलमान है जिन्हें जबरन बेदखल किया जाना है।

हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। 2 जजों के बेंच ने कहा, इस पर स्पष्टता की आवश्यकता है कि क्या पूरी भूमि रेलवे के पास है या कौन सी भूमि राज्य की है। 50 हजार लोगों को रातों-रात बेदखल नहीं किया जा सकता। पीठ ने आगे कहा, विभिन्न लोगों के पुनर्वास और अधिकारों के लिए एक योजना पर विचार करने की जरूरत है। न्यायमूर्ति एसके कौल ने कहा, हमें जो परेशान कर रहा है, वह यह है कि आप उस स्थिति से कैसे निपटते हैं, जहां लोगों ने जमीन को नीलामी में खरीदा और 1947 के बाद उस पर कब्जा कर लिया।

**आबादी का जबरन विस्थापन मानव विकास के प्रतिकूल है। क्योंकि बुल्डोजर शहरीकरण विभेदित नागरिकता के सिद्धांत से आगे बढ़ता है।**

आप जमीन का अधिग्रहण कर सकते हैं, लेकिन अब क्या करें? लोग 60 से 70 वर्षों तक जीवित रहे। उनके लिए कुछ पुनर्वास करना होगा। इस मुद्दे की पराकाष्ठा होनी चाहिए और जो हो रहा है, हम उसे प्रोत्साहित नहीं करते हैं। इस मामले में और भारत में ऐसे कई मामलों में कानूनी तर्क को अलग रखते हुए इस तरह के सामूहिक विध्वंस और लोगों के विस्थापन के अभ्यास के बारे में सोचने लायक बात हो सकती है। इन विध्वंसों का क्या औचित्य है? और वह किन विकास समाधानों को संबोधित कर रहे हैं?



**हाऊसिंग एंड लैंड राइट्स नैटवर्क (एचएलआरएन) द्वारा जबरन बेदखली पर जारी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार 2021 में 2 लाख से अधिक लोगों को उनके आवास से बेदखल कर दिया गया था और ग्रामीण तथा शहरी भारत में लगभग 1.5 करोड़ लोग विस्थापन के खतरे में रहते हैं।**

एक अंग्रेजी दैनिक में प्रो संजय श्रीवास्तव लिखते हैं, बुल्डोजर शहरीकरण की आलोचना केवल खून-खराबा, उदारवाद का मामला नहीं है। यह पूछने के बारे में भी है कि शहरों को फिर से बनाने के लिए इस दृष्टिकोण में कोई सार्वजनिक भलाई है या नहीं तथाकथित अतिक्रमणों से निपटने के समकालीन कार्य-विध्वंस और बेदखली के माध्यम से जो मुख्य रूप से गरीबों को प्रभावित करते हैं, दोनों सार्वजनिक नीति के रूप में विफल होने के साथ-साथ पहले से ही कमजोर जीवन के अपूर्णीय क्षति पहुंचाते हैं।

इसमें किसी भी स्तर पर कोई सार्वजनिक भलाई नहीं है, क्योंकि बुल्डोजर शहरीकरण विभेदित नागरिकता के सिद्धांत से आगे बढ़ता है। इससे भी बुरी बात यह है कि यह किसी भी तरह से बेहतर शहर बनाने की समस्या का कोई दीर्घकालीन समाधान प्रस्तुत नहीं करता। यह बिना किसी सार्थक सकारात्मक परिणाम के शैक्षिक, वित्तीय और आवासीय सुरक्षा (पहले से ही अनिश्चित मूल्य) के स्थलों से आबादी को उखाड़ कर लोक कल्याण की मात्रा को कम करता है। बुल्डोजर शहरीकरण गहरे असमान शहरों की वास्तविक दुनिया की समस्याओं, आवास, सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के लिए कोई समाधान नहीं दे सकता है।

आबादी का जबरन विस्थापन मानव विकास के प्रतिकूल है। यह बुनियादी मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन है। प्राप्त करने वाले समुदाय हाशिए के समूहों से संबंधित हैं और अपने अस्तित्व और सामाजिक गतिशीलता के संघर्ष में वर्षों पीछे चले गये हैं। हल्द्वानी मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने एक मानवीय दृष्टिकोण अपनाया। भारत में कई उदाहरण पाए जा सकते हैं, जब एक अमानवीय विस्थापन दृष्टिकोण को अपनाया गया है।

हाऊसिंग एंड लैंड राइट्स नैटवर्क (एचएलआरएन) द्वारा जबरन बेदखली पर जारी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार 2021 में 2 लाख से अधिक लोगों को उनके आवास से बेदखल कर दिया गया था और ग्रामीण तथा शहरी भारत में लगभग 1.5 करोड़ लोग विस्थापन के खतरे में रहते हैं। संक्षेप में विवादित भूमि के निवासियों को फिलहाल राहत मिली है। हालांकि भूमि विवाद के अधीन बनी हुई है और अगली सुनवाई 7 फरवरी 2023 को तय की गयी है। न्यायमूर्ति एसके कौल ने सुनवाई के दौरान इस बात पर बल दिया कि समस्या का एक मानवीय पहलू है और एक समाधान निकालना होगा।

हालांकि भारतीय प्रतिष्ठान को दीर्घकालीन समाधानों पर अधिक गंभीरता से विचार करना चाहिए और उन कार्यक्रमों को लागू करना चाहिए, जो अत्यधिक सीमांत समूहों को किफायती आवास विकल्प प्रदान करते हैं। इन कड़े तथ्यों को देखते हुए आज राष्ट्र के समक्ष चुनौती यह है कि किस तरह से एक ऐसी प्रणाली विकसित की जाये, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति के आर्थिक और राजनीतिक अधिकार बिना किसी घोर असमानताओं के संरक्षित किये जायें। समाज में गरीब और कमजोर लोगों का शोषण न हो। विकास के लाभों को समाज के सभी वर्गों तक समान रूप से पहुंचाना होगा।

## जमशेदपुर की खबरें

# दो साल बाद स्वर्णरेखा महोत्सव की 18वीं वर्षगांठ मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट और युगांतर भारती के संयुक्त तत्वधान में स्वर्णरेखा महोत्सव का 18वां वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। शनिवार को संस्था के द्वारा सोनारी के दोमुहानी,भुईयांडीह स्थित पांडेय घाट और बारीडीह के भोजपुर घाट के नदी तट पर पूजन कर स्वर्णरेखा महोत्सव मनाया गया। कोविड के दो साल बाद स्वर्णरेखा महोत्सव में बड़ी संख्या में स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित रहे। स्वर्णरेखा नदी तट पर पंडित घनश्याम मिश्रा ने विधि विधान के साथ पूजन कर कार्यक्रम को संपन्न कराया। मौके पर मंजू सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री व वर्तमान जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के मार्गदर्शन पर स्वर्णरेखा विकास ट्रस्ट और युगांतर भारती संयुक्त के द्वारा बीते 17 साल से स्वर्णरेखा महोत्सव का मनाया जा रहा है। स्वर्णरेखा नदी की साफ सफाई के लिए ट्रस्ट की ओर से निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इस दिशा में कई कार्य कराया गया। लेकिन आज भी लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। उन्होंने कहा नदी की साफ सफाई होने से पर्यावरण दूषित नहीं होगा। कोरोना से भी लड़ने की क्षमता मिलेगी। उन्होंने कहा नदी की साफ सफाई के लिए जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वर्णरेखा महोत्सव मनाया जाता है। मौके पर सुबोध श्रीवास्तव ने कहा नदी किनारे बड़े बड़े बिल्डिंग बनाए जा रहे हैं, जिससे नदियां प्रदूषित होती है। उन्होंने कहा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों के लिए यह नदियां जीवन रेखा का काम करती है। जल बिना मनुष्य का कोई अस्तित्व नहीं है। पुजा के उपरांत ट्रस्ट के द्वारा प्रसाद एवं चूड़ा- गुड़ का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ट्रस्ट के मुरलीधर केडिया, सुधीर सिंह, मंजू सिंह, अजय सिन्हा, कुलविंदर सिंह पन्नु, शेषनाथ पाठक, आकाश शाह, प्रवीण सिंह, रंजीता राय, काकोली मुखर्जी, तिलेश्वर प्रजापति, चुन्नू भुमिज, विनोद यादव, मनकेश्वर चौबे, विजयनारायण सिंह, बंदना नामता, पुतुल सिंह, गौतम धर, सुजीत झा, विजय सिंह, देव कुमार, रोशन सिंह, कौशल सिंह, संजय सिंह रत्न तिवारी, सुनील सिंह, मुकेश शुक्ला, इंदु देवी, पारा देवी, रीना देवी उपस्थित रहे।

## मकर संक्रांति पर एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का विधायक ने किया शुभारंभ

# खेल में हार या जीत होना तय,सफलता के लिए प्रयास जरूरी : मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** मकर संक्रांति के अवसर पर पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा स्थित गोलकांटा बागजोबड़ा फुटबॉल मैदान मैं एक दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह जुगसलाई विधायक श्री मंगल कालिंदी शामिल हुए। विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल में शार्ट मारकर मारकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। मौके पर विधायक ने कहा ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह की प्रतियोगिता से खिलाड़ियों की पहचान बनती है। विधायक ने ग्रामीण क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन कर आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा फुटबॉल मैदान के सौंदर्यकरण एवं गोलपोस्ट का निर्माण कार्य जल्द कराया जायेगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी खेल के प्रति जागरूक होकर झारखंड और देश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा खेल में हार या जीत होना तय है, लेकिन उसके लिए घबराने की जरूरत नहीं है। प्रयास जारी रखने से सफलता जरूर मिलेगी।

इस मौके पर ग्राम माझी बाबा महेश्वर हासदा, ग्राम गडेत अधीर मंडी, प्राण हासदा, कसमार पंचायत, कुमारदा मुखिया लक्ष्मी रानी सिंह सरदार, दीपक रंजीत, जामिनि प्रमाणिक, सिताराम महतो, उत्तम हासदा, रमानाथ महतो, मनोबेस बनर्जी, गोकुल चंद्र मुदी, राजेश कोड़ा, शंकर मांडी, उनादी मांडी एवं कमिटी के सदस्य उपस्थित रहे।

# घाटशिला थाना प्रभारी शंभू प्रसाद गुप्ता सस्पेंड, विमल किंडो बने नये थाना प्रभारी

**जमशेदपुर।** बीते दिनों घाटशिला में ग्रामीणों से जबरन रुपये छीनने के मामले में एसएसपी ने करवाई करते हुए घाटशिला थाना प्रभारी शंभू प्रसाद गुप्ता को सस्पेंड कर दिया है। उन्होंने तत्काल प्रभाव ने विमल किंडो को घाटशिला का नया थाना प्रभारी बनाया है। इसको लेकर सर्कुलर जारी कर दिया गया है। वहीं विमल किंडो को तत्काल प्रभाव से घाटशिला थाना का नया प्रभारी बनाया गया है। शंभू प्रसाद गुप्ता पर ग्रामीणों ने रुपये छीनने का आरोप लगाया था और इसकी शिकायत एएसपी से की थी। मामले की जांच एएसपी लॉ एंड ऑर्डर कर रहे थे। जांच के दौरान थाना प्रभारी को दोषी पाया गया था। एसएसपी प्रभात कुमार ने सभी थानेदारों को कार्य के प्रति वफादारी रखने की चेतावनी दी है।

# विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति किया जागरूक




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** यूनाइटेड फोरम फर हेल्थ एंड एनवायरमेंट संस्था ने संक्रांति के पूर्व संस्था व स्वामी जी के जन्म जयंती के उपलक्ष में जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। संस्था के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के पाठशाला में गरीब असहाय जरूरतमंद विद्यार्थियों के बीच बैग, कलम, खाता, मिठाई वितरण किया गया। मौके पर विद्यार्थियों के बीच सांगस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इससे पूर्व सभी ने स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की सीख ली। कार्यक्रम के दौरान संस्था के वरीय सदस्य देबाशिस बोस ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद जी के जीवनी पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की सचिव डॉ मीना मुखर्जी ने किया। शिल्पा के द्वारा विद्यार्थियों के लिए बैग, कलम, खाता, मिठाई उपलब्ध कराया गया। मौके पर लगभग 70 छात्र उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन संस्था के सदस्य इंद्राणी बोस ने किया। संचालन छात्रा सिमरन बहादुर ने किया।

# गुरुद्वारा परिसर में कीर्तन दरबार का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** संक्रांत के अवसर पर साकची गुरुद्वारा परिसर में कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित कीर्तन दरबार में बड़ी संख्या में संगत शामिल हुए। मौके पर कीर्तन दरबार में चरणजीत सिंह चन्न ने अपने विचार व्यक्त की। इस अवसर पर अमृतसर वाले भाई संदीप सिंह ने सुख दातिया देह दरश, सुख दातिया मधुर, दुःख भंजन तेरा नाम जी गुरबाणी कीर्तन गाकर संगत को निहाल किया। मौके पर एक छोटी बच्ची इंदरप्रीत कौर ने सुरीली आवाज में शब्द गायन की। मौके पर गुरुद्वारा साहिब पहुंचें तख्त पटना हरमंदिर के महासचिव सरदार इंद्रजीत सिंह, सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के नवनिर्वाचित प्रधान सरदार भगवान सिंह, झारखंड प्रदेश गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार शैलेंद्र सिंह,कोलकाता बड़ा बाजार गुरुद्वारा के प्रधान सरदार रणजीत सिंह,डनलप गुरुद्वारा के प्रधान सरदार बलविंदर,चंद्रकोना गुरुद्वारा के प्रधान सरदार जितेंद्रपाल सिह, खड़गपुर गुरुद्वारा के प्रधान सरदार नरेंद्र सिंह खनूजा को सम्मानित किया गया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### युवा संघर्ष सेना के संस्थापक के सहयोग से राणाडीह पंचायत में 30 असहायों के बीच कंबल का वितरण



**कांडी (आजाद सिपाही)।** ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए युवा संघर्ष सेना के संस्थापक अनूप कुमार उपाध्याय उर्फ बड़ू उपाध्याय के सहयोग से कांडी प्रखंड अंतर्गत राणाडीह पंचायत में 30 असहायों के बीच कंबल का वितरण शनिवार को किया गया। वितरण करते हुए पंचायत अध्यक्ष अभिषेक पांडेय ने कहा कि वर्तमान समय में क्षेत्र में काफी ठंड पड़ रही है, ठंड को देखते हुए सरकार के द्वारा असहायों को कंबल वितरण किया गया है, पर वितरण करने के पश्चात कई असहाय कंबल से वंचित रह गए थे। अतः उसे देखते हुए हमारी संस्था के संस्थापक के द्वारा कुछ मदद के तौर पर यह सहयोग किया जा रहा है। आगे उन्होंने कहा कि समाज के समृद्ध व्यक्ति यदि पांच-पांच असहायों की मदद करें तो पंचायत ही नहीं प्रखंड का कोई भी असहाय ठंड में परेशान नहीं होगा। कंबल पाने वाले अधिकारी कुंवर, चंद्रावती कुंवर, संतोष चौबे, कलावती कुंवर सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। वहीं कंबल वितरण में संस्था के उपसचिव शुभम पांडेय, मीडिया प्रभारी प्रियांशू चौबे, ग्रामीण मनोज चौबे, सुभाष पांडेय सहित कई लोग उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर रंका के समाजसेवी अमरेंद्र कुमार को किया गया सम्मानित



**रंका (आजाद सिपाही)।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में गढ़वा के एएसडी स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा स्वामी विवेकानंद की चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों ने स्वामी जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक समाजसेवी अमरेंद्र कुमार को समाजसेवा में इमानदारी पूर्वक किए गए सराहनीय कार्यों के लिए मुख्य अतिथि शिक्षाविद् पूर्व प्रत्याशी अलख नाथ पांडेय, प्रभात खबर के ब्यूरो चीफ विनोद पाठक, दैनिक भास्कर के सियाराम शरण वर्मा, नेहरू युवा केंद्र गढ़वा के जिला युवा अधिकारी मोहसिन हाशमी एवं सहेली महिला मंडल के जिला प्रशिक्षिका उषा देवी के द्वारा संयुक्त रूप से तीस हजार रुपये का चेक एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

### जायंट्स ग्रुप बंशीधर नगर ने मकर संक्रांति पर जरूरतमंदों के बीच बांटी खाद्य सामग्री



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** जायंट्स ग्रुप बंशीधर नगर के द्वारा अध्यक्ष रंजन कुमार छोटू के नेतृत्व में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर स्थानीय चेरवाडीह टोला एवं फुलवारी टोला में असहाय एवं वृद्ध लोगों के बीच में चुड़ा, गुड़, तिलकुट लाई इत्यादि वितरण किया गया। मौके पर जायंट्स के अध्यक्ष रंजन कुमार छोटू ने कहा कि जायंट्स ग्रुप समय समय पर लोगों के बीच जाकर जनउपयोगी कार्य करता आया है, उसी के अंतर्गत आज असहाय एवं वृद्ध लोगों के बीच मकरसंक्रांति के अवसर पर सामग्री बांटी जा रही है ताकि इनके चेहरे की मुस्कान बनी रहे। मौके पर जायंट्स ग्रुप के अध्यक्ष रंजन कुमार छोटू, सचिव अनूप निराला, मिक्की जायसवाल, शंभुनाथ सौदागर, हृदय कमलापुरी, गोपाल जायसवाल, सुजीत अग्रवाल, राहुल जायसवाल, नंद किशोर गुप्ता, उमेश कुमार, शिवम कुमार, सत्यम कुमार, शुभम कुमार आदि उपस्थित थे।

### पूर्व मंत्री के निधन पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवियों का लग रहा है तांता



**केतार (आजाद सिपाही)।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री व वर्तमान विधायक भानु प्रताप शाही के पिता पूर्व मंत्री लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती के निधन के बाद बतो काला स्थित आवास पर लगातार अधिकारियों व विभिन्न पार्टी के नेताओं सहित समाजसेवियों का तांता लगा हुआ है। सभी लोग पहुंचकर भानु प्रताप शाही से मिलकर उनके पिताजी की मृत्यु पर शोक व्यक्त कर सांत्वना देते हुए साहस बढ़ा रहे हैं। इस क्रम में शुक्रवार की देर शाम उत्तर प्रदेश ओबरा विधानसभा विधायक सह मंत्री संजीव सिंह गोंड सहित सोनभद्र जिला के चारों विधानसभा से बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं का काफिला पहुंचकर विधायक भानु प्रताप शाही से मुलाकात संवेदना व्यक्त की। मौके पर सोनभद्र जिला अध्यक्ष अजीत चौबे, जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश दुबे, जिला मंत्री संतोष शुक्ला, मंडल अध्यक्ष राहुल पटेल, जिला मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी, युवा मोर्चा महामंत्री दिनेश श्रीवास्तव सहित दर्जनों नेता व भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

**कार्यक्रम :** भाजपा एवं नौजवान संघर्ष मोर्चा ने किया 13वीं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

# केतार प्रखंड के भगवान घाटी में 30 शहीद बनिहारों को दी गयी श्रद्धांजलि

**विधायक भानु प्रताप शाही के पिता के निधन पर संक्षिप्त कार्यक्रम कर शहीद बनिहारों को दी गई श्रद्धांजलि**

आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के भगवान घाटी में शनिवार को 13वीं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक भानु प्रताप शाही के पिता के निधन पर संक्षिप्त कार्यक्रम कर शहीद बनिहार को श्रद्धांजलि दी गई। भाजपा एवं सामाजिक संगठन नौजवान संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों के द्वारा बनिहार बेदी पर पुष्प अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। उसके बाद शहीद बनिहारों के परिजनों को अंग वस्त्र प्रदान किया गया।



**14 जनवरी 2010 को बिहार से धान काटकर लौट रहे 30 बनिहारों की ट्रक पलटने से हो गयी थी मौत**

बता दें कि 14 जनवरी 2010 को बिहार से धान काट कर लौट रहे ट्रक में भरे बनिहार की गाड़ी भगवान घाटी में पलट गयी थी। जिसमें 30 बनिहारों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी थी। जिसके कारण प्रत्येक वर्ष सामाजिक संगठन नौजवान संघर्ष मोर्चा के द्वारा शहीद बनिहार के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाता है।

इस अवसर पर भाजपा एससी जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम, मण्डल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, जिला पार्षद सदस्य ज्वाला प्रसाद सहित भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा राज्यपाल के नाम 17 सूत्रीय मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ को सौंपा गया। इस मांग पत्र में शहीद बनिहारों के आश्रितों को नौकरी, पलायन रोकने हेतु कनहर बराज एवं डोमनी नदी पर बराज का काम शीघ्र चालू कराने, पंडा नदी और सोन नदी के किनारे जमीन का कटाव को रोकने के लिए गार्डवाल निर्माण कराने, शिक्षित बेरोजगारों को भत्ता देने, पारा शिक्षक आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, मनरेगा कर्मी, पंचायत स्वयंसेवक, सहायक पुलिस सहित सभी संविदा कर्मी को स्थाई करने, नगर उंटारी रेलवे गेट और रमना के रामगढ़ में रेलवे गेट के पास ओवर ब्रिज का निर्माण कराने, घाघरा माइंस और तुलसीडामर माइंस को चालू कराने, भवनाथपुर मे पावर प्लांट एवं सीमेंट का कारखाना खोलने सहित अन्य मांगे शामिल हैं।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद ने बताया कि विधायक के पिता का निधन हो जाने के बाद गम में भी विधायक के द्वारा कार्यकर्ताओं को प्रेशर देकर शहीद बनिहारी की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि दुख की घड़ी में भी हम सभी के साथ चलने वाले वे इकलौता विधायक हैं।

भाजपा नेता सह जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद ने कहा कि इस बार पूर्व मंत्री सह विधायक के पिता के निधन के चलते संक्षिप्त कार्यक्रम रखा गया है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए इस दुख की घड़ी में भी प्रखंड क्षेत्र के गरीब, असहाय, वृद्ध लोगों के साथ सामाजिक पार्टी नौजवान संघर्ष मोर्चा एवं भाजपा शहीद बनिहारों के साथ श्रद्धांजलि सभा मना रही है। कार्यक्रम के बाद 1500 गरीब, असहाय, वृद्ध दिव्यांग लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

मौके पर जिला कार्यसमिति सदस्य मनोज पहाड़िया, मंडल अध्यक्ष खरौंधी संध्याकर विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि खरौंधी उपेंद्र दास, मुखिया प्रतिनिधि कलेंडर पासवान, रामप्रवेश ठाकुर, नागेंद्र सिंह, अखिलेश सिंह, रामलाल गुप्ता, मनोज फौजी, उपेंद्र बैठा, रविंद्र सोनी, सीताराम जायसवाल, अनिल चौबे, विक्रमा सिंह, रामप्रसाद कमलापुरी, नंदकिशोर प्रसाद, शिव भरोस सिंह, राम कुमार राम, धीरेंद्र शुक्ला, बीरबल मेहता, कुंडल सिंह, उमेश सिंह, राजकुमार कुमार राम, सोनू कुमार सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## शरद यादव गरीब, शोषित और वंचितों की आवाज थे : रामचंद्र केशरी



**भाजपा नेता के आवास पर शरद यादव के निधन पर शोक सभा आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** स्थानीय चेचरिया स्थित भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी के आवास पर पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव के निधन पर शोक सभा आयोजित कर शरद यादव को श्रद्धांजलि दी गई। सभा में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति की कामना की। मौके पर पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी ने कहा कि शरद यादव गरीबों, शोषित, वंचितों की आवाज उठाने वाले नेता थे। उनके चले जाने से भारतीय राजनीति में बड़ा खालीपन उत्पन्न हो गया है, जिसे भरा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि कर्पूरी जी एवं लोहिया जी के पद चिन्हों पर चलने वाले शरद यादव ने बड़े मुकाम को हासिल किया। जबलपुर से सांसद होते हुए मधेपुरा तक सांसद बने। शरद यादव की सोच बहुत व्यापक थी। श्री केसरी ने कहा कि समाजवादी राजनीति के बड़े खेमे के रूप में शरद यादव थे, उनका इस दुनिया से चला जाना पूरे भारतवर्ष के लिए बहुत बड़ी क्षति है। शरद यादव ने सात बार लोकसभा एवं तीन बार राज्यसभा का प्रतिनिधित्व कर देश की सेवा की है। वे तीन राज्यों से चुनाव लड़े एवं जीते, जो इनके मृदुभाषी एवं मिलनसार व्यवहार का परिचय दर्शाता है। उन्होंने कहा कि वे समाजवादी विचारधारा के होते हुए भी सभी दलों के लोगों से मिलजुल कर कार्य करते थे। विपक्ष की बड़ी धुरी होते हुए भी उन्हें अन्य किसी की कद्दू आलोचना करना कभी नहीं आता था। शरद यादव अच्छे वक्ता होते हुए भी इन्हें कटु बोलना अधिक शोर शराबा करना नहीं आता था। अपने चुनाव क्षेत्र में सरकारी संसाधनों का उपयोग कभी नहीं करते थे। 45 वर्ष तक केंद्रीय राजनीति से जुड़े रहे एवं कैबिनेट मंत्री रहते हुए भी ज्यादा समय संगठन में भी देते थे। मौके पर रामचंद्र केसरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, मथुरा पासवान, सीताराम जायसवाल, सलीम अंसारी, नंदकिशोर प्रसाद गुप्ता, अरुण प्रसाद संहिता अन्य लोग उपस्थित थे।

## मकर संक्रांति के अवसर पर सतबहिनी झरना तीर्थ में तीन दिनों तक लगनेवाला मेला शुरू

**पहले दिन लगभग 20 से 25 हजार श्रद्धालु मेला में पहुंचे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** मकर संक्रांति के अवसर पर प्रखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में तीन दिनों तक लगने वाले मेला की शनिवार को शुरुआत हो गयी। मेला के पहले दिन लगभग 20 से 25 हजार श्रद्धालु मेला में पहुंचे। सुबह से ही श्रद्धालु सतबहिनी झरना स्थल पर पहुंचने लगे थे। श्रद्धालु भक्तों ने स्थल पर स्थापित सभी मंदिरों में पूजा अर्चना की। भगवती मंदिर में पूजा-अर्चना करने वालों की काफी भीड़ देखी गयी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा। लेकिन उसी भीड़ की आड़ में आधा दर्जन महिलाओं की सोने की चेन व मंगलसूत्र की चोरी हो गयी। पीड़ित महिलाओं ने न्यास बोर्ड के कंट्रोल रूम में जाकर इसकी शिकायत की।



### गुप्त वाटिका रंका मोड़ में नि:शुल्क आंख जांच शिविर आज

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** टाईटन वर्ल्ड एवं टाईटन आई प्लस के तत्वावधान में आज 15 जनवरी को गुप्त वाटिका रंका मोड़ में नि:शुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। केशरवानी मिलन समारोह में यह कैम्प लगाया जा रहा है। कैंप का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम तीन बजे तक किया जायेगा। जिसमें सभी लोग अपनी आंखों की जांच करा सकते हैं। उक्त जानकारी टाइटन वाच के स्थानीय प्रोपराइटर नितेश कुमार ने दी।

### कांग्रेस गढ़वा जिलाध्यक्ष ने रांची में पर्यटन मंत्री से मिलकर सुखलदरी वाटर फॉल के मेले की दी जानकारी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष इंजीनियर ओबेदुल्लाह हक अंसारी ने हफिजुल हसन पर्यटन मंत्री झारखंड सरकार से शुक्रवार को रांची में उनके ऑफिस में मिलकर गढ़वा जिले का सबसे मशहूर कनहर नदी स्थित सुखलदरी वाटर फॉल में 14 जनवरी मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले भव्य मेले के आयोजन के बारे में विस्तृत रूप से मंत्री को जानकारी देने के बाद प्राकृतिक जंगल, पहाड़ और मनोरम दृश्य के बारे मे भी चर्चा की। जिलाध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि सुखलदरी वाटर फॉल को कर्पूरी ठाकुर पर्यटन स्थल के नाम से भी जाना जाता है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि सुखलदरी वाटर फॉल जैसे प्राकृतिक छटाओं से सुसजित और सुंदर स्थल को और भी बेहतर और आकर्षक बनाने के लिए पर्यटन विभाग के पास आपार संभावना है। वहीं मंत्री को जिलाध्यक्ष ने अपने मोबाइल मे कैद विडियो को भी उन्हें दिखाया। जिलाध्यक्ष ने पर्यटन मंत्री से सुखलदरी वाटर फॉल में आने के लिए भी आग्रह किया है। वहीं उनकी सभी बातों को पर्यटन मंत्री ने बड़े ही गंभीरता के साथ सुना और सुखलदरी फॉल के मनोरम दृश्य को देखने के बाद उन्हें आश्वस्त किया है कि पर्यटन स्थल के रूप में सुखलदरी फॉल का कायाकल्प किया जाएगा।

### झारखंड राज्य महिला-पुरुष कुश्ती टीम 2023 की सूची जारी

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** दिनांक 19 से 22 जनवरी 2023 तक शिरडी महाराष्ट्र में आयोजित दसवीं राष्ट्रीय ट्रेडिशनल स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता 2022-23 में भाग लेने वाले झारखंड राज्य के महिला-पुरुष पहलवानों की चयनित व फाइनल सूची निम्न प्रकार से है। महिला पहलवानों में सोनम कुमारी-32 केजी भार वर्ग, गढ़वा, अनिता कुमारी-36 केजी, सुप्रिया कुमारी-40 केजी, सोनाली कुमारी-42 केजी, आदिति कुमारी-50 केजी, अनुराधा कुमारी- 50 केजी, नेहा कुमारी- 60 केजी, प्रियंका कुमारी- 70 केजी। टीम प्रशिक्षक- उपासना विश्वकर्मा। पुरुष पहलवानों में संदीप कुमार- 54 केजी, बोकारो, राहुल कुमार-59 केजी गिरिडीह, बबलू कुमार -65 केजी, पाकुड़, दीपक कुमार-71 केजी लातेहार, साकेत कुमार-80 केजी पलामू, रोमेर सिंह-90 केजी, रामगढ़ , विवेक सिन्हा-100 केजी, गढ़वा, करनजीत सिंह-100 केजी, रामगढ़। टीम मैनेजर सह रेफरी किशोर कुणाल पासवान। यह कुश्ती टीम 16 जनवरी को रांची से शिरडी के लिए ट्रेन से प्रस्थान करेगी। टीम की घोषणा राज्य स्तरीय ओपन चयन ट्रायल कुश्ती प्रतियोगिता 2023 के आयोजन सचिव सह जिला कुश्ती संघ गढ़वा के सचिव चंद्र बहादुर सिंह ने की है।

## ठंड से ठिठुर रहे गरीब-असहायों के बीच समाजसेवियों ने कंबल बांटे

**तीन सौ कंबल और चूड़ा-गुड़ का किया गया वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में गरीब असहाय विकलांगो के बीच लगातार दो वर्षों से मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में जिले के प्रसिद्ध समाजसेवी राकेश पाल एवं एसएनसी होटल के संचालक राजीव रंजन चौबे के द्वारा सैकड़ों कंबल एवं चूड़ा गुड़ तिलकुट का वितरण किया जाता है। लगातार तीसरे साल भी 14 जनवरी 2023 को उन सभी असहाय गरीब विकलांग लोगों के बीच 300 कंबल एवं जुड़ा गुड का वितरण किया गया। कंबल वितरण के दौरान एसएनसी होटल के संचालक राजीव रंजन चौबे ने कहा कि गढ़वा में जब निवास किया तो यहां अपने व्यवसाय के रूप में एसएनसी होटल की स्थापना कर लगातार लोगों को सेवा देने का कार्य कर रहा हूं। इसी बीच हमारे मन में एक गरीब असहयो के लिए सेवा करने का भाव उत्पन्न हुआ। जिसके बाद मैंने समाजसेवी राकेश पाल से इसकी चर्चा की। जिन्होंने इसे सराहनीय कदम बताते हुए हमारा साथ दिया और हम लगातार दो वर्षों से कंबल और चूड़ा-गुड़ का वितरण करते आ रहे हैं। शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी राकेश पाल ने कहा कि हम सबसे पहले जिले वासियों से एवं सक्षम व्यक्तियों से निवेदन एवं अनुरोध करते हैं कि आप ज्यादा से ज्यादा आगे बढ़कर गरीब असहायों की मदद करें। आज बहुत ही अच्छा कार्य एसएनसी होटल के संचालक राजीव रंजन चौबे के द्वारा किया जा रहा है।



मौके पर बैजनाथ सिंह, संतोष मिश्रा, संजीव चौबे, विनोद जायसवाल, मयंक त्रिपाठी, हिमांशु मिश्रा, गौरव मिश्रा, कंचन साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे।

**खेलकूद :** 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता

# ब्राइट फ्यूचर पहली बार पहुंचा फाइनल में

**सीनियर वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल मैच में ब्राइट फ्यूचर ने आरके पब्लिक स्कूल बंशीधर को 39 रनों से हराया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल मैच में स्कूल ब्राइट फ्यूचर ने आर के पब्लिक स्कूल बंशीधर को 39 रनों से हराकर पहली बार प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में स्कूल ब्राइट फ्यूचर का मुकाबला आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा के बीच होगा।



गोविंद हाई स्कूल के मैदान में सेमीफाइनल मैच से पूर्व विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य कंचन साहू, प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, सुशील केशरी, अशोक विश्वकर्मा गढ़वा जिला के पूर्व कप्तान अनूप तिवारी, अनूप चौधरी और प्रणव शंकर झा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। आरके पब्लिक स्कूल बंशीधर ने टॉस जीतकर स्कूल ब्राइट फ्यूचर को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कूल ब्राइट फ्यूचर की टीम के सलामी बल्लेबाज इमरान और यूनुस ने अपनी टीम को ठोस शुरुआत देते हुए पहले विकेट के रूप में 75 रन की साझेदारी की। 75 रनों की साझेदारी की बदौलत स्कूल की टीम ने निर्धारित ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 135 रन बनाये। टीम की ओर से इमरान ने 49 और यूनुस ने 14 रन बनाये। आरके पब्लिक स्कूल बंशीधर की ओर से पवन ने 4 विकेट प्राप्त किये। जवाबी पारी खेलने उतरी आरके पब्लिक स्कूल नगर की टीम की ओर से सत्यम को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज दहाई अंक में प्रवेश नहीं कर सका। सत्यम ने सर्वाधिक 13 रन बनाये। स्कूल ब्राइट फ्यूचर की ओर से आकाश ने 2.3 ओवर में 24 रन देकर चार विकेट लिये। मैन ऑफ द मैच पुरस्कार स्कूल ब्राइट फ्यूचर के आकाश कुमार को कंचन कुमार साहू और प्रतियोगिता के सह सचिव प्रिंस सोनी और अजीत सिन्हा ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। गढ़वा जिला के पूर्व कप्तान अनूप तिवारी ने कहा कि आज जिले में जितने भी क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ी हैं सभी इसी प्रतियोगिता के उपज हैं। पूर्व खिलाड़ी अनूप कुमार चौधरी ने कहा कि यह प्रतियोगिता राज्य का सबसे बड़ी प्रतियोगिता बन चुकी है और इस प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ी ही जिला का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रणव शंकर झा ने कहा कि खेल का यह महाकुंभ है, जिसमें खिलाड़ी से लेकर दर्शक तक अपने आपको दूर नहीं रखना चाहते हैं।

इस मौके पर प्रवीण मिश्रा, नवनीत उपाध्याय, सोनू, आयुष तिवारी, अभिमन्यु पाठक, विशाल, अभिषेक द्विवेदी, मनोज तिवारी, प्रिंस खान, आदित्य, सूर्या, प्रभात सहित कई लोग शामिल थे।

## कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा का अनावरण 24 जनवरी को

**मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर करेंगे प्रतिमा का अनावरण**



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती के मौके पर 24 जनवरी को नीलांबर-पीतांबर पार्क के समीप कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। प्रतिमा का अनावरण गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर करेंगे। कार्यक्रम की सफलता के लिए शनिवार को शहर के पुरानी तहसील भवन में राष्ट्रीय नाई महासभा गढ़वा की बैठक आयोजित की गई। प्रतिमा स्थापित कराने के लिए समाज के लोगां ने सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री श्री ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

कार्यकारी जिला अध्यक्ष दशरथ ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में अन्य विन्दुओं पर चर्चा करते हुए अन्य मांगों को मंत्री के संज्ञान में देने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव राजेश्वर ठाकुर, राजू ठाकुर उर्फ पुटु ठाकुर, मार्गदर्शक राधेकृष्ण ठाकुर आदि ने कहा कि कर्पूरी जयंती समारोह में निःस्वार्थ भाव से सभी समाजवादी लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। कर्पूरी ठाकुर ने सभी वर्गों के प्रति समान भाव रखते हुए दलित, गरीब व पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए कई कार्य किये। दशरथ ठाकुर ने कहा कि 24 जनवरी 2023 गढ़वा जिलावासियों के लिए ऐतिहासिक दिन एवं गर्व का क्षण होगा। बैठक का संचालन जिला महासचिव सतीश ठाकुर ने किया। बैठक में संगठन मंत्री दिनेश ठाकुर, सचिव इन्द्रजीत ठाकुर, मनोज ठाकुर, सुनील ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, प्रणव ठाकुर, अजय ठाकुर, श्यामलाल ठाकुर, राजेश ठाकुर, सत्यनारायण ठाकुर, विभूति ठाकुर, सतेंद्र ठाकुर, सुभाष ठाकुर, गुप्तेश्वर ठाकुर, मटुक ठाकुर, मनोज ठाकुर, हरिनन्दन ठाकुर, टूसलोटु ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# खलारी पहाड़ी मंदिर में मनायी गयी मंदिर पुनर्निर्माण की 21वीं वर्षगांठ



**खलारी (आजाद सिपाही)।** पहाड़ी मंदिर के खिचड़ी भंडारा में शनिवार को हजारो श्रद्धालु शामिल हुए। अवसर था पहाड़ी मंदिर खलारी के 21वीं वर्षगांठ उत्सव का। 24 घंटे अखंड कीर्तन के समापन के बाद शनिवार सुबह 10.30 बजे खिचड़ी भंडारा आरंभ हुआ। मंदिर के पुजारी बृजराज दुबे व सोनू दुबे द्वारा भगवान का भोग लगाने के बाद सीसीएल एनके महाप्रबंधक संजय कुमार ने श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी परोस कर भंडारा का शुभारंभ किया। संजय कुमार ने कहा कि पहाड़ी मंदिर खलारी कोयलांचल की धरोहर है। भरोसा दिया कि सीसीएल की मदद से मंदिर परिसर की चारदीवारी व सौंदर्यीकरण कराएंगे। उन्होंने मंदिर को भव्यरूप प्रदान करने में पहाड़ी मंदिर विकास समिति के योगदान की तारीफ की। दिनभर चले भंडारे में 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने खिचड़ी खाया। मंदिर प्रांगण में सारा दिन मेले सा नजारा रहा। श्रद्धालु पहले मंदिर में पूजा करते फिर खिचड़ी खाने आते। पहाड़ी मंदिर विकास समिति के लोगों ने व्यापक प्रबंध कर रखा था। एसीसी हाई स्कूल के बच्चों ने प्रसाद वितरण में बिना थके अहम भूमिका निभाई। भंडारा में शामिल होने वाले प्रमुख लोगों में रामदेवलाल अग्रवाल, केएनपी सिंह, एमपी सिंह, कमलेश कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, विजय प्रताप, बीएन पांडेय, इंदिरा देवी, अनिल पासवान, श्याम सुंदर सिंह, जालिम सिंह, शशिभूषण सिंह, शैलेन्द्र शर्मा, दिनेश प्रसाद, रूबी यादव, भूषण यादव, भोला यादव, सुरेन्द्र यादव, डॉ.जीतेन्द्र राय आदि शामिल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सिद्धेश्वर प्रसाद, ओमप्रकाश राय, अमरेश वर्मा, सुशील अग्रवाल, दिनेश पांडेय घंटू, सूर्यकांत सिंह, दिलीप साहू, पृथ्वी सिंह, बैजनाथ प्रसाद, उदय यादव, धीरज सिन्हा, भूपनाथ साव, नंदलाल साव आदि सहित कीर्तन मंडली का योगदान सराहनीय रहा।

## एनके एरिया नोनिया चौहान एकता मंच की ओर से की गयी मां वत्सला भवानी की पूजा



**खलारी (आजाद सिपाही)।** नोनिया चौहान एकता मंच एनके-पिपरवार की ओर से सीएचपी छठ घाट स्थित पृथ्वीराज चौहान चौक पर इस साल भी समाज की कुलदेवी मां वत्सला भवानी की मूर्ति पूजा बड़े धूमधाम से की गई। मंच के अध्यक्ष नंदलाल चौहान, सचिव रामबली चौहान एवं संरक्षक कृष्णा चौहान के नेतृत्व पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान एनके जीएम संजय कुमार, नोनिया-चौहान समाज के कई गणमान्य आदि शामिल हुए। मंच के सदस्यों ने बताया कि चौहान समाज की कुलदेवी मां वत्सला भवानी की पूजा से जुड़ी कई मान्यताएं हैं। आस्था और विश्वास का प्रतीक मां वत्सला भवानी की हम सभी लोग पूजा करते हैं। माता की महिमा अपरंपार है। जब भी कोई विपत्ति आई है, तब मां वत्सला भवानी ने उसे हर लिया है। उन्होंने कहा कि आस्था के साथ मां वत्सला से मन्नतें मांगते हैं उनकी मुरादे पूरी होती है। इसलिए हम लोगों की कुलदेवी भी मां वत्सला भवानी है। इस बीच दोपहर से लेकर देर रात तक खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान नंदलाल चौहान, रामबली चौहान, कृष्णा चौहान, बुटन चौहान, अभिषेक चौहान, अजय चौहान, दिनेश चौहान, हरकेश चौहान, डॉ राजकुमार महतो कमलेश प्रसाद, राजेंद्र चौहान, राजकुमार चौहान, दिलीप चौहान, सुधीर चौहान, रामनारायण नोनिया, शिवनारायण नोनिया आदि उपस्थित थे।

## पूस पर्व को लेकर तमाड़ बाजार में उमड़ी भारी भीड़

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पांच परगना क्षेत्र के प्रसिद्ध पूस पर्व को लेकर शनिवार को तमाड़ बाजार में भारी भीड़ उमड़ी। हजारों लोग गांव देहातों से बाजार पहुंच कर मकर संक्रांति के लिए गुड़, बेसन, चावल की गुड़ी और तेल आदि पकवन के सामान खरीदे। वहीं कपड़े, कंबल व जूता चप्पल की खरीदारी की। इसके अलावे मिठाई की दुकानों में भी भीड़ देखी गई। डोरेया से तमाड़ तक लोगों की भीड़ देर शाम तक जमी रही। शनिवार से ही टुसू मेला का भी आगाज हो जाएगा। मरधान में मेला का आयोजन किया गया है। तमाड़ स्टैंड में कपड़े आदि की दुकान लगेगी। परंपरा के अनुसार तमाड़ के कयी इलाके में मीट भात खाने की परंपरा है। सुबह से ही खस्सी कटेंगें और लोग भक्ति भाव से पूजा के बाद सेवन करेगें। इधर, गगरसतिया पलना अबुआ सिदरी, सिरिंगिटी, जोयदा, परासी मधु मेला, राजा मेला, सूर्य मंदिर हाराडीह, झारगाव, इचाडीह आदि जगहों में टुसू मेला का आयोजन किया गया है। लोग गुड़- पिठा का सेवन करेगें और घर-घर जाकर एक-दूसरे को पूस की बधाई देंगें।

## मकर संक्रांति पर सांसद प्रतिनिधि ने जरूरतमंदों में कंबल बांटा



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुण्डा के नेतृत्व में दर्जनों असहाय गरीब वृद्ध महिलाओं के बीच कंबल वितरण किया गया। आलोमनी देवी, फूलेश्वरी देवी, फुलमनी देवी, पांतो देवी, चंद्रिका देवी, रूकमनी देवी, गंगा देवी, महेश्वरी देवी, गीता देवी, भूवनेश्वरी देवी, कृष्णा मछुआ, धीरेन्द्र मांझी आदि कंबल पाकर काफी खुश दिखीं। कंबल वितरण के दौरान भाजयुमो मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी, ओबीसी मोर्चा के सिद्धार्थ गुप्ता, अरूण शांडिल्य उपस्थित थे। कंबल की उपलब्धता सामाजिक कार्यकर्ता अमित कुमार द्वारा किया गया था।

## मकर संक्राति आज, लोगों ने की दही-चूड़ा की खरीदारी

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के अधिकतर जगहों पर रविवार को मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाएगा। हालांकि कुछ जगहों पर शनिवार को लोगों ने पर्व मनाकर दी-चूड़ा और तिलकुट का आनंद लिया। मकर संक्रांति को लेकर खूंटी में तिलकुट का बाजार सजा हुआ है।

### एक लाख के इनामी उग्रवादी के परिवार से मिलकर थाना प्रभारी ने समझाया

# नक्सली सुखराम को समर्पण करने को कहें

## एक सप्ताह में समर्पण नहीं किया तो उसकी मौत की पुलिस जिम्मेवार नहीं : विक्रांत

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** मैं भी इंसान हूं। मेरे पास भी दिल है। कितना मासूम व सुंदर बच्चा है। कैसे इस बच्चे से दूर है इसका बाप। बहुत दुःख होगा, जब इसका बाप मेरी गोलियों का शिकार होगा। मैं चाहता हूं कि इस बच्चे पर इसके पिता का साया बना रहें। जब खूंखार जीदन गुड़िया और सनिचर उरांव जैसे उग्रवादी मारे गये, तो सोचिए आपके बेटे सुखराम गुड़िया की क्या बिसात। सरकार ने उसके सिर पर एक लाख रुपये का इनाम रखा है। एक हफ्ता नहीं लगेगा उसे खोजकर मार गिराने में। उसे आत्मसमर्पण करने को कहें। आपको एक सप्ताह का मौका दिया जाता है। दोबारा यह न कहिएगा कि पुलिस ने मौका ही नहीं दिया। सरकार की सरेंडर पालिसी में वह जी खा लेगा। जंगल-जंगल भटकने से बेहतर है कि परिवार के करीब रहे। उक्त बातें तपकारा के थाना प्रभारी विक्रांत कुमार ने कही। वे इस दिन एक लाख के इनामी सुखराम गुड़िया के माता-पिता, पत्नी और भाई को थाने में बैठाकर चाय पिलाते हुए उनका मन बदलने की कोशिश कर रहे थे. उन्हें कुछ हद तक अपने मकसद में कामयाब भी मिली। मोस्ट वांटेड सुखराम के परिवार ने थानेदार से वादा किया कि वे लोग सुखराम को आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर करेंगे। थाने में सुखराम के पिता दुगन गुड़िया, भाई दुता गुड़िया मां और पत्नी को बुलाया गया था। जबतक बातचीत होती रही थानेदार नक्सरी सुखराम के बच्चे को गोद में खिलाते रहे।



नक्सली सुखराम के परिजनों को थाने बुलाकर समझाते थाना प्रभारी।

### जेल जायेंगे, तो बाहर कैसे निकलेंगे, पैसा भी तो नहीं है

उग्रवादी सुखराम की पत्नी ने कहा कि उसका पति यदि जेल चला गया, तो उसे बाहर कैसे निकालेंगे, क्योंकि उनके पास तो पैसे ही नहीं हैं। इस पर थानेदार ने समझाया कि सरकार द्वारा घोषित इनाम भी परिवार को मिलेगा और अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी। कहा कि अपको जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा निःशुल्क कानूनी सहायता मिलेगी। इस पर सुखराम के स्वजन संतुष्ट नजर आए और कहा कि वे सुरखाम को सरेंडर करने को प्रेरित करेंगे।

## तिरू फॉल में लगा मकर संक्रांति मेला उमड़ी भारी भीड़

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल क्षेत्र के निकटर्वी तिरूफॉल में शनिवार को एतिहासिक मकर संक्रांति मेले का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज के लोग शामिल हुए। मेले में आये लोगों ने तिरूफॉल के मनोरम दृश्य का भी दीदार किया। मेले में राय, बचरा, डकरा, खलारी, लपरा, टंडवा, बुड़मू, केरेडारी, ठाकुरगांव, किचटो, बिलारी आदि इलाकों से काफी संख्या में लोग शामिल हुए। आयोजन समिति की ओर से रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें कलाकारो ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम पेश किया। वक्ताओं ने तिरू जल प्रपात के महत्व पर प्रकाश डाला और मूलभूत कमियों को भी उजागर किया।

## डेगाडेगी नदी पर मकर संक्रांति मेले में उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** मैकलुस्कीगंज क्षेत्र के डेगाडेगी नदी में मकर संक्रांति मेले का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि खलारी पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी के अलावा प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, लपरा मुखिया पुतुल देवी, डुमारो मुखिया सुनीता देवी, पंचायत समिति सदस्य संगीत देवी, पूर्व विंग कमांडर आरके प्रसाद आदि मौजूद थे। जिप सदस्य सरस्वती देवी एव प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा ने मेले का उद्घाटन किया। मेले में लपरा व डुमारो पंचायत के जनप्रतिनिधियों सहित आसपास के ग्रामीण शामिल हुए। सबसे पहले पाहन हरि पाहन, लालचंद मुंडा, कुलदीप पाहन एव रंजन पाहन द्वारा पूरे विधि विधान के साथ पूजा की गई। उसके बाद मेले का शुभारंभ किया गया। मेले में बच्चियों ने सांस्कृतिक पारंपरिक नृत्य पेश किया। वहीं, गायक कपिल खरवार ने भी अपने गीतों से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी पंचायत प्रतिनिधियों ने बच्चियों के साथ नृत्य किया। सभी प्रतिनिधियों ने मेला स्थल के विकास को लेकर सकारात्मक पहल करने की बात कही। पारंपरिक मिठाई, खिलौने, श्रंगार प्रसाधन, ईख की दुकानों में ग्रामीणों ने जमकर खरीदारी की। मेले में जितेंद्र पाण्डेय, सुशील तिवारी, महादेव राणा, रामभजन सिंह, शशि प्रसाद साहू, जितेंद्र भारतीय, भीम प्रसाद, भुनेश्वर महतो, बसंत मिस्त्री, बिरजा उरांव, प्रभु मुंडा, सीताराम महतो, विद्यानंद सिंह, कपिलदेव सिंह, मुनेशर राम, चरवा उरांव, जितेंद्र सिंह, दिनेश प्रसाद गुप्ता, मुकेश यादव, राजेन्द्र रजक, हरेंद्र उरांव आदि मौजूद थे।



मेरे में उमड़ी लोगों की भारी भीड़

## स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह का शहादत दिवस मना

**खलारी (आजाद सिपाही)।** डकरा स्थित भूतनगर में स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह की शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इस्माइल अंसारी और संचालन इस्लाम अंसारी ने किया। जिसमें उपस्थित प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, पूर्व जिला परिषद सदस्य अब्दुल्लाह अंसारी, रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, विस्थापित नेता इकबाल हुसैन, कांग्रेस झारखण्ड प्रदेश लेबर सेल महासचिव राजन सिंह राजा, कांग्रेस नेत्री गुजंन सिंह, पिंकी सिंह, चुरी पश्चिमी मुखिया शांति देवी, इस्माइल अंसारी, समसुल होदा, कांग्रेस नेत्री इंदिरा देवी तुरी, तौहीद अंसारी, इकबाल खान, फारुक रजा, साबीर अंसारी, तनवीर आलम मौजूद थे। वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे। प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह की शहादत को हम भूल नहीं सकते। लोग आज अपने स्वार्थ में बह कर सिर्फ अपने लिए सोचते हैं। लेकिन इन दोनों वीर शहीदों ने अपने देश के लिए अपनी जान तक दे दी। वहीं, राजन सिंह राजा ने कहा कि झारखंड के अमर वीर शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह 1857 ई० के जंगे ए आजादी में लड़ने वाले महान क्रांतिकारी योद्धा थे। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बिगुल फूंककर उनके दांत खट्टे कर दिए थे। उन्हें भुलाया नहीं जा सकता है और शहादत दिवस के अवसर पर हम उन्हें कोटि कोटि नमन करते हैं। अब्दुल्लाह अंसारी ने कहा कि शहीद शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह ने अंग्रेजों से लोहा लिया था। दोनों ने हंसते हंसते देश के लिए अपने प्राणों की आहूति दे दी। दोनों ने अपने बलिदान से समाज एवं देश को हिन्दू मुस्लिम एकता का परिचय दिया था। मौके पर जया आलम, मो मोइनुद्दीन अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी, मो फखरुद्दीन आदि मौजूद थे।



## निरस्त हो तुमांग पंचायत को मैक्लुस्कीगंज थाना में शामिल करने का प्रस्ताव : गोपाल

**खलारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत तुमांग पंचायत को खलारी थाना से हटाकर मैक्लुस्कीगंज थाने में शामिल करने के प्रस्ताव को स्वीकृत किए जाने का विरोध करते हुए कांग्रेस नेता गोपाल सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कहा कि तुमांग पंचायत के ग्रामीण नहीं चाहते हैं कि तुमांग को मैक्लुस्कीगंज थाने में शामिल किया जाए। ऐसा होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी होगी। तुमांग पंचायत के ग्रामीणों को खलारी आने जाने में वाहन सहित अन्य सुविधा मिलती है। मुख्य मार्ग पर वाहन की सुविधा ग्रामीणों को होती है जबकि मैक्लुस्कीगंज जाने के लिए कोई भी वाहन की सुविधा नहीं है, बल्कि रूट भी उल्टा पड़ता है। गोपाल सिंह ने कहा कि ग्रामीणों की सुविधा को देखते प्रस्ताव को निरस्त किया जाए।

### हाइस्कूल में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# समाज में व्याप्त कुरीतियों को करना होगा दूर : डालसा सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, झालसा के निर्देशन और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में शनिवार को मुरहू प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय कूड़ापूर्ति में दिशा योजना के तहत विधिक साक्षरता सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम शनिनार और रविवार को ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जाएगा। इस योजना के तहत ऐसे गांवों को चिह्नित किया गया है, जो सामाजिक और आर्थिक रूप से काफी कमजोर रह गए हैं। ऐसे गांवों में रहनेवाले लोगों को कानूनी साक्षर बनाना है और उनको उनका कानूनी हक दिलाना भी है। सचिव ने कहा कि विधिक जागरूकता एवं साक्षरता के बिना कोई भी गांव, व्यक्ति एवं समाज विकसित नहीं हो सकता। हमें समाज में व्याप्त सभी प्रकार की कुरीतियों को दूर करना होगा। मुरहू के प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा चलायी जा रही विकास योजनाओं के बारे में जानकारी दी। डालसा के पैनल अधिवक्ता मदन मोहन राम ने कहा कि हम सभी को मिलकर डायन-बिसाही जैसी कुप्रथा को खत्म करना होगा, यह एक अपराध है। इसके विरोध में महिलाओं को आगे आना होगा। डालसा अधिवक्ता आशीष कुमार ने ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त हड़िया प्रथा एवं अफीम की खेती को बंद करने पर जोर दिया। बताया गया कि खूंटी जिले के सभी विधिक सहायता केंद्रों द्वारा आसपास और सभी सुदूर गांवों में पीएलवी के माध्यम से यह कार्यक्रम किया जा रहा है। शिविर में जॉब कार्ड, किशोरी समृद्धि योजना, गोद भराई योजना, लक्ष्मी बाई योजना का लाभ लाभुकों को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पीएलवी चंदन कुमार, शांति नाग, देवराज कुमार भगत, नरेश कुमार महतो सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। इस मौके पर कोरोना काल में अनाथ हुए बच्चों के बीच कंबल का वितरण किया गया।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### बाबा रंगरोड़ी धाम में टुसू मेला आज, कांग्रेस अध्यक्ष ने लिया तैयारियों का जायजा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के प्रसिद्ध बाबा रंगरोड़ी धाम में 15 जनवरी को टुसू मेला का आयोजन किया जाएगा। मकर संक्राति पर यहां हजारों श्रद्धालुओं के भाग लेने की संभावना है। मकर संक्रांति पर रंगरोड़ी पहाड़ी की गहराई में उतर कर हजारों श्रद्धालु बाबा भोलनाथ की पूजा-अर्चना करते हैं और आयोजित मेले का आनंद लेते हैं। साथ ही टुसू पर्व को लेकर चौड़ल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाता है। खूंटी जिला ओबीसी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सोनू इमरान ने शनिवार को कार्यकर्ताओं के साथ मेले और श्रद्धालुओं की सुविधा का जायजा लिया। मौके पर उपाध्यक्ष मुकेश महतो, पड़हा संयोजक महादेव मुंडा, समाजसेवी सोनू सिंह, साई पाहन आदि उपस्थित थे।

### रैयत विस्थापित मोर्चा की बाइक रैली, 16 से होने वाली बंदी को सफल बनाने को झोंकी पूरी ताकत



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा की ओर से सात सूत्री मांगों को लेकर 16 जनवरी से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन पिपरवार बंद को सफल बनाने को लेकर शनिवार को बाइक रैली निकाली। पिपरवार के बेंती खेल मैदान से बाइक रैली शुरू हुई जो जोबिया, न्यू मंगरदाहा, चिरैयाटांड़, किचटो, बिलारी, कारो, कल्याणपूर और बहेरा आदि गांवों का भ्रमण किया। रैली के माध्यम से क्षेत्र के लोगों से 16 जनवरी से होने वाले अनिश्चितकालीन बंद को सफल बनाने का आह्वान किया गया। इस मौके पर रामचंद्र उरांव, जितेंद्र कुमार, रचित गंझु, रामबालक गंझु, विजय महतो, इदरीस अंसारी, रितेश टाना भगत, दिरपाल टाना भगत, सुनील गंझु, बिरु मुंडा, ईश्वर राम, हेमलाल महतो, प्रेम ठाकुर, रोहित साव, गुड्डू अंसारी, अनिल केसरी, जयराम भुईयां और प्रभात कुमार आदि मौजूद थे।

### मुरी पुलिस ने चलाया हेलमेट जांच अभियान



**मुरी (आजाद सिपाही)।** मुरी ओपी पुलिस ने मुरी सिल्ली पथ पर शनिवार को हेलमेट जांच अभियान चलाया। इस दौरान 18 वर्ष के कम युवाओं को रोक कर उनकी गाड़ी के कागजातों की जांच की गई। इस दौरान लोगों को थाना प्रभारी बबलू कुमार द्वारा सुरक्षा और यातायात नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस कर्मियों ने लोगों को समझाया कि सुरक्षित रहने के लिए हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें, इस मौके पर कई लोग तुरंत हेलमेट खरीदें और सुरक्षा दृष्टिकोण से बातों को समझते हुए हमेशा हेलमेट का उपयोग करने को सही बताया।

### कोंबो गांव में 20 एकड़ में की गयी पोस्ता की फसल को एसएसबी ने किया नष्ट



**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कोम्बो गांव में शनिवार को 20 एकड़ जमीन में लगे पोस्ते की खेती को एसएसबी 26 वीं बटालियन ए कंपनी के जवानों ने अनगड़ा पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर शनिवार की शाम को नष्ट कर दिया। गुप्त सूचना के आधार पर एसएसबी के जवानो ने इंस्पेक्टर रविशंकर के नेतृत्व में गांव जाकर पोस्ता की खेती को नष्ट किया। अभियान में अनगड़ा थाना के संजय कुमार दास की टीम के अलावा एसएसबी के जवान उपस्थित थे।

### खलिहान में रखी धान चाकी में लगी आग

**राहे (आजाद सिपाही)।** सताकी पंचायत के कोन्ताटोली के किसान सुनील मुंडा के खलिहान में रखे धान चाकी में अचानक आग लग गई। जिससे हजारों रुपये का धान जल गया। घटना शनिवार अपराह्न तीन बजे के आसपास की है। आग की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने अपने प्रयास से काबू पा लिया। लेकिन तब कर करीब 80 हजार रुपये के धान जल चुके थे। इसकी जानकारी पाकर मुखिया पांडु मुंडा भी पहुंचे और किसान से मिलकर मुआवदा दिलाने काआश्वासन दिया।

### टुसू मेले में शामिल हुए विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी के बारूडीह चालम में शनिवार को टुसू मेला और फुटबॉल मैच में बतौर मुख्य अतिथि विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा भी शामिल हुए। कर्यक्रम स्थल पहुंचने पर लोगों ने उनका पारंपरिक ढंग से स्वागत किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि काशी नाथ महतो, मदन गोप, सुरेश जायसवाल, राजेश नाग, जनार्दन मिश्रा, सुकेंदर महतो, जीतन स्वांशी, जगदीश गंझू, सीताराम महता, बाली उरांव सहित अन्य भाजपाई मौजूद थे।

### चान्हो में अंजुमन इस्लामिया रांची ग्रामीण प्रखंड कार्यालय का उद्घाटन, गरीबों के बीच किया कंबल वितरण




**चान्हो (आजाद सिपाही)।** अंजुमन इस्लामिया रांची ग्रामीण का शनिवार को चान्हो में प्रखण्ड कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यालय उद्घाटन सह कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप में ग्रामीण अंजुमन के केंद्रीय अध्यक्ष मुस्तफा अंसारी ,खलारी डीएसपी अनिमेश नैथानी, अंजुमन के सक्रिय सदस्य ओहदार, मुस्लिम फैजी असफाक अंसारी, इमामुल अंसारी मोहसीन आलम शामिल हुए। कार्यालय उद्घाटन के उपरांत चान्हो के पूर्व प्रमुख जुल्फान अंसारी के नेतृत्व में ठंड से बचने के लिए जरूरतमंद बुजुर्ग असहाय गरीब लोगों को कंबल वितरण किया गया। वहीं मकर संक्रांति के अवसर पर गरीब असहाय लोगों को ग्रामीण अंजुमन की ओर से तिलकुट वितरण किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष मुस्तफा अंसारी ने कहा कि सेवा भाव से गरीब असहाय लोगों को ठंड से बचने के लिए सभी जाति समुदाय के लोगों को कंबल वितरण किया जा रहा है। मौके पर मुख्य रूप से गयास अंसारी,समीम अंसारी,नूर मोहम्मद,वजीर अली रमजान अंसारी,सफिरूद्दीन अंसारी ,रसीद अंसारी एजाज अंसारी बसरूद्दीन अंसारी,अमित कुजूर, उमेश दास गोस्वामी सन्तोष महली सहित क्षेत्र के अनेकों समाजसेवी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 15 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in


## सांसद ने दिव्यांगजनों के बीच सहायक यंत्र एवं उपकरणों का किया वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तत्वावधान में नामकुम स्थित दिव्यांगजनों के लिये कार्यरत समेकित पुनर्वास केंद्र में दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, ट्राई साईकल, स्मार्टफोन, स्मार्ट केन, श्रवण यंत्र, वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर रांची सांसद संजय सेठ मौजूद थे। इसके अलावा झारखंड सरकार के सामाजिक सुरक्षा निदेशक सह राज्य निशक्तता आयुक्त छवि रंजन निशक्तता आयुक्त, एडीएम लॉ एंड आर्डर आलोक उपस्थित थे। सांसद संजय सेठ ने सीआरसी रांची के कार्यों की सराहना करते हुये कहा कि यह केंद्र अपनी स्थापना के काफी कम वर्षों में ही दिव्यांगजनों को अधिक से अधिक सुविधाएं पहुंचाने के लिये प्रयासरत है और दृष्टिकोन हमारे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ और सबका विकास की सोच को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि आज के दिन में पूरे भारतवर्ष के 67 केंद्रों में एक साथ इस कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार कर रही है। सूरत सामाजिक सुरक्षा निदेशक रवि रंजन ने दिव्यांग जनों को सरकार की हर योजनाओं से जोड़ने की प्रतिबद्धता बतायी। सीआरसी के निर्देशक जितेंद्र यादव ने सीआरसी के कार्यों व भविष्य की योजनाओं के बारे में प्रकाश डाला और कहा कि समाज के हर वर्ग को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सीआरसी समेत सभी सेवा प्रदाताओं विभागों और गैर सरकारी संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

इस मौके पर राष्ट्रीय मंत्री आरती सिंह, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, समीर राय, प्रज्ञा भारती, अशोक नायक, अमित कुमार मिश्रा, गिरिधर मिश्रा सहित सैकड़ों दिव्यांगजन मौजूद थे।

## एसएसबी व अनगड़ा पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर अवैध अफीम की फसल को किया नष्ट



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** एसएसबी 26वीं वाहिनी एवं अनगड़ा पुलिस ने शनिवार को थाना क्षेत्र के अंबाझरिया व भेलवाटिकरा आदि गांवों में अवैध पोस्तो की खेती के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया। इस क्रम में करीब एकड़ में फैली अफीम की खेती को विनष्ट किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अंबाझरिया, भेलवाटिकरा सहित आसपास के जंगलों में व्यापक पैमानें पर अवैध अफीम की खेती की जा रही है। सूचना पाते हीं पुलिस ने एसएसबी के साथ एक टीम का गठन किया तथा उक्त गांवों में संयुक्त अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व अनगड़ा थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार व एसआई संजय कुमार दास ने किया।

## जीडीएस कर्मियों की समस्याओं को लेकर पीएमजी और डीपीएस से की मुलाकात



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक कर्मचारी संघ रांची के प्रमंडलीय सचिव रामकुमार दीपक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने चीफ पोस्टमास्टर राकेश कुमार, डाक निदेशक एवं वरिष्ठ डाक अधीक्षक उदयभान सिंह से मुलाकात की तथा उन्हें ग्रामीण डाककर्मियों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए इसका त्वरित निष्पादन करने का आग्रह किया। मौके पर प्रमंडलीय सचिव रामकुमार दीपक नें डाक अधिकारियों से कार्यालय सेटिंग के तहत कार्यरत कर्मियों की समस्या, लंबित रिजल्ट का तुरंत प्रकाशन, लंबित देय भुगतान सहित अन्य समस्याओं के त्वरित समाधान करने का आग्रह किया। मौके पर डाक अधिकारियों ने कई समस्याओं का ऑन दी स्पॉट निष्पादन किया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जल्द हीं लंबित अन्य मामलों के निराकरण का प्रयास किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में संघ के अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

## 21वां सरना झंडा स्थापना दिवस समारोह का समापन



**इटकी (आजाद सिपाही)।** इक्कीस पड़हा सरना प्रार्थना सभा के तत्वावधान में कुल्ली गांव में दो दिवसीय 21वां सरना झंडा स्थापना दिवस समारोह का समापन शनिवार को हुआ। शुक्रवार को सरना माता की विधिवत पूजा अर्चना की गई। नियमसंगत पहान मंगरु उरांव, ग्राम प्रधान अजय लकड़ा व मटनु उरांव की अगुवाई में झंडा बदली किया गया। प्रार्थना, भजन अनान्दी मुजना सिरिसिता कपड़ो लता, प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। मौके पर कहा कि आदिवासियों का प्रकृति से अटूट प्रेम है और आदिवासी प्रकृति के पूजक हैं। सरना मां की प्रार्थना हमें अध्यात्म की ओर ले जाती है। इसे जीवंत रखने आवश्यकता जतायी। कार्यक्रम में 21 पड़हा राजा मदन उरांव, संदीप उरांव, जतरु, चारो, सुधीर, मुखिया विनय उरांव, सुकरा, पंसस बीरू उरांव, जूनियल केरकेट्टा, रंजीत उरांव शंकर, बिरसा व बीरेंद्र सहित अन्य शामिल थे।

## एकैशी महादेव में मकर संक्रांति मेला का आयोजन



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** ठाकुरगांव स्थित ऐतिहासिक एकैशी महादेव भुरनदी में शनिवार को मकर संक्रांति के अवसर पर मेला का आयोजन किया गया। मेला का उदघाटन सांसद संजय सेठ, मंडल अध्यक्ष उतपल शाहदेव, लाल पशुपतिनाथ शाहदेव ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर सांसद ने कहा कि इस ऐतिहासिक स्थल का विकास किया जायेगा। मेला में अहले सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। श्रद्धालुओं ने नदी में स्नान कर मंदिर में पूजा अर्चना भी किया। इसके साथ ही पिठोरिया के मालश्रृंग गांव स्थित मोहे पहाड़ में भी टुसु मेला का आयोजन किया गया। मेला में समिति द्वारा नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मेला को सफल बनाने में आयोजन समिति के सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

**हंगामा :** आरोपियों के छुड़ाने के लिए पांच घंटे तक ग्रामीणों ने किया रातू थाने में हंगामा

# धक्कामुक्की और मारपीट में तीन दारोगा हुए घायल

**बंधन बैंक की महिला कर्मचारी से लूट के मामले में हिरासत में लिये गये थे लोग**

**पांच नामजद व 15 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज, दो लोगों को गिरफ्तार भेजा गया जेल**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** बंधन बैंक की महिला कर्मचारी से हुई लूटकांड संख्या 19/23 की तहकीकात के लिए गयी पुलिस के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। इसके उपरांत हिरासत में लिए गये लोगों को छुड़ाने के लिए ग्रामीणों ने पांच घंटे तक थाने के गेट को जाम कर नारेबाजी की। मामले को लेकर पुलिस ने पांच नामजद व 15 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की है। वहीं दो लोगों झखराटांड़ निवासी सिकंदर साहू व फेटा निवासी संजय गोप को जेल भेज दिया गया।

**13 जनवरी की लूट की तहकीकात में गयी थी पुलिस :** 13 जनवरी को बंधन बैंक की महिला कर्मचारी से दो बाइक सवार अपराधियों ने छिनतई की घटना को अंजाम दिया था। महिला से 38 हजार रुपये और उसका आई फोन की छिनतई हुई थी। छीने हुए आई फोन झखराटांड़ निवासी सिकंदर साहू से बरामद किया गया। पुलिस सिकंदर को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए थाने ले आयी। हिरासत में लेने की खबर पर रातू थाने पहुंचे दर्जन भर लोगों ने एसआई अंजन कुमार, अभिषेक सिंह व शेखर सिंह के साथ धक्का मुक्की व मारपीट की। जिससे तीनों जख्मी हो गये। इनके शरीर के कई हिस्से में चोट के निशान हैं। मारपीट की घटना रातू थाने में लगी सीसीटीवी में कैद हो गयी। मामले को लेकर एसआई अभिषेक सिंह ने मारपीट व सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के आरोप में पांच नामजद व 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ रातू थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर दो आरोपियों को झखराटांड़ निवासी सिकंदर साहू व फेटा निवासी कृष्णा गोप को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अन्य आरोपियों में रूपेश गोप, रविंदर सिंह व संगीता देवी शामिल हैं।

**आरोपियों को छुड़ाने के लिए किया गेट जाम, वाहन रोका :** मामले को लेकर आरोपियों की गिरफ्तारी के विरुद्ध ग्रामीणों ने रातू थाने के गेट को पांच घंटे तक जाम रखा व पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान आरोपियों को ले जा रहे वाहन को भी रोक दिया गया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।।सव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जय सरना समिति ने अनगड़ा के जमुवारी में टुसू मेला का किया आयोजन

**मेला हमारी सभ्यता, संस्कृति और पहचान से जुड़ी विरासत की धरोहर है : कविता देवी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** जय सरना समिति जमुवारी अनगड़ा के तत्वावधान में शनिवार को मकर संक्रांति के अवसर पर जमुवारी मासु मंझलाटोली हेसल में टुसू मेला का भव्य आयोजन किया गया। इस मेला में आसपास व दूरदराज से हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मेला में टुसू झांकी के साथ बड़ी संख्या में महिला-पुरूष और बच्चे नाचते-गाते हुए शामिल हुए।

इस अवसर पर केशव कसरिया ग्रुप द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। वहीं अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेसल पंचायत की मुखिया कविता देवी थीं जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर पंसस मदरा मुण्डा, रामपोदो महतो, जगन्नाथ महतो, मुलू महतो, कृष्णा पाहन, देवराज पहान आदि उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोहन पहान ने तथा संचालन अर्जुन राम ने किया। मौके पर मुखिया कविता देवी ने कहा कि मेला हमारी सभ्यता, संस्कृति और पहचान से जुड़ा है। यह हमारे बिरासत की धरोहर है जिसे बरकरार रखने की आवश्यकता है। पंसस मदरा मुण्डा ने कहा कि मेला संस्कृति समाजिक समरस्ता का बढ़ावा देती है। रामपोदो महतो ने कहा कि मेला हमें एक-दूसरे के साथ मिलजुलकर रहने तथा खुशहाली का संदेश देता है। जगन्नाथ महतो ने कहा कि मेला में उमड़ी भीड़ यह दर्शाती है कि हम अपनी संस्कृति के प्रति कितने सजग हैं। बाद में उत्कृष्ट टुसू झांकी को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष सोहन पहान, सचिव गोविन्द मुण्डा, कोषाध्यक्ष अर्जुन राम, तुलसी पहान, किशुन पहान, प्रदीप महतो, विक्रम मुण्डा, सुनील मुण्डा, सुरेन्द्र पहान, संदीप पहान, सूरज राम, कुलदीप राम, संतोष पहान, विनोद राम, कार्तिक मुण्डा, बंधन मुण्डा, मारवाड़ी पाहन, राजन मुण्डा, सोनू मुण्डासूरज पाहन, कृष्णा मुण्डा, विक्की मुण्डा, कृष्णा भगत, रजीव मुण्डा, अनिल मुण्डा, विजय राम, मंजीत मुण्डा, मेघनाथ मुण्डा आदि का योगदान रहा।

## घघारी धाम मकर संक्रांति मेला के तीसरे दिन उमड़ा जनसैलाब



आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** घघारी धाम में मकर संक्रांति पर लगने वाले चार दिवसीय मेला के तीसरे दिन घघारी नदी में स्नान कर श्रद्धालुओं ने घघारी बाबा में जलार्पण व माथा टेककर आशीर्वाद लिया। पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने पूजा अर्चना कर अखंड कीर्तन में भाग लिया व माथा टेककर आशीर्वाद लिया।

मेला में रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा जिले के सैकड़ों व्यवसायी भी पहुंचे थे। मेले में शांति व्यवस्था के लिए घघारी बाबा धाम कमेटी के सदस्य व लापुंग थाना प्रभारी सकुमार हेमरोम व एसआई मनीष पूर्ति सदल बल मौजूद थे। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि व समाजसेवी देवेंद्र वर्मा, राजकमल गोप, अध्यक्ष गंगाधर साहू, पूर्व मुखिया संतोष तिर्की, फगुवा भगत, मुख्य संरक्षक रामशंकर सिंह, देवगांव पंचायत मुखिया दुर्गा उरांव, नपिंदर सिंह के अलावे कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी दशरथ तिर्की, सुनील उरांव, संजय महतो, विक्रम शेखर सिंह, विकास नारायण सिंह, पुजारी सीताराम पाठक, राजकुमार पाठक, राम शंकर पाठक, मार्कण्डेय गोस्वामी, तुलसीदास गोस्वामी सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**महोत्सव :** तीन दिवसीय स्वर्णरेखा महोत्सव सह मकर संक्रांति मेला संपन्न

# मेले में विभिन्न जिलों से उमड़ी थी भारी भीड़



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड के नगड़ी स्थित स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल रानी चुआं के समीप मेला टिकरा में आयोजित तीन दिवसीय स्वर्णरेखा महोत्सव सह मकर संक्रांति मेला युगांतर भारती, स्वामी विवेकानंद ग्रामीण विकास संस्था एवं स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास मंच के बैनर तले मनाया जा रहा है। महोत्सव के तीसरे दिन शुक्रवार को स्वर्णरेखा महोत्सव के समापन समारोह और मकर संक्रांति पर जन सैलाब उमड़ पड़ा। मेला में इस वर्ष प्रदेश के रांची सहित गुमला, लोहरदगा, खूंटी, रामगढ़, सिमडेगा, हजारीबाग सहित कई जिलों के लगभग पचास हजार से अधिक लोग पहुंचे।

इससे पूर्व समापन समारोह का शुभारंभ सुबह नौ बजे आयोजन समिति के अध्यक्ष तपेश्वर केशरी की अध्यक्षता में पदाधिकारी और ग्रामीणों ने स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल रानी चुआं का पूजन किया। तत्पश्चात सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम किए गए। जिसमें स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नागपुरी गीतों की प्रस्तुति की। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक नवीन जायसवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस पार्टी के हटिया विधानसभा प्रभारी अजय नाथ शाहदेव, आजसू पार्टी के भरत काशी साहू, भाजपा नेत्री शोभा यादव, जोहार पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष कुशवाहा विजय महतो सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

मेला का सफल संचालन स्वर्णरेखा महोत्सव के अध्यक्ष तपेश्वर केसरी, चुड़ामनी महतो, आशीष शीतल, प्रदीप कुमार महतो, दौलत राम केसरी, अरविंद भगत, शहीद अहमद, प्रभात महतो, अजय महतो, शशि भूषण भगत, कृजिवन महतो, केदार महतो, प्रेम सागर महतो, कमलेश केसरी, दिलीप महतो, मुखिया मंजित उरांव, त्रिलोकी महतो, गुलरेज अंसारी, जलधर महतो, शीला देवी, भोला महतो, रिंकी भगत, अशोक साहू, कैलाश महतो, नबीजान अंसारी, ज्ञानेश्वर कुमार, सुरेश महतो, अयोध्या महतो, मनीष केसरी, स्वर्णरेखा महोत्सव सह मकर संक्रांति नगड़ी मेला संचालन समिति के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पांडूनेश्वर धाम मकर संक्रांति मेला में उमड़ी भीड़



प्रत्येक वर्ष 14 जनवरी को पांडूनेश्वर धाम मेला टिकरा में लगने वाला एतिहासिक मकर संक्रांति नगड़ी मेला शनिवार को लगा। मौके पर मेला संचालन समिति के द्वारा विधायक नवीन जायसवाल, अजय नाथ शाहदेव और अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। मौके पर अपने संबोधन में विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि मेला हमारी संस्कृति का एक अभिन्न हिस्सा है। मेला हमारी एकजुटता और भाईचारा का सुंदर मिसाल है। वहीं कांग्रेस पार्टी के वरीय नेता अजय शाहदेव ने कहा कि सामाजिक समरसता का प्रतीक है नगड़ी मेला। मौके पर सभी अतिथियों ने ग्रामीणों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। तीन दिवसीय महोत्सव सह नगड़ी मेला की सुरक्षा व्यवस्था में डीएसपी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में नगड़ी थाना के थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो तमाम पुलिस बल के साथ जुटे हुए थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## मकर संक्रांति पर दिव्यांग और गरीब-गुरबों के बीच कंबल का वितरण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** मकर संक्रांति एवं प्रयास सोसाइटी संस्था के दूसरे वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार को सिदरौल पंचायत के सचिवालय में दिव्यांग और असहाय गरीब गुरबों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर संस्था के सचिव दिनेश कुमार सिंह ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवनी और मकर संक्रांति पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष राजेश महतो ने संस्था के द्वारा किये जा रहे समाज कल्याण कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम में कुल 60 दिव्यांग एवं असहाय गरीब गुरबों के बीच कंबल, गुड़, चूड़ा एवं तिलकुट का वितरण किया। कंबल वितरण कार्यक्रम में समाजसेवी देवानंद सिंह, घनश्याम सिंह, परमानंद सिंह, सत्येंद्र वैध का विशेष योगदान रहा। मौके पर प्रयास सोसाइटी संस्था के सचिव दिनेश कुमार सिंह, अध्यक्ष राजेश महतो, कोषाध्यक्ष विजय राम, सह-कोषाध्यक्ष अरविंद महतो, सदस्य बैरो लकड़ा, उर्मिला देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## सीआइटी के संस्थापक एवं शिक्षाविद स्व. डॉ बहादुर सिंह की 82वीं जयंती मनायी



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सीआईटी में कैंब्रिज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक अध्यक्ष व शिक्षाविद स्व डॉ बहादुर सिंह की 82वां जयंती मनाया गया। मौके पर कैंब्रिज ग्रुप के सभी संस्थानों के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने उपस्थित होकर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धां सुमन अर्पित किया। सीआइटी के प्राचार्य डॉ एन हरि बाबू ने पुष्पांजलि सभा को संबोधित करते हुये कहा कि स्व बहादुर बाबू जैसे स्वप्नद्रष्टा विरले ही पैदा होते है। उन्होंने महज एक शिक्षक से जीवन यात्रा की शुरूआत की और आज सैंकड़ों शिक्षकों व हजारों विद्यार्थियों को सफल जीवन जीने के माध्यम बने। डॉ रणवीर कुमार ने उनका जीवन चित्रण करते हुये कहा कि लाइफ टाइम अचीवर अवार्ड से सम्मानित स्व सर ने अर्थशास्त्री के तौर पर राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात थे। यही कारण है कि पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा सिंह पाटिल के साथ विदेश गये। अर्थशास्त्रियों के दल में स्व बहादुर बाबू भी शामिल थे।

## श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आज से शुरू

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** श्रीमद् भागवत कथा, ज्ञान यज्ञ एवं रासलीला समारोह रविवार से शुरू हो रहा है। इसे लेकर नामकुम बाजार स्थित गैस गोदाम अमेठिया नगर के समीप पूरी तैयारी कर ली गयी है। भागवत कथा एवं रासलीला का आयोजन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गैस गोदाम अमेठिया नगर में किया जा रहा है। बता दे कि कार्यक्रम 15 जनवरी से 21 जनवरी तक किया जाना है। इसमें बनारस से आये कथा व्यास पंडित संजय कृष्ण त्रिपाठी एवं वृंदावन से रासलीला व्यास देवेंद्र वशिष्ठ द्वारा किया जायेगा। आज कार्यक्रम में सुबह 9 बजे 201 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा अमेठिया नगर गैस गोदाम से घाघरा नदी जायेगी और वहां से जल लेकर वापस अमेठिया नगर आयेगी। इसके बाद पंचांग पूजन, वेदियों पूजन, 18 हजार श्लोक का परायण के बाद दोपहर 2 बजे से श्रीमद् भगवत कथा, ज्ञान यज्ञ एवं रासलीला शाम 5 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमेठिया नगर आयोजक मंडल के शत्रुधन सिंह, मुन्ना सिंह, मैनेजर प्रधान, गुडडू सिंह, मिथिलेश प्रधान, अजय मिश्रा सहित अन्य सदस्य लगे हुए है।

## सोसो में भव्य टुसू मेला का आयोजन



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** नवागढ़ पंचायत सोसो गांव के समीप स्वर्णरेखा नदी तट पर डेगा-डेगी बूढ़ा महादेव स्थल में आज मकर संक्रांति के अवसर पर भव्य टुसू मेला का आयोजन किया गया। बूढ़ा महादेव बाबा के श्रद्धालु भक्तों ने सुबह से ही पूजा अर्चना प्रारंभ कर अपनी-अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करने की प्रार्थना महादेव बाबा से की। जैसे-जैसे दीन बढ़ता गया श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती गई। ग्रामीण महिलाएं भी टुसू लेकर नाच गाना के साथ मेला स्थल पर पहुंची। मेला में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी रांची जिला के वरीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी रामधन बेदिया, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सह आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव राजेन्द्र शाही मुण्डा, आजसू पार्टी रांची जिला वरिय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा थे। समिति ने लोगों का मनोरंजन के लिए नागपुरी कलाकार क्यूम अभास, नितेश कच्छप, कुमार प्रीतम, सुमन गुप्ता आदि के टीम को आमंत्रित किया था। ये कलाकरों ने अपने गायन से लोगों का मन मोह लिया। मेला में टुसू प्रदर्शन पर सोसो गांव की महिलाओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में मुख्य अतिथि के हाथों से नगद पुरस्कार पांच हजार रुपये दिया गया। इसके अलावा वृद्ध व असहायों के बीच कंबल भी बांटा गया। मेला में अतिथि के रूप में भुवनेशवर बेदिया, मुखिया नवागढ़, सत्यदेव मुण्डा, प्रकाश चौधरी, लक्ष्मी नारायण महतो, संजय नायक, जगदीश भोगता एवं समिति के संरक्षक प्रदीप महतो, जयपाल महतो, अध्यक्ष अजय सिंह, उपाध्यक्ष, धनराज सिंह, सचिव रोहित शाही, कोषाध्यक्ष रामकृष्ण महतो आदि सामिल थे।

## दिघिया पंचायत के तुको गांव में जलमीनार कार्य में बरती जा रही अनियमितता, मुखिया ने कराया काम बंद

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दिघिया पंचायत के तुको गांव में ग्रामीणों को पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा बनाए जा रहे जल मीनार में अनियमितता बरती जा रही है। जलमीनार की घटिया निर्माण कार्य होते देख तुको गांव के ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया प्रबला केरकेट्टा को निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण नहीं बल्कि घटिया किस्म के सामग्री से कराये जाने की जानकारी दी। वहीं मामले को संज्ञान में लेते हुए मुखिया ने अपने प्रतिनिधि अजित तिर्की को शनिवार को जलमीनार का निरीक्षण करने के लिए भेजा। जहां उन्होंने ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोप सत्य और सही है। वहीं निरीक्षण के दौरान मुखिया प्रतिनिधि ने निर्माण स्थल पर देखा कि यहां उपयोग हो रही ईंट बहुत घटिया है वहीं सीमेंट व चिप्स भी घटिया किस्म का है। जल मीनार का निर्माण कार्य घटिया तरीके से किए जाने का आरोप लगाते हुए मुखिया प्रतिनिधि अजीत तिर्की ने काम रोक दिया है। मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि तुको चौक पर संवेदक द्वारा घटिया तरीके से जल मीनार निर्माण कार्य की शिकायत ग्रामीणों ने की थी। जांच में ग्रामीणों की बात सही निकली कार्यस्थल पर योजना का कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है कार्य में अनियमितता बरते जाने पर कार्य पर रोक लगा दी गई जब तक वरीय अधिकारी मामले की जांच नहीं करती तब तक कार्य बंद रहेगा।

## ग्रासिम इंडस्ट्रीज अपने सामाजिक दायित्व का भी करती है निर्वहन : अजीत तिवारी

आजाद सिपाही संवाददाता




**विश्रामपुर/पलामू ।** ग्रासिम इंडस्ट्रीज रेहला सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग व बीसीसीएल जन सेवा ट्रस्ट ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के अवसर पर गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच 1000 कंबल व गुड़ा, चूड़ का वितरण किया। वितरण समारोह का आयोजन बेलचम्पा व्यवसायिक केंद्र में किया गया था। कंबल वितरण समारोह की अध्यक्षता रेहला बीसीसीएल जन सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष सह ग्रासिम इंडस्ट्रीज के मानव संसाधन प्रमुख अजीत तिवारी व संचालन जन सेवा ट्रस्ट के अनिल गिरी ने किया। इसके अलावा ट्रस्ट द्वारा क्षेत्र के कई गांव सिगसिगी, पांडेपुर, रक्साहा,सबौना,भलूही व परिवार कल्याण केन्द्र बिशुनपुर में जाकर जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। अजीत तिवारी ने कहा कि ग्रासिम इंडस्ट्रीज हमेशा से अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करता रहा है। संस्थान आसपास के क्षेत्र में सामाजिक व आर्थिक विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। इसी संकल्प के तहत स्वास्थ,शिक्षा,सामाजिक सरोकार,जरूरतमंदों की मदद सहित कई कार्य किया जाता है। श्री तिवारी ने कहा कि जनसेवा ट्रस्ट स्थानीय महिलाओं व युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रशिक्षित करता है। इतना हीं नहीं रोजगार के लिए दर्जनों स्वयं सहायता समूह का गठन करते हुए सभी को प्रशिक्षित कर स्वरोजगार से जोड़ चुकी है। टेक्निकल हेड हरदीप कोहली ने भी सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के द्वारा किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी लोगों को दी। मौके पर जन सेवा ट्रस्ट के राकेश तिवारी,सीएसआर के अनिल गिरी,डॉ आरएन सिंह,ब्रजराज चौबे,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम,मुख्तार अंसारी,नागेंद्र यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

### संत मरियम स्कूल के दसवीं के छात्र शैक्षणिक भ्रमण पर

## छात्र अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर कीर्तिमान स्थापित करें : अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छात्रों को अपने दैनिक जीवन की गतिविधियों के अलावा समय-समय पर बौद्धिक विकास हेतु अलग अलग ऐतिहासिक जगहों का भ्रमण करना चाहिए। उक्त बातें सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग ने कही। वे शनिवार को संत मरियम स्कूल के वर्ग दशवीं के विद्यार्थियों और शिक्षको के साथ कुल 200 लोगों की टीम शैक्षणिक भ्रमण हेतु बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते हुए कही। उन्होंने ने कहा कि विद्यार्थियों को घूमने से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। हम अलग अलग संस्कृति सभ्यता और स्थानों का अवलोकन करते हुए ढेर सारे ज्ञान प्राप्त कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि आप सबको इस



भ्रमण में नालंदा जैसे यूनिवर्सिटी की ऐतिहासिक विरासत और वास्तविक स्थिति के बारे में जानने समझने का मौका मिलेगा वही बोधगया में भगवान बुद्ध के दिए गए मध्यम मार्ग के उपदेश,उनके दर्शन आपके जीवन में उपयोगी साबित होंगे। स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण पर जाने वाले सभी बच्चे इस भ्रमण के बाद तरोताजा महसूस करते हुए दुगनी ताकत और स्फूर्ति, ऊर्जा के साथ पूरे मनोयोग से एकाग्रचित होकर पढाई करे तभी आप सभी के लिए यह भ्रमण सही साबित होगा। श्री देव ने कहा कि विभिन्न स्थानों का अवलोकन करने के पश्चात दिए हुए उपदेश, मेहनत संघर्ष को आप सभी अपने जीवन में आत्मसात करें और लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर अनेक कीर्तिमान स्थापित करे। शैक्षणिक भ्रमण पर बच्चों के साथ रोहित सर, रविंद्र सर, दीपक सर, सुमित सर, विकास सर ,शुभम पांडे ,सुधांशु सर, श्याम सर ,अर्जुन सर, गौरव पांडे, गौरव सर, नीलाम मिस, दीप शिखा मिस, पुस्पी मिस,पल्लवी मिस,सोनाली मिस,अलिशा मिस, पूजा मिस,सुनिधि मिस और रीना मिस शामिल है। मौके पर गणमान्य अतिथियों के साथ डीएसपी रीडर सुहैल खान उपस्थित थे।

## भाजपा नेता ने फीता काटकर किया सात दिवसीय दंगवार मेले का उद्घाटन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के दंगवार सूर्य मंदिर परिसर में सात दिवसीय मकर संक्रांति मेले का शनिवार को शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह, दंगवार मुखिया अमरेंद्र कुमार ठाकुर, हुसैनाबाद प्रभारी थाना प्रभारी सौरव कुमार,दंगवार ओपी प्रभारी चंदन शर्मा,मेला कमिटी के अध्यक्ष वकील सिंह,सचिव संतोष राम,उपाध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीपप्रज्वलित कर किया। मौके पर भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह ने कहा की मकर संक्रांति काफी शुभ दिन है।यह पर्व हमारे देश की समृद्ध विरासत एवम सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है।उन्होंने कहा कि इस तरह का मकर संक्रांति मेला पूरे पलामू कमिश्नरी में नहीं लगता है यह दंगवार वाशियों के लिये गर्व की बात है। श्री सिंह ने सूर्य मंदिर मेला कमिटी को भी धन्यवाद करते हुए कहा कि आप लोग लगातार 45 वर्षों से आयोजन करते आ रहे है यह क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।मौके पर दंगवार मुखिया श्री ठाकुर ने कहा कि सूर्यमंदिर मेला का स्वरूप आज काफी बदला है।आगे चलकर यह और भी विकसित होगा यह मुझे पूर्ण विश्वास है।उन्होंने कहा कि सूर्य मंदिर का विकास निरंतर जारी है और आगे भी इसको विकसित करने का प्रयास किया जाएगा।मेला परिसर में काफी भीड़ देखने को मिला।मेले में मिठाईयां,जलेबी व अन्य सामग्री की दुकानें साथ ही बच्चों के लिए झूले व सोननदी में नौकायान मेले का आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।मेले में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए दंगवार ओपी पुलिस व मेला कमिटी के लोग सक्रिय हैं। मौके पर लखन यादव,श्रवण राम,उपेन्द्र मेहता,प्रशान्त सिंह,संतोष सिंह,मनोज गुप्ता,विवेक कुमार, कमलेश कुमार,गोविंद कुमार सिंह,दिलीप चौधरी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पांडू में चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान



**पांडू/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांडू में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के नेतृत्व कर रहे थाना प्रभारी पवन कुमार ने सभी दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की जांच की। बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वाले एवं सही कागजात नहीं पाए जाने वाले लोगों की गाड़ी को चालान कर दी गयी है। थाना प्रभारी ने कहा इस तरह से पांडु के चौक चौराहों पर लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलता रहेगा। दो पहिया वाहन चालक हेलमेट लगाकर एवं गाड़ी के सभी कागजात साथ लेकर ही घर से निकले।

## मनरेगा की योजनाओं में बंद हो जेसीबी का उपयोग : ऋतुराज मिश्रा



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** बीजेएमसी के जिलाध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा ने कहा कि पलामू जिला के कई प्रखंडों में मनरेगा की योजनाओं में धड़ल्ले से जेसीबी मशीन का प्रयोग हो रहा है। जिसके कारण स्थानीय मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा है। मनरेगा योजना में जेसीबी का उपयोग पूर्णतः बंद होना चाहिए.श्री मिश्रा शनिवार को बिश्रामपुर में आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान कई प्रखंडों में खुद मनरेगा की योजनाओं में जेसीबी मशीन चलते हुए देखा है। कई प्रखंडों से मनरेगा मजदूरों ने भी लिखित शिकायत दी है। इस संबंध में जल्द ही उपायुक्त से मिलकर पूरे मामले को रखूंगा। मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखा हूं। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना मजदूरों को गांव में ही कार्य उपलब्ध कराने की नियत से शुरू किया गया था। लेकिन अधिकारियों,कर्मचारियों व विचौलियों की मिली भगत से इस योजना में भी व्यापक पैमाने पर अनियमितता बरती जा रही है। अगर मजदूरों को उनके गांव में ही मनरेगा के तहत रोजगार नहीं मिला तो आंदोलन का रुख अख्तियार किया जायेगा।

## खेल से व्यक्ति की क्षमता का विकास होता है : अनिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** खेल वो गतिविधि है जो व्यक्ति को उच्च स्तर की क्षमता के साथ सच्छम बनाता है। यह मानसिक थकावट दूर करता है और हमें किसी भी कठिन काम को करने के लिए सच्छम बनाता है।यह कहना है समाजसेवी अनील साहू का।श्री साहू शनिवार को लेस्लीगंज के ग्राम पुरनाडीह झरना टोला में वॉलीवाल टूनार्मेंट के उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रुप में बोल रहे थे।श्री साहू ने कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में,शिक्षा को और अधिक दिलचस्प बनाने के लिए खेल को शिक्षा का अभिन्न अंग बना दिया गया है। हम सभी को खेल में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित



करने की आवश्यकता है। उद्घाटन समारोह में पुरनाडीह पंचायत समिति सदस्य कामेश यादव, सामाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी, रंजीत जायसवाल, नौशाद खान, राजा गुप्ता, चंदन सिंह, विमलेश सिंह, अमित सिंह, राकेश सिंह, प्रशांत सिंह, पकज सिंह, रोहित सिंह, गुलशन सिंह, नदीम खान, सत्येन्द्र सिंह, अरविंद सिंह, फूल सिंह, अवधेश साहू व अनुप कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मां महामैत्रायिणी योगिनी निर्वाण दिवस भक्तिमय वातावरण में मना

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा डालटनगंज में माँ महामैत्रायिणी योगिनी निर्वाण दिवस भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। उक्त अवसर पर पूज्यनीय माता जी की समाधी पर माल्यार्पण, पूजन, आरती एवं तत्पश्चात, सफल योनि सदग्रंथ का पाठ सम्पन्न किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम सुबह से प्रारम्भ हुआ तत्पश्चात, उपस्थित श्रदालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। उक्त अवसर पर समूह शाखा डालटनगंज द्वारा चैनपुर प्रखंड के महुगाँवा पंचायत के सोनपुरवा एवं कोल्हुआ ग्राम में जरूरतमंद एवं बुजुर्ग ग्रामीण



बंधुओं के बीच बढ़ते ठंड को देखते हुये कुल 50 कंबलों का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर शाखा के उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिन्हा, व्यवस्थापक योगेंद्र नारायण सिंह, प्रचार मंत्री अनुराग सिंह, संयुक्त मंत्री रोहित सिंह, हरे राम सिंह, संजय दुबे, राहुल सिंह, बामदेव मेहता, रुद्र एवं श्रवण मौजूद थे।

## अज्ञात वाहन के धक्के से राहगीर घायल

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला देवरी मुख्य रोड के महुंराव के समीप अज्ञात वाहन के धक्के से पुरनाडीह गांव निवासी गोपाल राम 35 वर्ष गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि मेला देखकर वह जपला आ रहा था,इसी दौरान अज्ञात वाहन ने धक्का मारकर भाग निकला।

## नौडीहा बाजार प्रखंड के डीलर तीन दिनों से हड़ताल पर, नहीं मिल रहा गरीबों को राशन

**नौडीहा बाजार/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के नौडीहा बाजार प्रखंड के पीडीएस डीलर एवं पंचायत प्रतिनिधि में प्रमुख,मुखिया,पंचायत एवं एमओ के साथ बुधवार को बैठक थी। जो बैठक में पीडीएस डीलर एवं एमओ के साथ नोंक-झोंक हुई और फिर बैठक के दौरान ही सभी पीडीएस डीलर ने बैठक से निकलकर बैठक का बहिष्कार कर अपने मांगों के लेकर हड़ताल पर जाने का घोषणा कर दिया। तभी से ही नौडीहा बाजार प्रखंड अंतर्गत सभी पीडीएस डीलर हड़ताल पर है। जिसके कारण गरीब असहाय लोगों को राशन नहीं मिल रहा है। आखिर पदाधिकारी एवं पीडीएस डीलर की नोक झोंक का उन गरीबों का क्या कसूर है जो राशन कब मिलेगा का बाट जोह रहे हैं। और हजारों गरीब परिवार के नेवाला पर पड़े आफत का आखिरी जिम्मेवार कौन है। वैसे नौडीहा बाजार प्रखंड अंतर्गत अधिकतर पंचायतों में अभी तक पिछले साल यानी दिसंबर माह का राशन नहीं मिला है। अब जनवरी भी आधा माह हो गया है।

## अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की बैठक सतबरवा में संपन्न



**सतबरवा /पलामू (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की बैठक शनिवार को पलामू जिला सचिव भोला मेहता के सतबरवा स्थित आवास पर प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण मेहता की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष अवधेश प्रसाद मेहता उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि 17 जनवरी को जिला परिषद कार्यालय मेदिनीगर में ओबीसी आरक्षण बचाओ मोर्चा के आह्वान पर आयोजित महाधरना कार्यक्रम में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा पलामू इस धरना कार्यक्रम को पुरजोर समर्थन करती है। कुशवाहा समाज से सैकड़ों की संख्या में इस महाधरना कार्यक्रम में लोग शामिल होंगे। जिला अध्यक्ष अवधेश प्रसाद मेहता ने कहा कि ओबीसी को अपनी संख्या के आधार पर आरक्षण मिलना चाहिए जो उसका हक बनता है। सरकार पंचायत चुनाव बगैर आरक्षण के कराकर ओबीसी को इस अधिकार से वंचित कर रही है। अब होंने वाला निगम चुनाव में भी बगैर आरक्षण के चुनाव कराने पर झारखंड सरकार अमादा है, जो ओबीसी समाज के साथ घोर अन्याय है। इस मौके पर महासभा के उप सचिव अशोक मेहता,सदस्य विश्वनाथ मेहता, अखिलेश्वर मेहता,कमलेश मेहता,बृज कुमार मेहता, विजय मेहता,अशोक मेहता,प्रमोद मेहता,शंभू मेहता, प्रभु मेहता सहित कई लोग उपस्थित थे।

## घरटिया के झारनेश्वर शिव मंदिर में मकर संक्रांति पर विशेष पूजा-अर्चना की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रमपुर(पलामू)।** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत घरटिया स्थित झारनेश्वर शिव मंदिर में मकर संक्रांति के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना की गयी। लोग अहले सुबह से ही झारनेश्वर मंदिर पहुंच कर पूजा-पाठ में जुट गये। पूजा अर्चना का सिलसिला सारे दिन चलता रहा।.इस दौरान मंदिर प्रांगण में वार्षिक मेला भी लगा। मेला का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी,वरीय समाजसेवी अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह,बीएसपी नेता राजन मेहता व जिला पार्षद विजय रविदास ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मेला में



सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जहां स्थानीय भोजपुरी गायको ने एक से बढ़ कर एक भक्ति गीत गाकर लोगो का मन मोह लिया। इधर रेहला कोयल नदी तट पर भी मेला का आयोजन हुआ। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि मेला ग्रामीण संस्कृति की पहचान है। इस पहचान को बचाये रखने की जरूरत है। उन्होंने घोषणा किया कि झारनेश्वर मंदिर परिसर में जो भी निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। उसे जल्द ही पूरा कराया जायेगा। जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि झारनेश्वर मंदिर प्रकृतिक की गोद मे स्थित है। धार्मिक स्थल के साथ-साथ पर्यटक स्थल के रूप में इसे विकसित करने का प्रयास किया जायेगा। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता मेला समिति के अध्यक्ष निरंजन सिंह खरवार व संचालन डी एन सिंह खरवार ने किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, समाजसेवी विजय कुमार रवि, राहुल दुबे, बघमनवा पंचायत की मुखिया मंजू देवी, घसीदाग पंचायत की मुखिया अंजू देवी, भाजपा नेता मनीष कुमार, उदय सिंह, राणाप्रताप सिंह, गामा सिंह खरवार, राजेश सिंह खरवार, कृष्णा सिंह खरवार, निगम सिंह खरवार, राज कुमार सिंह खरवार, यदुनि सिंह खरवार, ईश्वर दयाल सिंह, विश्वनाथ सिंह, अमेरिका साव, राजेंद्र साव, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, नरेश यादव, डॉ चंद्रिका मेहता, अवधेश सिंह, नंदू साव, राजकुमार साव, विश्वनाथ यादव, सुरेश यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## नारायण सेवा समिति ने भंडारे का किया आयोजन



**सतबरवा /पलामू (आजाद सिपाही) ।** शनिवार को मकर संक्रांति के मौके पर नारायण सेवा समिति ट्रस्ट सतबरवा के द्वारा पोंची पंचायत के लेदवाखाड़ औरंगाबाद नदी के तट पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में ग्रामीण तिलकुट चूड़ा और खिचड़ी का खाकर बहुत खुश हुए। समिति के अध्यक्ष निर्दोष कुमार ने बताया कि समिति हमेशा से गरीबों की सेवा में लगी है।आज इस पावन पर्व पर भंडारे का आयोजन सूरत के व्यापारी विजय जैन की ओर से किया गया था। मौके पर पवन कुमार अनिल राम अशोक जी चंदन प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

## कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में सगालिम ने सतबरवा को चार विकेट से हराया




**सतबरवा/पलाामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित कॉस्को क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मैच शनिवार को सगालीम और सतबरवा के बीच खेला गया। जिसमें सगालीम ने सतबरवा को 4 विकेट से हराते हुए ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। जीत के बाद आयोजन कर्ता के द्वारा पूर्व से घोषित प्राइज की नगद राशि और टॉफी विजेता को मुख्य अतिथि सुधा कुमारी एवं अतुल कुमार के हाथों 7100 रुपये और ट्रॉफी तथा उपविजेता को 5100 रुपये और ट्रॉफी दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुधा कुमारी एवं अतुल कुमार ने कहा कि हमारे क्षेत्र से भी युवा खेल के क्षेत्र में आगे बढ़े हम सब आपके साथ हैं। मौके पर समाजसेवी अजय उरांव,कमेटी के अध्यक्ष सूरज कुमार, सचिव टिंकू कुमार, आफताब आलम समेत कई लोग उपस्थित थे।

# स्पोर्ट्स



न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे और टी-20 टीम का ऐलान, राहुल और अक्षर को आराम, लंबे अरसे बाद इस खिलाड़ी को मिला मौका

## सातवीं सीनियर झारखंड नेट बॉल प्रतियोगिता 2023 : पुरुष और महिला दोनों वर्ग में गोड्डा की टीम ने जीता खिताब



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** 7वीं सीनियर झारखंड राज्य पुरुष महिला नेट बॉल प्रतियोगिता 2023 का समापन हो गया। यह प्रतियोगिता रातू वेलांगी दयानंद एकेडमी के प्रांगण में आयोजित की गयी। यह नेट बॉल प्रतियोगिता 10 जनवरी से 12 जनवरी तक आयोजित हुई, इस प्रतियोगिता में 8 जिलों के 16 टीमों ने भाग लिया, समापन समारोह के मौके पर मंगल मिंज, अजय महतो किरण देवी और संघ के पदाधिकारी अब्दुल कादिर भूपेंद्र नाथ राजेंद्र प्रसाद के द्वारा विजेता खिलाड़ियों को पदक एवं ट्रॉफी प्रदान किया गया।

### दुमका की टीम दूसरे स्थान पर

पुरुष वर्ग में गोड्डा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि दुमका की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। रांची की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, महिला वर्ग में गोड्डा प्रथम, दुमका द्वितीय एवं रामगढ़ तृतीय स्थान हासिल किया। निर्णायक गुंजन कुमार झा अजय कुमार चौहान पिंटू कुमार दास,मुख्य निर्णायक गणेश कुमार प्रमोद कुमार ठाकुर थे।

### न्यूजीलैंड बनाम भारत टी 20 मैच 27 को

## जेएससीए ने टिकट दर जारी किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** 27 जनवरी को रांची के जेएससीए स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी 20 मैच खेला जाएगा। इसे लेकर जेएससीए की ओर से टिकट कि दर जारी कर दी गयी है। टिकट की बिक्री स्टेडियम के वेस्ट गेट के नजदीक बने टिकट काउंटर पर होगी। इसके लिए टिकट की दर निर्धारित कर दी गई है लेकिन आमलोगों के लिए टिकट कब से कब तक मिलेगा इसकी जानकारी अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। इस बार सबसे कम 1000 रुपये का टिकट है जबकि सबसे अधिक 10,000 रुपए। इसके अलावा 1300, 1400, 1600, 1700, 1800, 2200, 5500, 4500, 6000 और 8000 रुपए की दर निर्धारित की गयी है।

## पत्थरा पुलिस पिकेट पर टूर्नामेंट का उद्घाटन करेंगे मुखिया विनय सिंह

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सरसोत पंचायत अंतर्गत पत्थरा पुलिस पिकेट परिसर में 18 जनवरी को होने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन पंचायत के मुखिया विनय कुमार सिंह के द्वारा किया जाएगा।उक्त जानकारी इवेंट मैनेजर विजय कुमार सिंह तथा फुटुक कुमार सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि 18 जनवरी से होने वाले स्वामी विवेकानंद सद्भावना क्रिकेट टूनार्मेंट का मुख्य अतिथि सरसोत पंचायत के मुखिया विनय कुमार सिंह होंगे, उन्ही के शुभ हांथो से क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन किया जाएगा। इवेंट मैनेजर विजय कुमार सिंह ने बताया कि उद्घाटन के प्रथम दिन प्रखण्ड के सरसोत पंचायत अंतर्गत ग्राम बालरा और ढकचा पंचायत के भोजुआ ग्राम के बीच शानदार मुकाबला होगा। साथ ही उन्होंने क्रिकेट प्रेमियों से अपील किया है कि इस शानदार प्रदर्शन क्रिकेट टूर्नामेंट में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर खेल का लुफ्त उठाएं।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## पानी भरने को लेकर हुई मारपीट के बाद स्थिति तनावपूर्ण, लोग भयभीत

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सेंद्रा 10 नंबर में पानी भरने को लेकर बीते दिनों दो पडोसियों के बीच हुई मारपीट के बाद से हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। दोनों ओर से बाहरी लोगों का जमावड़ा हो रहा है। जिसमें अधिकतर आपराधिक प्रवृति के लोग शामिल है। जबकि उक्त मुद्दे को लेकर दोनों ओर से थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। उधर, बाहरी लोगों के जुटान की खबर से पुलिस अंजान है। कांड अंकित होने के बाद भी किसी की गिरफ्तारी नहीं होना भी माहौल बिगड़ने की वजह बतायी जा रही है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक शाम ढलते ही काफी लोग आ जाते हैं। एक दूसरे को निशाना बनाने की ताक में रहते हैं। यदि पुलिस सतर्क नहीं हुई तो मामला बिगड़ सकता है। हालांकि काउंटर केस में पुलिस ने कौशल्या देवी की शिकायत पर श्याम सुंदर पासवान, विरेंद्र पासवान, अमरजीत पासवान, सुनील पासवान, करन पासवान, रतन पासवान, बुधन पासवान और निर्मला देवी पर नाजायज मजमा बनाकर घर पर हमला करने, आवास पर पत्थरबाजी, बदसलूकी और मारपीट करने के साथ ही गले से सोने की चेन छीन लेने व डायन करने का आरोप लगाया गया है। जबकि दूसरे पक्ष के विरेंद्र पासवान ने अपनी शिकायत में कृष्णा भुइंया, शंकर रविदास, चमेली देवी, बबली देवी, गुडिया कुमारी, रानी कुमारी, सूरज रविदास, खिरु रविदास, बिट्टू रविदास, तुलसी रविदास पर गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया। उधर, मामले को लेकर लोयाबाद थाना प्रभारी विकास यादव ने बताया कि पुलिस की भी मामले पर नजर है। आपराधिक किस्म के लोगों का सत्यापन नहीं हो रहा है। मारपीट में घायल लोगों को देखने उसके रिश्तेदार आते होंगे।

## एपेक्स बोर्ड का उपाध्यक्ष चुने जाने पर बांसजोड़ा एजेंट को किया गया सम्मानित



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** सेंद्रा बांसजोड़ा कोलियरी एजेंट एके झा को कोलइंडिया एपेक्स बोर्ड का निर्विरोध उपाध्यक्ष चुने जाने पर शनिवार को उनके कार्यालय में पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस दौरान माइनिंग सुपरवाइजरो ने कहा कि एके झा हमेशा मजदूरों व अधिकारियों के हित को देखते हुए काम करते है। ऐसे में उनके उपाध्यक्ष बनने पर हमें और सहयोग मिलेगा। इस मौके पर प्रबंधक एसके दास, श्रीश कुमार, दिलीप कुमार, मनोज कुमार पांडेय, एसके मित्रा, चंदन कुमार सिंह, संजय पांडेय, कुंदन कुमार सिंह, निमाई गोप, धर्मेंद्र कुमार पांडेय, अनुकरण कच्छप, गोपाल सिंह, सुरेश महतो, सीताराम प्रजापति, प्रवीण कुमार, दीपक कुमार, शिशिर कुमार दत्ता, रॉबिन्स कुमार आदि मौजूद थे।

## युवक के साथ विवाहित महिला का वीडियो वायरल होने के बाद बढ़ा तनाव




**पिछरी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत पिछरी रोहनियाडीह में शुक्रवार की देर रात एक विशेष समुदाय के एक युवक के साथ स्थानीय एक विवाहित महिला का वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में तनाव फैल गया है। वहीं, वीडियो वायरल होने के बाद युवक अपना फोन बंद कर फरार है। उधर, घटना की सूचना मिलते ही बेरमो और पेटरवार थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई और लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया। पेटरवार पुलिस ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है। जिसकी जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों व पुलिस की मानें तो आरोपित युवक टीवी मरम्मति का काम करता है। इसी कारण उसका विवाहित महिला के घर आना जाना था। महिला की शादी तीन साल पहले हुई थी, जिसकी दो साल की एक बेटी भी है। जबकि उसका पति कुछ दिन पहले जेल जाकर कुछ दिन पहले ही बाहर आया है। वह रोजगार के चलते अक्सर घर से बाहर रहता है। इसी बीच आरोपित युवक का विवाहिता के घर आना जाना होने लगा था। फिलहाल पुलिस विवाहित महिला को महिला थाने ले गई है।

## आइआइटीयंस की अनोखी पहल, पतंगों पर लिख कर उड़ाया कोरोना रोकथाम का संदेश



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** आइआइटी आइएसएम के छात्र-छात्राओं ने शनिवार को मकर संक्रांति पर पतंगबाजी के दौरान एक अनूठी पहल की। कोरोना के संभावित खतरों को देखते हुए पतंगों के ऊपर कोरोना के रोकथाम और उससे बचने को लेकर कई संदेश लिख कर उड़ाए, ताकि संदेश को दूर-दूर तक पहुंचा सके। आइआइटी आइएसएम के जिमखाना क्लब द्वारा पतंगबाजी इवेंट का आयोजन किया गया था। जिसमें अलग-अलग विभाग में कुल 40 ग्रुप ने हिस्सा लिया। आइआइटी में इस तरह के आयोजन का यह पहला मौका था। इस दौरान आइआइटियंस में जूनियर और सीनियर सभी वर्ग के छात्र छात्राओं द्वारा एक साथ पतंगबाजी का आनंद लिया। मकर संक्रांति पर आयोजित इस प्रतियोगिता में कैंपस के ही पतंगबाज और रेफरी बुलाए गए थे। पतंगबाजों द्वारा यहां की सभी पतंगों पर कोरोना से बचाव व इसके रोकथाम के लिए खुद से कई प्रकार के स्लोगन लिखे गए थे, ताकि जब ये पतंगे कटे और कैम्प्स से बाहर दूर दराज लोगों तक पहुंचे तो ये संदेश पढ़कर लोग जागरूक हों। इस दौरान छात्र-छात्राओं के साथ ही आस पास के लोग भी इस प्रतियोगिता को देखने आए थे। जिन्होंने प्रतिभागियों का हौसला अफ्जाई की। प्रतियोगिता में विजेता और उप विजेता टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## चौहान समाज ने धूमधाम से मनाया 70 वर्ष पुरानी कुलदेवी मां वत्सला भवानी का वार्षिक उत्सव



**तेतुलमारी/कतरास (आजाद सिपाही)।** चौहान समाज की ओर से तेतुलमारी के खास सिजुआ स्थित 70 वर्ष पुरानी मंदिर में शनिवार को धूमधाम से मां वत्सला भवानी की पूजा कर वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में पहुंचे आरसीएमयू नेता सत्यनारायण चौहान सहित यूनियन से जुड़े कई प्रतिनिधि भी मौजूद थे। आयोजन में झारखंड के कई जिलों से चौहान समाज के लोग जुटे थे। इस दौरान चौहान समाज की सैकड़ों महिलाओं ने बड़े ही उत्साह के साथ उपवास रख माता की पूजा की। लोगों ने बताया कि आस्था और विश्वास का प्रतीक माने जाने वाली चौहाण समाज की एक मात्र कुलदेवी के रूप में मां वत्सला भवानी की पूजा की जाती है। इस मंदिर की ख्याति और देवी मां की महिमा अपरंपार है। करीब 70 वर्षों पूर्व इस स्थान पर मंदिर के रूप में पिंडी स्थापित की गई थी। आज जीर्णोद्धार होकर बड़े मंदिर के रूप में परिवर्तित हो गया।

### धनबाद ट्रैफिक पुलिस की गांधीगीरी, बिना हेलमेट बाइक चला रहे लोगों को दिया गुलाब

# नहीं सुधरे तो कार्रवाई के लिए रहें तैयार : डीएसपी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में शनिवार को ट्रैफिल पुलिस की गांधीगीरी देखने को मिली। सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत धनबाद ट्रैफिक पुलिस ने सड़कों पर बिना हेलमेट पहने बाइक चलाने और यातायात नियमों का उलंघन करने वाले चालकों को गुलाब फुल देकर उन्हें उनकी गलती का एहसास कराया। इस दौरान दर्जनों महिला और पुरुष चालक बिना हेलमेट के वाहन चलाते दिखे, जिन्हें कानून का पाठ पढ़ाया गया। ट्रैफिक डीएसपी ने कहा कि पुलिस के डर से हेलमेट पहना जरूरी नहीं है, बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट, जूता और सीट बेल्ट लगाना चाहिए, ताकि अपने साथ ही परिवार की सुरक्षा भी कर सकें।



बिना हेलमेट लगाए बाइक सवार को गुलाब फूल देकर जागरूक करते पुलिस कर्मी।

### सुरक्षा सप्ताह के तहत चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

बतातें चलें कि केंद्र सरकार की सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से 11 से 17 जनवरी 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को धनबाद जिला परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहन चालकों को गुलाब फुल दिया गया। ट्रैफिक डीएसपी राजेश कुमार ने बताया कि 15 जनवरी को सड़क सुरक्षा दौड़, 16 को क्विज प्रतियोगिता और 17 जनवरी को सड़क सुरक्षा को लेकर सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। ट्रैफिक डीएसपी ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान दोपहिया वाहन पर हेलमेट लगाने और पीछे बैठे लोगों को भी हेलमेट पहनने के साथ ही पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट के तेल नहीं देने के अलावा कई तरह के जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई है। बावजूद इसके लोग यातायात नियमों का पालन नहीं करते हैं तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। अभियान में मेजर सार्जेंट अरुण कुमार और कई ट्रैफिक जवान मौजूद थे।

## सांसद पीएन सिंह ने गो सेवकों के बीच किया कंबल वितरण

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनसार श्री झरिया धनबाद गौशाला में शनिवार को सांसद पीएन सिंह ने गौशाला में कार्यरत 57 गो सेवकों के बीच कंबल वितरण किया। कंबल वितरण कार्यक्रम भगवान बिरसा मुंडा जनकल्याण केंद्र संस्था की ओर से आयोजित किया गया था। इस दौरान सांसद पीएन सिंह ने कहा कि गौ सेवा पुण्य का काम है। देश की आर्थिक, सांस्कृतिक, धार्मिक के साथ गोवंश का पालन स्वास्थ्य वर्धक है। हमारी संस्कृति का उत्थान तभी संभव है जब सभी घरों में गो पालन फिर से शुरू हो। वहीं, श्री झरिया धनबाद गौशाला गो सेवा के लिए लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है। गौशाला समिति से जुड़े सदस्य के निरंतर प्रयास से ही सैकड़ों लाचार बूढ़ी गोवंश का बेहतर सेवा संभव हुआ है। सांसद ने गौ पूजन कर गौशाला परिसर में रहने वाले गोवंश को खाना खिलाया। मौके पर राजीव अग्रवाल, विष्णु त्रिपाठी, गोपाल तुलसियान, मनोज अग्रवाल, लल्लू झा, रवि, अमन सिंह और अनिल खेमका आदि थे।

## झारखंड की माटी और नारी शक्ति के सम्मान से जुड़ा है टुसू पर्व : आजसू






**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** टुसू पर्व के अवसर पर शनिवार को आजसू महिला मोर्चा की धनबाद जिलाध्यक्ष गीता देवी के नेतृत्व में मानटांड मोड से लेकर वाटर वॉर्ड तक मनोरम झांकी निकाली गई। जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू के केंद्रीय महासचिव सह पूर्व जिप उपाध्यक्ष संतोष महतो एवं सांसद प्रतिनिधि व धनबाद जिला आजसू के वरिष्ठ नेता गिरधारी महतो भी शामिल हुए। आकर्षक झांकी में झारखंड की संस्कृति का अनोखा रंग देखने को मिला। वक्ताओं ने कहा कि टुसू पर्व झारखंड की माटी से जुड़े सबसे लोकप्रिय त्योहारों में से एक है। यह पर्व नारी शक्ति के सम्मान व स्वाभिमान के रूप में मनाया जाता है। प्रकृति और समृद्धि की भावना से ओतप्रोत टुसू पर्व से झारखंड की सभ्यता, संस्कृति एवं पहचान की झलक मिलती है। जिसमें विशेषकर कुंवारी कन्याओं की प्रमुख भागीदारी देखने को मिलती है। कार्यक्रम में रेखा देवी, लक्ष्मी देवी, डालेश्वरी देवी, यशोदा देवी, आशा देवी, बिमला देवी, रीता देवी, प्रमिला देवी, कल्पना देवी, नेहा महतो, पूजा कुमारी, आरती देवी, कार्यकारी जिलाध्यक्ष रमेश मुनि, जिला उपाध्यक्ष महबूब आलम, मनोज महतो, जुनैद आलम, योगेश महतो, हुबलाल महतो और नरेश मंडल आदि मौजूद थे।

## जाराडीह टुसू मेला में शामिल हुए पूर्व विधायक, दी शुभकामनाएं



**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** गोमियां विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक बबीता देवी ने शनिवार को पेटरवार प्रखंड अंतर्गत जाराडीह गांव पहुंचीं। टुसू पर्व पर आयोजित टुसू मेला में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। उन्होंने उपस्थित महिला पुरुष को मकर संक्रांति और टुसू पर्व की शुभकामनाएं दीं। महिलाओं की टोली के साथ पारंपरिक नृत्य भी किया। पूर्व विधायक ने समाज में उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर कई लोगों को सम्मानित किया। टुसू पालकी लेकर पहुंची बालिकाओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा महतो, प्रकाश महतो, अखिलेश्वर महतो, शिवचरण महतो, कपिल महतो, रमेश महतो, बीरबल महतो, पह्लाद महतो, उमेश महतो, चुमन महतो, दिगंबर महतो, बेनी लाल महतो, मीना देवी, संगीता देवी, जयंती देवी, सुलेखा देवी, पार्वती देवी, सोनमती देवी, प्रमिला देवी, गीता देवी और रीता देवी आदि मौजूद थीं।

## ट्रक के धक्के से किशोर की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नावाडीह/बेरमो।** नावाडीह थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह डूमरी फुसरो मुख्य मार्ग स्थित गोबरगढ़ा में ट्रक की चपेट में आने से 17 वर्षीय एक किशोर की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान आशीष कुमार के रूप में हुई है। वह कक्षा 11वीं का छात्र था। उधर, हादसे के बाद नाराज लोगों ने रोड जाम कर प्रदर्शन किया। वहीं, घटना की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। खबर पाकर सूबे के स्कूली शिक्षा सह साक्षरता मंत्री जगरनाथ महतो, प्रमुख पूनम देवी, बीडीओ संजय सांडिल्य, संघ के अध्यक्ष विश्वनाथ महतो, स्थानीय मुखिया गायत्री देवी, बेरमो इंस्पेक्टर रविंदर कुमार सिंह, नावाडीह थाना प्रभारी महावीर पंडित, पेंक थाना प्रभारी सुमन कुमार, चंद्रपुरा थाना प्रभारी कार्तिक महतो, जयनारायण महतो रणविजय सिंह आदि भी पहुंच गए और परिजनों को समझा बुझा कर जाम हटवाया। बीडीओ संजय सांडिलय ने कहा कि मृतक के परिजन को सरकार के नियमानुशार मिलने वाली मुआवजा राशि दिलवाई जाएगी। जबकि ट्रक मालिक ने फोन कर एक लाख रुपए देने के बात कही है। मृतक आशीष के पिता जागेश्वर कानू ने बताया कि उनका बेटा प्रतिदिन की तरह इस दिन भी मुंह धोने हनुमान मंदिर के पास हैंडपंप जा रहा था। तभी ट्रन के कुचल दिया।



## मकर संक्रांति पर एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित

**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास अकाशकिनारी बस्ती स्थित ग्राउंड में मकर संक्रांति पर शनिवार को प्रकाश क्लब की ओर से एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजान किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि चिकित्सक डॉ उमाशंकर सिंह, बाघमारा विधायक प्रतिनिधि शरद महतो एवं जागो संस्था के प्रमुख चुन्ना यादव मौजूद थे। टूर्नामेंट में इंडियन वाइट टीम ने 14-14 ओवर कि मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 127 रन बनाए। जिसका पीछा करते हुए इंडियन ब्लू टीम ने 6 विकेट शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया।

## टुसुमनी महादेवी पूजन व मिट्टी फेंक कार्यक्रम संपन्न



**राजगंज (आजाद सिपाही)।** बिनोद ग्राम विकास केंद्र राजगंज, राम सहायकचक, बरवाडीह, कारीटांड और लाठाटांड के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को धुंधुटांड में टुसुमनी महादेवी पूजन एवं खेलाई चंडी माय के नाम मिट्टी फेंकने कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें बरवाडीह की शिवानी कुमारी, नेहा कुमारी, पिंकी कुमारी दलदली ग्रुप ने टुसू मणि दलों के साथ टुसू विदाई समारोह में भाग लिया। टुंडी विधायक मथुरा महतो ने कहा कि यहां बिनोद बाबू के जमाने से कार्यक्रम होते आ रहा है। कार्यक्रम को संस्थापक अध्यक्ष शंकर किशोर महतो द्वारा स्थापित कर टुसू महोत्सव का संचालन किया जाता है। वहीं, सांसद प्रतिनिधि गिरिधारी महतो ने प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया। इस दौरान खेलाई चंडी के नाम पर माटी फेकने का कार्यक्रम और टुसू मणि लखिमणि महादेवी का पूजन किया गया। मौके पर नुनाराम महतो, हीरालाल महतो,कैलाश महतो और जानकी महतो आदि मौजूद थे।

### सेल-बीएसएल ने मौसम प्रतिरोधी स्टील-आइएस 11587 के लिए प्राप्त किया लाइसेंस

# चीन पर भारत की निर्भरता होगी खत्म

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** सेल-बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) ने मौसम प्रतिरोधी स्ट्रक्चरल स्टील, मौसम प्रतिरोधी संरचनात्मक स्टील के लिए सामान्य उपयोग), लो फॉस्फोरस माइक्रो-एल्लोएड मौसम प्रतिरोधी संरचनात्मक स्टील और कंटेनर निर्माण के लिए निर्दिष्ट मानकों के अनुसार स्टील को रोल करने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआइएस) से लाइसेंस प्राप्त कर एक अहम उपलब्धि हासिल की है। गौरतलब है कि कोविड-19 महामारी के दौरान वैश्विक स्तर पर शिपिंग ग्रेड कंटेनरों की भारी कमी देखी गई थी। सरकारी प्रतिबंधों और विनियमों के कारण दुनिया भर में कई कंटेनर बंदरगाहों, भंडारण सुविधाओं और जहाजों पर फंसे पड़े थे। बढ़ती मांग, बंदरगाह की भीड़भाड़ और बंद निर्माण कार्यों ने कमी को और भी बदतर बना दिया था । इसके परिणामस्वरूप शिपिंग लाइनों द्वारा लगाए गए दुनिया भर में कंटेनर माल की दरों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई। इससे भारत की निर्यात- आयात आपूर्ति श्रृंखला भी प्रभावित हुई। उल्लेखनीय है कि भारत को हर साल लगभग 3.5 लाख कंटेनरों की आवश्यकता होती है, लेकिन भारत में कोई कंटेनर उत्पादन नहीं होता है और देश को मुख्य रूप से चीन पर निर्भर रहना पड़ता है जो इसका वैश्विक उत्पादक है। भारत में कंटेनर निर्माण को कंटेनर की कमी के समाधान के रूप में देखा गया जो चीन पर भारत की निर्भरता को खत्म कर सकता था। समस्या का अध्ययन करने और भारत में शिपिंग ग्रेड कंटेनरों के निर्माण के लिए क्षमता बनाने की योजना तैयार करने के लिए, जून 2022 में प्रधान मंत्री कार्यालय के निर्देश पर एक अंतर-मंत्रालय पैनल का गठन किया गया था। उद्योग के स्टेक होल्डर्स के साथ बातचीत के दौरान समिति ने पाया कि कंटेनर बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला विशिष्ट स्टील भारतीय मानकों में उपलब्ध नहीं था। यह मामला भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के संज्ञान में लाया गया जिसने अब घरेलू और एक्जिम व्यापार के लिए उपयोग किए जाने वाले घरेलू कंटेनर निमार्ताओं की मांग के अबुरुप अपने भारतीय मानक (आइएस 11587:1986) में संशोधन किया है और नए ग्रेड डब्ल्यूआर-एफई-490एच की शुरूआत की है जो कोर्टेन-स्टील के समतुल्य है। एक अग्रणी इस्पात निमार्ता के रूप में बोकारो स्टील प्लांट ने स्टील के उपरोक्त ग्रेड के लिए बीआईएस से लाइसेंस प्राप्त कर लिया है। बोकारो स्टील प्लांट हॉट एवं कोल्ड रोल्ड कॉइल, प्लेट और शीट के रूप में नियमित रूप से मौसम प्रतिरोधी स्टील सेलकोर का उत्पादन करता है। यह कॉर्टन स्टील के लिए एक स्वदेशी समकक्ष ग्रेड है और इसका उपयोग भारतीय रेलवे द्वारा मौसम प्रतिरोधी संरचनात्मक/वैगन निर्माण के लिए किया जाता है। बोकारो इस्पात संयंत्र में आयात के विकल्प के तौर पर इन ग्रेडों के उत्पादन से आत्म-निर्भर भारत के विजन को मजबूती मिलेगी।




लाइसेंस मिलने के बाद प्रशन्न मुद्रा में पदाधिकारी।

## इएसएल में कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** वेदांता-इएसएल ने शुक्रवार व शनिवार को अपने कर्मचारियों के लिए 'स्टॉप लुक गो एंथुसियास्टिक' पर दो दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया। इसका संचालन सुरेश श्रीनिवासन ने किया, जो एक प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय प्रेरक वक्ता और कॉर्पोरेट ट्रेनर हैं। उन्होंने 200 से अधिक कंपनियों के करीब 70 हजार से ज्यदा कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया है। सुरेश के सत्रों ने जीवन और करियर व्यतीत करने के लिए अपनाए जाने वाले विभिन्न दृष्टिकोणों पर चर्चा की। उन्होंने प्रसन्नता के स्रोत के पीछे की सच्चाई का विश्लेषण किया। उन्होंने उल्लेख किया कि स्वास्थ्य, संपत्ति, मित्र और परिवार, करियर, आध्यात्मिकता आदि हमारी जीवन की गाड़ी के पहिये हैं जिसे संतुलित रखने से हमें जीवन को बेहतर ढंग से जीने में मदद मिलेगी। कार्यशाला में आशीष गुप्ता (सीईओ, ईएसएल), खिरोद कुमार बारिक (सीएचआरओ, ईएसएल), अनरित मुखर्जी (निदेशक, सेंट्रल इंजीनियरिंग) के साथ कंपनी के 400 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। सुरेश श्रीनिवासन ने अपनी अनुभवात्मक सीखाने की तकनीक से कर्मचारियों को उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर अपने करियर में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कॉर्पोरेट में वैश्विक उपस्थिति के साथ एक शक्तिशाली दूरदर्शी के नेतृत्व में कार्यशाला का हिस्सा बनने के लिए कर्मचारियों ने पूर्ण उत्सुकता दिखाई। वेदांता-ईएसएल अक्सर अपने कर्मचारियों को प्रेरित रखने के लिए अनेक प्रयास करता है ताकि वे एवं उनका परिवार उनकी कड़ी मेहनत का लाभ उठा सके।

# सम अस्पताल में नवजात का सफल इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) परिचालित इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड सम हस्पताल के डॉक्टरों ने जन्मजात हृदय की समस्याओं वाले एक नवजात शिशु की सफल बैलून एंजियोप्लास्टी इलाज की। सम अस्पताल में नयी तकनीक से इलाज के जरिए 30 दिन के एक बच्चे को नयी जिंदगी दी गयी है। यह उपचार कार्डियोलॉजिस्ट और नियोनेटोलॉजिस्ट द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। निमापड़ा के तुलसीपुर गांव के रमाकांत भोई और दीप्तीरानी भोई के नवजात बेटे को दो जनवरी को सांस लेने में तकलीफ होने पर सम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। विभिन्न परीक्षणों के बाद, यह पाया गया कि बच्चे के शरीर के पास को अर्कटेसन आफ आउटा व महाधमनी का संकोचन समस्या पता चला।इस रोग में शरीर के निचले आधे हिस्से में रक्त की संचालन बंद हो जाती है। नतीजतन बच्चा कोमा में चला जाता है और उसे तत्काल उपचार की आवश्यकता होती है। सम अस्पताल के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ कुमार गौरव बेहेरा के नेतृत्व में बच्चे की बैलून एंजियोप्लास्टी की गयी। हृदय रोग विशेषज्ञों और नवजात शिशु विशेषज्ञ के साथ तकनीशियनों की 10 सदस्यीय टीम ने इलाज किया।

विशेषज्ञों ने कहा कि हालांकि यह एक दुर्लभ समस्या है, लेकिन लक्षणों का पता चलते ही इलाज जरूरी है। हालांकि अब यह इलाज आईएमएस एंड सम हॉस्पिटल के अनुभवी डॉक्टरों के पास उपलब्ध है। ऐसे में हर बच्चे के माता-पिता को सतर्क और जागरूक रहना जरूरी है। डॉ अनुस्पंदना महापात्र, तकनीशियन तापस, अर्घ, कैथ लैब की नर्सिंग अधिकारी संध्या ने इस उपचार में सहायता की। डॉ रतन दास, डॉ देबासिस नंद, डॉ विजय तेज कोला, डॉ विनीत पाणिग्रही, डॉ पायल प्रधान, डॉ कल्पिता साहू, डॉ शिल्पा, डॉ देवी प्रसाद साहू, नियोनेटल आइसीयू के नियोनेटोलॉजी विभाग के वरिष्ठ विशेषज्ञ शामिल थे। अब बच्ची खतरे से बाहर है। बच्चा अब पूरी तरह से ठीक है और उसके परिवार ने सम अस्पताल के डॉक्टरों का शुक्रिया अदा किया है।

# पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल में संरचनात्मक विकास कार्य जारी

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** भारत सरकार देश में आपूर्ति तंत्र अवसंरचना को बढ़ावा देने के लिए उच्च प्रोत्साहन दे रही है, इसलिए रेलवे महत्वपूर्ण रूप से अपनी भूमिका निभा रहा है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल पुराने पुलों के पुनर्निर्माण, समपार फाटकों को समाप्त करने और रेल और सड़क उपयोगकर्ताओं दोनों की सुरक्षा के लिए उप-मार्ग स्थापित करने जैसे मंडल पर बुनियादी ढांचे के विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इसे देखते हुए, पूर्व तट रेलवे संबलपुर मंडल द्वारा आरसीसी (रिएन्फोर्ड सीमेंट कंक्रीट) बॉक्स ब्रिज के साथ सात पुराने स्टोन स्लैब पुलों का उन्नयन और पुनर्निर्माण किया है।

संबलपुर मंडल के टिटिलागढ़-आरंग महानदी खंड में महासमुंद और अरंड स्टेशनों के बीच पुल संख्या 88, 91 और 92 तथा अरंड और भीमखोज स्टेशनों के बीच पुल संख्या 103, 108, 106 और 110 का पुनर्निर्माण किया गया है। यह ट्रैक की अधिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ 25 टी एक्सल लोड ट्रेनों को चलाने की गुंजाइश प्रदान करेगा।

संबलपुर मंडल यात्रियों के साथ-साथ सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए सभी समपारों को खत्म करने और चरणबद्ध तरीके से सीमित ऊंचाई वाले सबवे प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इसी प्रकार मंडल ने संबलपुर-केरेजंग खंड में हातीबारी - जुजु मोरा स्टेशनों के बीच और संबलपुर-झारसुगुडा रोड खंड में लपंगा-बृंदामल स्टेशनों के बीच मानवयुक्त समपार को बदलकर 02 लिमिटेड हाइट सबवे (एलएचएस) सफलतापूर्वक शुरू किया है। यात्रियों और सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए, टिटिलागढ़- आरंग महानदी खंड में हरिशंकर रोड-लखना स्टेशनों के बीच मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग आरवी -94 को सीमित ऊंचाई सब-वे प्रदान करके बंद कर दिया गया है।

# मनीष सिसोदिया के घर सीबीआइ ने मारा छापा

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को ट्वीट कर दावा किया कि सीबीआइ ने उसके दफ्तर पर छापा मारा है। उन्होंने टीम का स्वागत किया। इधर, जांच एजेंसी ने छापे की बात से इनकार करते हुए कहा- हमारे अफसर उनके दफ्तर से कुछ कागज लेने गये थे।

सिसोदिया ने अपने ट्वीट में लिखा- सीबीआइ उनके घर पर पहले भी छापा मार चुकी है। उनके गांव भी पहुंच चुकी है। सीबीआइ को उनके खिलाफ ना कुछ मिला है, ना कुछ मिलेगा। मनीष सिसोदिया ने कहा कि उन्होंने कुछ गलत नहीं किया है। उन्होंने ईमानदारी से बच्चों की शिक्षा के लिए काम किया है।

बता दें कि दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कथित आबकारी घोटाले की सीबीआइ जांच की सिफारिश की थी। एजेंसी ने सिसोदिया समेत कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। नने इस केस में सिसोदिया से कई घंटे पूछताछ की थी और उनके आधिकारिक आवास पर छापे मारे थे।

# क्रिप्टो को बैन कर देना चाहिए : आरबीआइ गवर्नर

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआइ) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को क्रिप्टोकरेंसी को छलावा बताया है। शक्तिकांत दास ने कहा कि क्रिप्टो जुआ के अलावा कुछ नहीं है और उनकी वैल्यू सिर्फ एक छलावा है। शक्तिकांत दास ने एक मीडिया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्रिप्टो पर बैन लगाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि इसका सपोर्ट करने वाले इसे एसेट और फाइनेंशियल प्रोडक्ट कहते हैं, लेकिन इसमें कोई अंडरलाइंग वैल्यू नहीं है। क्रिप्टोकरेंसी के विकास का मुकाबला करने के लिए, केंद्रीय बैंक ने हाल ही में पायलट मोड में अपना ई-रुपया या केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा लॉन्च किया है।

**क्रिप्टोकरेंसी जुआ है :** शक्तिकांत दास ने कहा कि हर एसेट और फाइनेंशियल प्रोडक्ट में कुछ अंडरलाइंग वैल्यू होना चाहिए, लेकिन क्रिप्टो के मामले में कोई अंडरलाइंग वैल्यू नहीं है। तो बिना किसी अंडरलाइंग वैल्यू के कुछ भी चीज, जिसका मूल्य पूरी तरह से विश्वास पर निर्भर है, 100% अटकलों के अलावा और कुछ नहीं है। या इसे बहुत स्पष्ट रूप से कहें तो यह जुआ है।

**हम जुआ की अनुमति नहीं देते :** आरबीआइ गवर्नर ने कहा कि हम अपने देश में जुआ की अनुमति नहीं देते हैं। यदि आप जुआ की अनुमति देना चाहते हैं, तो इसे जुआ के रूप में मानें और जुए के लिए नियम निर्धारित करें, लेकिन क्रिप्टो एक फाइनेंशियल प्रोडक्ट नहीं है।

# गंगासागर में लाखों लोगों ने लगायी आस्था की डुबकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** मकर संक्रांति पर शनिवार को गंगासागर में देश-दुनिया से आए लाखों तीर्थयात्रियों ने पुण्य स्नान किया। पुण्य काल शनिवार शाम 6.53 बजे से था लेकिन प्रातः काल से ही पुण्य स्नान का सिलसिला शुरू हो गया, जो पूरे दिन जारी रहा। चूंकि पुण्य काल 24 घंटे का है इसलिए रविवार को भी बड़ी संख्या में तीर्थयात्री पुण्य स्नान करेंगे। गंगासागर मेले का दायित्व प्राप्त राज्य के खेल मंत्री अरूप बिश्वास ने बताया कि ताजा आंकड़ों के मुताबिक पांच जनवरी से अब तक 39 लाख तीर्थयात्री गंगासागर में पुण्य स्नान कर चुके हैं। तीर्थयात्रियों का आना अभी भी जारी है इसलिए रविवार को भी सागर तट पर भारी भीड़ उमड़ेगी। मंत्री अरूप बिश्वास ने कहा कि गंगासागर जैसा मेला देश में और कहीं नहीं लगता। इसलिए इसे अविलंब राष्ट्रीय मेला घोषित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बार गंगासागर मेले का अनुमानित बजट 150 करोड़ रुपये है। उधर गंगासागर में बीमार पड़ने से अब तक तीन तीर्थयात्रियों की मौत हो चुकी है। गंभीर रूप से बीमार 12 तीर्थयात्रियों को एयरलिफ्ट करके कोलकाता के अस्पतालों में भेजा गया है।

# 500 विद्यार्थियों को शिक्षा मंत्री ने टिकट प्रदान किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राज्य के शिक्षा मंत्री श्री समीर रंजन दाश ने शनिवार को सुंदरगड जिला का दौरा किया। इस दौरे के मौके पर मंत्री श्री दाश ने राउरकेला के उदितनगर हाई स्कूल का दौरा किया। उन्होंने छात्रों को राउरकेला बिरसा मुंडा स्टेडियम में हो रहे 2023 पुरुष हॉकी विश्व कप मैच देखने के लिए प्रोत्साहित किया और बच्चों को 500 विश्व कप हॉकी मैच के टिकट वितरित किये। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी व प्रखंड शिक्षा अधिकारी प्रमुख इस अवसर पर मौजूद थे। छात्रों ने विश्व कप हॉकी खेल का भरपूर आनंद लिया।

**हॉकी वर्ल्ड कप: न्यूजीलैंड ने चिली को 3-1 से हराया :** सुंदरगड पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के पांचवें मुकाबले में न्यूजीलैंड ने आसानी से जीत हासिल कर ली। पहली बार विश्व कप खेल रही चिली अनुभवी न्यूजीलैंड से हार गई। न्यूजीलैंड ने पहले क्वार्टर में दो गोल स्कोर कर-के आगे रहा। जो फील्ड गोल के तौर पर आया। ये दो गोल सैम लीना और सैम हिहा ने किए। हालांकि, पहले क्वार्टर में चिली को पेनल्टी कार्नर मिला, लेकिन चिली ने यह मौका गंवा दिया। बाद में न्यूजीलैंड को पेनल्टी कार्नर भी मिला, लेकिन चिली इसे बचाने में सफल रहा।

# एस्सोटेक हिल्स रांची में बुकिंग जोरों पर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** घर और खुशियां के सिद्धांत पर 36 वर्षों से छह राज्यों में एस्सोटेक सन ग्रोथ ने अभी तक 45 से ज्यादा प्रोजेक्ट्स के माध्यम 40,000 यूनिट्स की डिलीवरी सफलता पूर्वक कर दिया है। एस्सोटेक हिल्स रांची का बहुप्रतिष्ठित टाउनशिप है, जहां मेट्रो सिरीज की सारी सुविधाओं के साथ अत्याधुनिक जीवन शैली मुहैया करायी जायेगी।

एस्सोटेक हिल्स रांची में टैगोर हिल रोड में बोड़ेया में स्थित है और अभी उसके दो सेक्टर (I और II) पर दिन-रात जोर-शोर से निर्माण कार्य चल रहा है।

एस्सोटेक प्रबंधन का कहना है कि हम अपने प्रतिष्ठित ग्राहकों को सर्वोच क्वालिटी के बिल्डिंग मैटेरियल्स से निर्मित सेक्टर-I को 2023 के दिसंबर से और सेक्टर-II को 2025 के जून से डिलीवर करना शुरू कर देंगे।

ज्ञातव्य है कि एस्सोटेक हिल्स रांची एनजीटी से क्लियरेंस प्राप्त है और रेरा/ जरेरा में निबंधित है। एस्सोटेक हिल्स के प्रबंधकों का कहना है कि इस सोसाइटी में आधुनिक जीवन शैली की सारी सुविधाएं जैसे- मॉडर्न क्लब हाउस, सेंट्रल ग्रीन पार्क, स्विमिंग पूल, शॉपिंग आर्केड, योगा एंड मेडिटेशन सेंटर, जॉगिंग ट्रैक, आउटडोर जिम, खेल सुविधा, किड्स प्ले, जोन एरिया और मंदिर इत्यादि मौजूद रहेंगी। साथ ही साथ इसका लोकेनशन भी आधुनिक जीवन शैली को शुकून देने वाला है, जहां से स्कूल, हॉस्पिटल, स्टेशन, हवाईअड्डा, फिरायालाल चौक एक से सात किलोमीटर की दूरी पर उपलब्ध है।

इन सभी आकर्षक सुविधाओं को देखते हुए झारखंड के ग्राहकों के बीच उत्साह का माहौल है और बुकिंग जोरों पर है। प्रबंधन ने ग्राहकों की सुविधा के लिए प्रतिष्ठित बैंको जैसे एसबीआइ, पीएनबी, एलआइसीएचएफएल, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, आइडीबीआइ, झारखंड ग्रामीण बैंक आदि विभिन्न वित्तीय संस्थान से टाइअप भी किया हुआ है, जो जरूरतमंद ग्राहकों को आवास उपलब्ध करायेंगे।

इच्छुक लोग विस्तृत जानकारी एस्सोटेक हिल्स रांची की आधिकारिक वेबसाइट www.assotechhills.in या 7045022220 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। एस्सोटेक हिल्स रांची ने मार्केटिंग कंपनी कैपडील के साथ एक्सक्लुसिव सेल्स/ मार्केटिंग टाइअप भी किया है।

# टाटा स्टील फाउंडेशन मेरामंडली राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** ढेंकानाल टाटा स्टील मेरमंडली फाउंडेशन ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस और स्वामी विवेकानंद की 160वीं जयंती के साथ मनाया। 12 जनवरी 2023 को सरपा-रघुनाथपुर में विशेष कार्यक्रम आयोजन किया गया था। अभिषेक शर्मा मुख्य सुरक्षा टाटा स्टील मेरामंडली (टीएसएम) मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। दिब्याहास राय मुख्य सीएसआर टीएसएफ मेरामंडली और इस अवसर पर युवाओं को प्रेरित किया। दो प्रसिद्ध संसाधन व्यक्ति मधुसूदन दास राष्ट्रीय युवा समन्वयक प्रोजेक्ट और निरोद बरन खुंटिया मास्टर ट्रेनर भारत की राष्ट्रीय सेवा योजना के रिसोर्स पर्सन इस अवसर उपस्थित थे। राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2023 की थीम विकासशील युवा, विकसित भारत का उल्लेख करते हुए दोनों वक्ताओं ने युवाओं में आशा और सकारात्मक शक्ति को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया।


study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
Call Now !
UNIVERSITY FLY
+91-7903149721
www.universityfly.com

Rinfeu
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS ZOOM PAiSTe TAMA Studiomaster DigiTech KORG Zildjian Roland Cort Epiphone MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जलते नामों से सावधान

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रांची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Please Join Us to Celebrate the opening Ceremony of our New Restaurant
Venue : Sector-9 Near Hatia More Bokaro Steel City (Jharkhand)
With Best Compliments From :
BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Mob. : 65423 66205, 76338 16941



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**